दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶ 3 राजधानी — किसान हमारी प्राथमिकता में .... | 4 अभिव्यक्ति — आखिरकार निर्भया को कब... | 9 मनोरंजन/खेल — पवन कल्याण के साथ काम करेंगी... | 11 व्यापार — राज्य में भी जल्द महंगी होगी...

www.navpradesh.com रायपुर, गुरूवार 20 फरवरी, 2020, फाल्गुन कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-14 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

शाहीन बाग प्रदर्शन को लेकर भी आखिरकार सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए वार्ताकारों की नियुक्ति करनी पड़ी। लगता है कि लोकतंत्र को बचाए रखने की पूरी जिम्मेदारी न्याय पालिका पर ही है। ऐसे में व्यवस्थापिका और कार्यपालिका की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है। शाहीन बाग पर नई दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार के धुलमुल रवैये का ही यह दुष्परिणाम है कि देश के अन्य हिस्सों में भी शाहीन बाग की शाखाएं खोलने की कोशिश की जा रही है। यदि सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही तो घांव को नासूर बनते देर नहीं लगेगी।

कोरोना: छत्तीसगढ़ से भी चीन के लिए खरीदे जा रहे मास्क!

जिनके पास स्टाक उन व्यापारियों की बल्ले-बल्ले

■ 2-3 रुपए में बिकने वाला मास्क अब बिक रहा 10-12 रुपए में

■ अच्छे दर्ज का एन 95 मास्क बेचा जा रहा 200-250 रुपए में

नव प्रदेश एक्सक्लूसिव

अश्विन अगाड़े

रायपुर/नव प्रदेश। कोरोना वायरस के 'असर' से छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं रहा। यहां कोरोना के मरीज तो नहीं है लेकिन कोरोना का असर दवा व सर्जिकल की दुकानों पर दिखने लगा है। यहां अभी दवाओं के दाम तो नहीं बढ़े हैं, लेकिन मास्क के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिससे रायपुर में सर्जिकल इक्विपमेंट बेचने वाले कुछ व्यापारियों को वारे-न्यारे हो रहे हैं। राजधानी में नव प्रदेश की पड़ताल में सामने आया कि देश के विभिन्न शहरों के बड़े व्यापारियों द्वारा राजधानी के सर्जिकल शॉप से मास्क की पूछ परख बढ़ गई है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी चैनल के जरिए रायपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों से भी चीन को सप्लाई के लिए मॉस्क खरीदा जा रहा है। दो-तीन रुपए का मॉस्क 10-12 रुपए में बिक रहा है। वहीं अच्छी कंपनी का एन 95 मास्क प्रति नग 250 रुपए तक बिक रहा है। रायपुर में सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट का बिजनेस करने वाले व्यापारियों के मुताबिक दिल्ली-मुंबई-कलकत्ता जैसे जिन बड़े शहरों में मास्क बनते हैं वहां से देश के अन्य शहरों में मास्क की स्पलाई नहीं हो रही है। इन शहरों से मास्क का सीधे चीन को एक्सपोर्ट हो रहा है। अब आलम ये है कि दवा दुकान व सर्जिकल के व्यापारी ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

आंकड़ों में बढ़े दामों का गणित

क्वालिटी	पहले	अब
साधारण सिंगल लेयर मास्क	- 2-3 रुपए	8-10 रु.
साधारण डबल लेयर मास्क	-5-6 रुपए	18-20 रु.
साधारण ट्रिपल लेयर मास्क	-8-10 रुपए	28-30 रु.

अच्छे दर्जे का एन 95 मास्क -50 रुपए-150-250 रुपए

(रायपुर के विभिन्न सर्जिकल शॉप पर बताई गई कीमत के मुताबिक)

रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

मास्क की बढ़ती कीमतों को लेकर जानकारी प्राप्त हुई है। ड्रग इंस्पेक्टर्स को मेडिकल कॉम्प्लेक्स भेजा जा रहा है। देखना होगा कि बेचे जा रहे मास्क मेडिकेटेड व ड्रग के अंतर्गत आते हैं या नहीं। ड्रग इंस्पेक्टर को इस संबंध की रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। यह रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजेश छत्री, अस्टिंट ड्रग कंट्रोलर, रायपुर

इसलिए रायपुर में बढ़ी पूछ परख

श्री सर्जिकल के मनीष आहूजा ने बताया कि दूसरे शहरों के बड़े व्यापारियों द्वारा रायपुर व अन्य छोटे शहरों में मास्क की पूछ परख इसलिए बढ़ गई है क्योंकि ऐसे शहरों में मास्क की डिमांड कम होती है। लिहाजा कंपनियों से सप्लाई न होने के कारण जरूरतमंद व्यापारी रायपुर के व्यापारियों से संपर्क साध रहे हैं। वहीं लक्ष्मी फार्मेसी के सुरेश बाघ ने बताया कि उनके पास एक व्यापारी ने सात लाख मास्क की डिमांड की।

नव प्रदेश की पड़ताल में ऐसे सामने आई हकीकत

नव प्रदेश संवाददाता द्वारा इस मामले की गहराई से पड़ताल करने पर पता चला कि सर्जिकल इंस्ट्रमेंट की शॉप पर ज्यादा पूछ परख मास्क की ही है। संवाददाता द्वारा सर्जिकल की दो-तीन दुकानों पर मास्क का ग्राहक बनकर पहुंचने पर पता चला कि पहले 50 रुपए तक में बिकने वाला मास्क अब 250 रुपए तक में बिक रहा है। एक दुकान पर इसकी कीमत 150 रुपए तो दूसरे दुकान पर 250 रुपए बताई गई। यहीं नहीं सर्जिकल के कुछ शॉप में इस क्षेत्र के ऐसे भी एजेंट देखने को मिले जो मास्क के लाखों नग के बारे में पूछ रहे थे। संवाददाता को ग्राहक समझ एक शॉप वाले ने बताया कि चीन में फैले कोरोना वायरस के चलते मास्क की काफी डिमांड बढ़ गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या रायपुर से भी मास्क चीन जा रहे होंगे? उसने जवाब दिया कि जो व्यापारी लाखों में मास्क की डिमांड कर रहे हैं हो सकता है कि वे किसी चैनल के माध्यम से मास्क चीन भेज रहे हो या उनके पास से विदेशों में एक्सपोर्ट करने वालों द्वारा मास्क खरीदा जा रहा हो। इस शॉप वाले ने यह भी बताया कि चीन से मास्क के साथ ही कैप व थर्मामीटर की डिमांड भी बढ़ रही है।

खास खबर

जनगणना करने पहुंची टीम को एनआरसी समझ बनाया बंधक

ग्रेटर नोएडा (ए.)। ग्रेटर नोएडा के एक गांव में आर्थिक जनगणना करने वाली टीम को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के छौलस गांव में मंगलवार को आर्थिक जनगणना करने के लिए गांव में पहुंची टीम को एनआरसी का सर्वे करने वाले समझकर ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। हालांकि, इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कुछ देर बाद ही सभी को छोड़ दिया गया था।

तकनीकी समूह के गठन को सरकार की मंजूरी

नई दिल्ली, (वार्ता)। सरकार ने नयी तकनीकी के बारे में जानकारी देने के लिए तकनीकी समूह गठित करने का फैसला लिया है जिसमें तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्री जावड़ेकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्णय है और सरकार ने यह फैसला विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को तकनीकी जानकारी देने के मकसद से लिया है।

स्वाति मालिवाल का हुआ तलाक

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल का तलाक हो गया है और उन्होंने इसे बहुत पीड़ादायक बताया है। सुश्री मालिवाल के पति नवीन जयहिंद आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता हैं और वह मुख्यमंत्री एवं आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल के भी काफी करीबी नेता हैं।

विदेशी निवेशकों को सीएम भूपेश ने समझाया छग में बिजनेस स्कोप

आयुर्वेद, सर्विस इंडस्ट्री, बायोफ्यूल और आईटी सेक्टर में बड़ी संभावना

■ न्यूयार्क में यूएस इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ बिजनेस मीटिंग

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयॉर्क में कांसुलेट जनरल ऑफ इंडिया में यूएस इण्डिया स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ एक बिजनेस मीटिंग में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में आईटी, इलेक्ट्रानिक्स, बायो फ्यूल, टेक्सटाईल, फर्मा, आयुर्वेद और सर्विस इंडस्ट्री में निवेश की बेहतर संभावनाएं मौजूद है। उन्होंने राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कांसुलेट जनरल संदीप चक्रबर्ती ने मीटिंग की औपचारिक शुरूआत की। बघेल ने कहा कि ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

छत्तीसगढ़ में हीरा भी है लेकिन खुदाई अभी शुरू नहीं हुई

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ और राज्य सरकार के नवाचारों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए इन सेक्टरों में निवेश हेतु उपस्थित निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड तीन ऐसे राज्य हैं जहां लोहा, कोयला और बाक्साइट है। हमारे छत्तीसगढ़ में हीरा भी है लेकिन उसकी खुदाई अभी शुरू नहीं हुई है।

हुनर हाट देखने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, कुल्हड़ वाली चाय भी पी

इस दौरान वह अलग-अलग स्टॉल पर गए और कारीगारों व आम लोगों से बातें भी कीं

नई दिल्ली (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को इंडिया गेट लॉन में आयोजित हुनर हाट देखने पहुंचे। पीएम मोदी को अपने साथ पाकर वहां मौजूद कारीगर और आम लोगों का चेहरा खिल उठा। हाट का उद्घाटन 14 फरवरी को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मुख्तार अब्बास नकवी और हरदीप पुरी ने किया था।

पीएम मोदी ने एक-एक कर कुछ स्टॉल पर पहुंचे और वहां मौजूद कारीगरों व आम लोगों से बातें कीं। इस दौरान उन्होंने कुल्हड़ की चाय पी और बिहार के स्पेशल लिट्टी-चोखा का आनंद लिया। पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। हालांकि, आम लोगों को उनसे बात करने से नहीं रोका गया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री नकवी भी मौजूद थे। पीएम ने दुकानदारों और कलाकारों ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

स्पेशल लिट्टी-चोखा का आनंद लेते मोदी

'कौशल को काम' थीम पर आधारित इस हाट में देश भर से दस्तकार, शिल्पकार और खानसामे हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 50 प्रतिशत से अधिक महिला दस्तकार शामिल हैं।

कुल्हड़ में चाय पीते दिखे पीएम मोदी

पिछले तीन सालों में हुनर हाट के माध्यम से लगभग 3 लाख दस्तकारों, शिल्पकारों व खानसामों को रोजगार उपलब्ध करवाए गए हैं। यहां 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट की पहली बैठक में कई अहम फैसले

महंत नृत्य गोपाल बने अध्यक्ष, राय महासचिव

■ ट्रस्ट की अगली बैठक अयोध्या में होगी जिसमें मंदिर निर्माण की तिथि और मुहूर्त चुने जाने पर होगा विचार

नई दिल्ली (ए.)। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को दिल्ली में पहली बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले हुए। बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद के चंपत राय को महासचिव चुना गया। मंदिर निर्माण कब से शुरू होगा इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। अब अगली बैठक अयोध्या में होगी जिसमें मंदिर निर्माण की तारीख को तय किया जा सकता है।

हिंदुस्तान का यहां इतिहास लिखा गया: चंपत राय

बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव नियुक्त हुए विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय भावुक नजर आए। उन्होंने ट्रस्ट की पहली बैठक को सैकड़ों वर्षों के ऐतिहासिक भूल का सुधार करार दिया। राय ने बताया, '14 ट्रस्टी आज यहां उपस्थित थे। हिंदुस्तान का आज यहां इतिहास लिखा गया। 490 साल के ऐतिहासिक भूल का आज परिमार्जन हुआ।'

नृपेंद्र मिश्र को भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष चुना गया

पहली बैठक में महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट का अध्यक्ष, चंपत राय को महासचिव और ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

भारत के साथ अभी अमेरिका नहीं करेगा ट्रेड डील

ट्रंप बोले- मोदी पसंद, मगर समझौता बाद में

वाशिंगटन (वार्ता)। भारत दौरे पर आने से ठीक पहले व्यापार समझौतों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। भारत के साथ व्यापार समझौतों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है भारत के साथ यह डील वे बाद के लिए बचा कर रख रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि अभी यह तय नहीं है कि ये बड़ा समझौता अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले हो पाएगा या नहीं। ट्रंप का यह बयान इस ओर स्पष्ट इशारा कर रहा है कि उनके अगले हफ्ते होने वाले भारत दौरे पर दोनों देशों के बीच व्यापार से जुड़ा कोई द्विपक्षीय समझौता न हो। ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

ट्रेड डील की संभावनाएं पूरी तरह से खत्म नहीं

बताया जा रहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता तय करने में अहम भूमिका निभा रहे अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव रॉबर्ट लाइटहाइजर ट्रंप के भारत दौरे पर उनके साथ रहेंगे। हालांकि, अधिकारियों की मानें तो ट्रंप के दौरे पर ट्रेड डील की संभावनाएं पूरी तरह से खत्म नहीं हुई हैं।

गरमा-गरम

सुप्रीम इन्विटेशन — प्रदूषण की रोकथाम के नए तरीके सुझाने आएं, लागू करें उपाए

सुप्रीम कोर्ट ने गडकरी से कोर्ट आने का किया अनुरोध

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पटाखे और पराली जलाने से कुछ दिन प्रदूषण फैलते हैं, लेकिन आवोहवा खराब करने में गाड़ियों का सबसे ज्यादा योगदान है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए देश की सबसे बड़ी अदालत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से सलाह मांगी है।

चीफ जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने कहा, 'मंत्री गडकरी के पास कई नए आइडिया हैं। हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वे कोर्ट आएं और हमें प्रदूषण को रोकने के उपाय सुझाएं। वे इन सुझावों को लागू करवाने की भी स्थिति में हैं।' चीफ जस्टिस बोबडे ने कहा कि हम केंद्रीय मंत्री को यहां आने के लिए कोई आदेश नहीं दे रहे हैं, हमारा उनसे अनुरोध है कि वे यहां आएं और नए आइडिया शेयर करें।

कोर्ट में आकर बात करें केंद्रीय मंत्री

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से, सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों और सरकारी वाहनों की जगह क्रमिक रूप से विद्युत चालित वाहन (ईवी) लाने के मुद्दे पर बुधवार को इच्छा जताई कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री इस विषय पर न्यायालय में आकर बातचीत करें। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिरिक्त सालीसिटर जनरल ए एन एस नादकर्णी से पूछा कि क्या मंत्री अदालत की सहायता के लिए बातचीत करने आ सकते हैं।

पीठ ने चार सप्ताह के लिए सुनवाई स्थगित की

इससे पहले सुनवाई के दौरान एनजीओ ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

मंत्री के कोर्ट में आना कोई गलत बात नहीं

पीठ ने नादकर्णी से कहा, 'क्या पर्यावरण मंत्री सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं और बिजली अथवा हाइड्रोजन से चलने वाले गैर-प्रदूषणकारी वाहन लाने के प्रस्ताव पर जानकारी दे सकते हैं?' नादकर्णी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मंत्री के आने का राजनीतिक कारणों से दुरुपयोग किया जा सकता है। कहा कि नेताओं के अदालत में उपस्थित होने में कुछ गलत नहीं है। पीठ ने कहा, 'हम समझते हैं कि प्रशांत भूषण जी राजनीतिक शख्सियत हैं, लेकिन वह मंत्री से जिरह करने नहीं जा रहे हैं।'

संस्कृति विभाग तैयार करेगा राजकीय गमछा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राजकीय गीत के बाद अब राजकीय गमछा बनाया जाएगा। गमछा असम, ओडिशा समेत अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ा होगा. गमछा में अंकित करने प्रदेशभर से डिज़ाइन मंगाए जाएंगे। डिजाइन तय करने प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सलेक्टेड डिजाइन को राजकीय गमछे में स्थान मिलेगा. ये गमछा सभी शासकीय आयोजनों में अतिथियों को पहनाया जाएगा। राजकीय गमछा संस्कृति विभाग तैयार करेगा। बता दें कि असम, ओडिशा व आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में राजकीय गमछा बनाया गया है। गमछे का सरकारी आयोजनों में प्रयोग होता है। इसी की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी राजकीय गमछा का प्रयोग होगा।

प्रदेश भर से डिजाइन मंगाने की तैयारी

बनेगी प्रदेश की पहचान

आमतौर पर राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच गमछा अब एक फैशन ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

एनआईए को एल्गार परिषद की जांच

ठाकरे का शरद पवार को साफ संदेश- देशद्रोह पर नहीं झुकेंगे

- भीमा कोरेगांव की जांच राज्य सरकार के पास, एल्गार परिषद की जांच NIA को
- उद्धव का साफ संदेश, भीमा-कोरेगांव और एल्गार परिषद मामलों में है अंतर

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी सरकार के दो बड़े घटक दल शिवसेना-एनसीपी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। यह तकरार एल्गार परिषद और भीमा-कोरेगांव की हिंसा की जांच को लेकर है। एक ओर शिवसेना प्रमुख और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एल्गार परिषद की जांच एनआईए को सौंपने की मंजूरी देकर देशद्रोह और सामान्य हिंसा के मामले के बीच एक लकीर खींची है, तो वहीं दूसरी तरफ शरद पवार इस बात पर अडिग हैं कि इसकी जांच एसआईटी से भी समानांतर रूप से करवाई जाए।

एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने एल्गार परिषद की जांच एनआईए से करवाने के उद्धव के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। एनसीपी के ज्यादातर नेता पार्टी प्रमुख शरद पवार द्वारा की जा रही एसआईटी जांच की मांग से सहमत हैं और इस बात पर नाराज हैं कि मुख्यमंत्री ने एनआईए जांच को मंजूरी क्यों दी। हालांकि शरद पवार ने एनआईए ऐक्ट की धारा 10 का हवाला देते हुए यह मांग की है कि एनआईए जांच के अलावा राज्य सरकार एल्गार परिषद केस की समानांतर जांच कराए।

समानांतर एसआईटी जांच पर क्यों जोर दे रहे पवार?

उद्धव ठाकरे के एनआईए जांच के फैसले के बावजूद एनसीपी चीफ शरद पवार ने एसआईटी गठन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से समन्वय की जिम्मेदारी अपने नेता गृह मंत्री अनिल देशमुख को सौंपी है। देशमुख का काम इस बारे में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से सलाह-मशविरा कर जल्द ही एसआईटी गठन की घोषणा करना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार के विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने के पीछे शरद पवार की मांग का एक आधार यह भी है कि पवार चाहते हैं कि जब राज्य सरकार की एसआईटी समानांतर जांच करेगी, तो केंद्र सरकार की एजेंसी एनआईए पर निष्पक्ष जांच का दबाव रहेगा।

बता दें कि पिछले हफ्ते उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने एल्गार परिषद मामले की जांच एनआईए को सौंपने को अपनी मंजूरी दे दी थी। एनसीपी ने इस कदम की आलोचना की थी। पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने मामले की जांच केन्द्रीय एजेंसी को दिए जाने के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के फैसले को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

क्या है एल्गार परिषद मामला?

31 दिसंबर, 2017 को एल्गार परिषद का आयोजन किया गया था। पुणे पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद खुलासा किया था कि इस बैठक का आयोजन सीपीआई (माओवादी) के फंड से किया गया, जो सरकार को हटाने की साजिश का एक हिस्सा था। पुलिस ने दावा किया कि यहां दिए गए भड़काऊ बयानों ने 1 जनवरी, 2018 को भीमा-कोरेगांव की जातिवादी हिंसा में भूमिका निभाई। 6 जून, 2018 के बाद से पुलिस ने 9 ऐक्टिविस्ट्स- सुधीर धावले, रोना विल्सन, सुरेंद्र गाडलिंग, शोमा सेन, महेश राउत, पी वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, अरुण फरेरा और वर्नन गोन्साल्वेज को सीपीआई (माओवादी) से कथित संबंधों के लिए गिरफ्तार किया था।

उद्धव ने खींची लकीर, देशद्रोह पर दिखाएंगे सख्ती

दरअसल एल्गार परिषद की जांच एनआईए को सौंपने और भीमा-कोरेगांव हिंसा की जांच एसआईटी से कराने के उद्धव के फैसले के पीछे एक गहरी रणनीति साफ तौर पर दिखाई देती है। उद्धव देशद्रोह और सामान्य हिंसा के बीच एक लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं और यह संदेश देना चाहते हैं कि उनकी पार्टी देशद्रोह के मुद्दे पर नहीं झुकेगी। उद्धव ने एल्गार परिषद और भीमा-कोरेगांव को अलग-अलग मामला बताते हुए साफ किया है कि एल्गार परिषद का केस देशद्रोह की साजिशों से संबंधित है इसलिए सरकार को इसे एनआईए को सौंपने में कोई ऐतराज नहीं है।

भगवान राम नहीं हैं डॉनल्ड ट्रंप जो स्वागत में 70 लाख लोग खड़े रहेंगे: अधीर चौधरी

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारत दौरे से पहले सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने डॉनल्ड ट्रंप के स्वागत में 70 लाख भारतीयों के जुटने के दावे को लेकर सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ट्रंप भगवान राम हैं जो उनके स्वागत में 70 लाख लोग जुटेंगे?गौरतलब है कि ट्रंप ने अपने भारत दौरे का जिक्र करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट से लेकर मोटेरा स्टेडियम तक 70 लाख लोग उनका स्वागत करेंगे।

ट्रंप क्या भगवान राम हैं: अधीर- लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर ने पूछा कि ट्रंप के स्वागत में इतने सारे भारतीयों को क्यों जुटना चाहिए? उन्होंने कहा, 'ट्रंप क्या भगवान राम हैं? वह बस अमेरिका के राष्ट्रपति हैं। फिर उनके लिए 70 लाख लोगों को खड़ा करने की क्या जरूरत है? हम हिंदुस्तान के लोग उनकी पूजा करने के लिए खड़े नहीं होंगे।'

24-25 को भारत में रहेंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति 24 और 25 फरवरी को भारत में रहेंगे। ट्रंप ने इसकी जानकारी देते हुए कहा था पीएम मोदी को बहुत अच्छा इंसान बताया था। अपनी भारत यात्रा की पहली बार जानकारी देते हुए ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर हुई बातचीत के बारे में भी बताया था। उन्होंने कहा, 'अभी प्रधानमंत्री मोदी से बात की। उन्होंने बताया है कि अहमदाबाद में स्वागत के लिए लाखों लोग मौजूद होंगे।'

'अपने फायदे के लिए भारत आ रहे हैं ट्रंप'

अधीर रंजन ने कहा कि ट्रंप अपने फायदे के लिए भारत आर रहे हैं। भारत दौरे के दौरान ट्रेड डील न करने वाले बयान को लेकर भी उन्होंने अमेरिका पर हमला बोला। अधीर ने कहा, 'ट्रंप आ रहे हैं लेकिन वह ट्रेड डील नहीं करना चाहते हैं। वह अमेरिकी उद्योगों के लिए संरक्षण बरकरार रखना चाहते हैं। मतलब वह अमेरिका के बाजार में हमें जाने नहीं देना चाहते हैं। वह ऐलान कर रहे हैं कि भारत विकसित हो गया है।'

2 महीने पहले उसे दफनाया अब वो सपनों में डरा रहे

- मध्य प्रदेश के सीधी जिले में प्रेमिका ने की प्रेमी युवक की हत्या

सीधी/भोपाल(ए.)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक युवती द्वारा अपने प्रेमी की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवती ने 7 दिसंबर को अपने प्रेमी की हत्या के बाद उसका शव अपने कमरे में दफना दिया था। युवती दो महीने तक प्रेमी की कब्र वाले कमरे में ही रहती रही और फिर बीते सोमवार उसके घरवालों को इस वारदात के बारे में बताया। युवती ने प्रेमी के घर वालों से कहा कि वह उसकी लाश को कब्र से बाहर निकाल लें। प्रेमिका ने कहा कि उसका मृत प्रेमी उसके सपने में आकर उसे परेशान कर रहा है।

इस मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी युवती के कमरे की खुदाई कराकर इंसात मोहम्मद नाम के युवक का शव बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव का पता बताने वाली युवती लगातार अपने बयान बदल रही है। ऐसे में पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराकर यह पता लगाना चाहती है कि यह हत्या का केस है या युवक की मौत खुदकुशी के बाद हुई है।

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में इंसात की प्रेमिका जानू और उसकी मां को हिरासत में लिया गया है।

भारत में है बिना नाम वाला इकलौता रेलवे स्टेशन

उत्तर प्रदेश(ए.)। उत्तर प्रदेश के मुगलसराय रेलवे स्टेशन का नाम बदलने को लेकर पिछले दिनों काफी विवाद हुआ था। हालांकि केंद्र सरकार ने इस स्टेशन का नाम मुगलसराय से बदल कर पंडित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन कर दिया। भारत में सात हजार से ज्यादा रेलवे स्टेशन्स है। लगभग सभी स्टेशनों के नाम और कोड हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि एक ऐसा रेलवे स्टेशन भी है जिसका कोई नाम ही नहीं है। आपको लग रहा होगा कि हम मजाक कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक ऐसा रेलवे स्टेशन है, जिसका कोई नाम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम टोनी एबॉट बोले

मलेशिया के MH370 विमान को जानबूझ कर डुबाया था पायलट ने

- 8 मार्च 2014 को ये विमान गायब हुआ था, जिसमें 239 लोग सवार थे, जिनका अब तक कुछ पता नहीं चला है

सिडनी(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट ने दावा किया है कि मलेशिया के टॉप लेवल के अधिकारियों का मानना है कि एमएच370 फ्लाइट को उसके कप्तान ने जानबूझ कर गायब किया। दावा है कि कप्तान आत्मघाती था, जिसने फ्लाइट में सवार सभी लोगों की जान ले ली। हालांकि, उन्होंने अपने इस बयान को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किया है।

बता दें कि मलेशिया की ये एयरलाइन एमएच370 8 मार्च 2014 को गायब हो गई थी, जिसमें घटना के वक्त 239 लोग मौजूद थे। इनमें अधिकतर लोग चीन से थे, जो कुआलालंपुर से बीजिंग जा रहे थे। हिंद महासागर के करीब 1.20 लाख वर्ग किलोमीटर की खोजबीन में भी इस जहाज का पता नहीं चला। ये सर्च जनवरी 2017 तक चली थी, जो अब तक की एविएशन एंडस्ट्री की सबसे बड़ी खोजबीन थी, लेकिन बावजूद इसके जहाज का कोई सुराग नहीं मिला।

गुजरात: गोदाम में रखा 213 किलो काजू उठा ले गए चोर

अहमदाबाद(ए.)। गुजरात के शहर अहमदाबाद में चोरों ने एक गोदाम से 2 लाख रुपये से अधिक कीमत का काजू चोरी कर लिया। पुलिस के मुताबिक अहमदाबाद के इस गोदाम से चोरों ने 213 किलो काजू को चोरी किया और मौके से फरार हो गए। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि अहमदाबाद के एक व्यापारी ने बीते महीने 7 लाख 11 हजार रुपये का काजू मंगाया था। इस काजू को माधवपुरा के एक गोदाम में रखा गया था। शनिवार को व्यापारी ने जब अपने गोदाम की जांच की तो पता चला कि काजू की कई बोरियां गोदाम से गायब हैं। इसके बाद जब गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच हुई तो काजू की बोरियों के चोरी होने का पता चला।

दिखा देश प्रेम | सरकार से नागरिकता संशोधन कानून और एनपीआर को वापस लेने की मांग

सीएए-एनपीआर का विरोध, चेन्नई की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

- प्रदर्शनकारियों ने मार्च के बीच चेन्नई की सड़क पर गाया जन-गण-मन

चेन्नै(ए.)। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नै में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ लोगों ने बुधवार को एक बड़ा मार्च निकाला। सीएए के खिलाफ सड़क पर उतरे हजारों लोगों ने केंद्र सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील करते हुए सचिवालय की ओर पदयात्रा निकाली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने प्रदेश सरकार से एनपीआर और सीएए को यहां लागू ना करने की मांग भी की।

इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं और मुस्लिम समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। वहीं इस विशाल प्रदर्शन के बीच लोगों ने सड़कों पर राष्ट्रगान भी गाया। बता दें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यह सभी लोग बुधवार सुबह चेन्नै के वालाजाह रोड पर इकट्ठा हुए थे। इसके बाद हजारों की संख्या में इन लोगों ने सचिवालय की ओर मार्च निकाला। इस दौरान इन लोगों ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) और नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर (एनपीआर) की प्रक्रिया को वापस लेने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सड़क पर ही राष्ट्रगान

सीएए एनआरसी और एनपीआर के विरोध में सड़क पर उतरे इन लोगों ने यहां बीच सड़क पर राष्ट्रगान भी किया। चैन्नै में दिन की शुरुआत में ही निकले इस मार्च के कारण शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सचिवालय की ओर इन प्रदर्शनकारियों के मार्च के कारण शहर में बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के जवान तैनात रहे। बता दें कि पूर्व में भी तमिलनाडु के कई हिस्सों में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किए थे।

ताजमहल देखने जाएंगे डोनाल्ड ट्रंप, ये 11 राष्ट्राध्यक्ष पहले कर चुके हैं दीदार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत दौरे पर ताजमहल का भी दीदार करेंगे। ट्रंप आगरा पहुंचकर 24 फरवरी की शाम को ताजमहल का दीदार करेंगे। ताजमहल दुनिया के लगभग हर देश के लोगों को लुभाता रहा है। शायद यही वजह है कि जो भी राष्ट्रध्यक्ष भारत दौरे पर आते हैं वे ताजमहल का दीदार करने के मौके का नहीं गंवाते हैं। ज्यादातर राष्ट्रध्यक्ष ताजमहल के सामने परिवार के लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाते रहे हैं। अमेरिका के लगभग राष्ट्रपति भी भारत दौरे पर ताजमहल का दीदार करते रहे हैं। मालूम हो कि ताजमहल दुनिया के 7 अजूबे में से एक है।

मिसेज संग ताज निहारने पहुंचे पुतिन

रूस के पूर्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी भारत दौरे के दौरान ताज का दीदार कर चुके हैं।

ताजमहल के सामने तस्वीर क्लिक करवाते बुल्गारिया के पूर्व PM

बुल्गारिया के पूर्व प्रधानमंत्री सर्गेई स्टैनिशेव ने 15 सितंबर 2007 को ताजमहल देखने पहुंचे थे।

ताजमहल देखने पहुंचे थे इजराइल के पूर्व राष्ट्रपति

इजराइल के राष्ट्रपति रियूवेन रिवलिन और उनकी पत्नी नेचामा भी प्रेम के प्रतीक ताजमहल के सामने तस्वीर क्लिक करवा चुके हैं।

जब ताज पर फिदा हुए सरकोजी

26 जनवरी 2008 को पूर्व फ्रांसिसी राष्ट्रपति निकोलस सर्कोजी ताज महल देखने पहुंचे थे।

कनाडा के PM ट्रूडो परिवार संग ताज देखने पहुंचे

17 फरवरी 2018 को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो परिवार के साथ ताजमहल का दीदार करने पहुंचे थे।

ब्राजील के राष्ट्रपति फैमिली संग पहुंचे ताज देखने

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर मेसियस बोलसोनारो परिवार के साथ 27 जनवरी 2020 को ताजमहल देखने पहुंचे थे।

ताज का दीदार करते हुए पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिन्ताओ

चीन के पूर्व राष्ट्रपति हू जिन्ताओ अपनी पत्नी के साथ 22 नवंबर 2006 को ताज का दीदार करने पहुंचे थे।

ताज देखकर खुश हुए थे बुश

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश (सीनियर बुश) 13 मार्च 1984 को भारत यात्रा के दौरान पत्नी बारबार के साथ ताज महल देखने पहुंचे थे।

तुर्की के पूर्व पीएम पत्नी संग पहुंचे थे ताज देखने

तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री बुलेंट एसेविट और उनकी पत्नी रहसन 2 अप्रैल 2002 को ताजमहल के सामने तस्वीरें क्लिक करवाते हुए देखे गए थे।



बेटी चेल्सिया के 14वें बर्थडे पर ताज देखने पहुंचे थे क्लिंटन

पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन अपनी बेटी चेल्सिया के साथ 22 मार्च 2000 को ताजमहल का दीदार करने पहुंचे थे। इस दीन चिल्सिया का 14वां बर्थडे था।

राष्ट्रपति रहते ताज नहीं देख पाए ओबामा

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा तामहल का दीदार कर चुके हैं। हालांकि उन्हें यह मौका राष्ट्रपति के पद पर रहते हुए नहीं मिल पाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ओबामा भारत आए थे। ओबामा और अमेरिका की प्रथम महिला मिशेल ओबामा की आगरा की यात्रा तय थी, लेकिन सऊदी अरब के शाह अब्दुल्ला के निधन के चलते उन्हें बीच में ही अपनी यात्रा समाप्त कर लौटना पड़ा था।

न्यूज गैलरी

एमआईसी की बैठक हुई, महापौर के लिए खरीदी जाएगी नई गाड़ी, दो नए जोन

रायपुर। नगर निगम में नए परिषद की पहली एमआईसी बुधवार को हुई। निगम मुख्यालय में हुई बैठक में कुल 28 एजेंडों पर चर्चा हुई। बैठक में शहर में दो नए जोन बनाने, पेयजल, सफाई समेत करीब दर्जनभर मुद्दों पर चर्चा हुई। महापौर के लिए नई गाड़ी खरीदी किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। निगम चुनाव के बाद महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की यह पहली बैठक थी। बैठक में दो नए जोन के गठन प्रस्ताव पर चर्चा जारी रही। इसके अलावा जोनों में सफाई का नए सिरे से ठेका, मच्छर उन्मूलन का काम पीपीपी मोड पर देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में शहर विकास के अलग-अलग प्रस्ताव और अधिकारियों-कर्मचारियों मेडिकल बिल भी रखे गए। गर्मी सीजन को देखते हुए वार्डों में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त रखने और नाली-सडकों की नियमित सफाई करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एमआईसी के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।

स्टील कारोबारी सहित होटल में आईटी की कार्रवाई

रायपुर। आईटी की कार्यवाही से स्टील कारोबारियों सहित होटल व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ हैं। दुर्ग भिलाई में आधा दर्जन स्थानों पर आईटी की सर्वे कार्रवाई चल रही हैं। कई स्टील कारोबारी समेत होटल व्यवसायियों के ऑफिसो में सर्वे की कार्रवाई हो रही हैं। एमजी रोड और समता कॉलोनी स्थित ओम स्टील ट्रेडर्स,तिरुपति स्टील ट्रेडर्स और शारदा होटल के मालिक गोपाल सांई के कचना स्थित ठिकाने के साथ-साथ भिलाई के विजित स्टील और बशीर खान के यहां सर्वे की कार्रवाई चल रही हैं।

व्यापमं ने जारी किया पीईटी, पीएटी, पीपीटी आदि परीक्षाओं की तिथि

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने आज विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी कर दी है. जारी तारीख के मुताबिक पीईटी की परीक्षा के लिए आवेदन 17 मार्च को भरा जाएगा. इसकी अंतिम 12 अप्रैल है. और परीक्षा 8 मई शुक्रवार को होगी।

बजट सत्र 24 से, प्रश्नों का आंकड़ा दो हजार पार

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र में इस बार प्रश्नों का बौछार रहेगी। विधायकों द्वारा बढ़-चढ़कर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों के अलावा राज्य स्तरीय मुद्दों पर प्रश्न लगा रहे है। प्रश्नों का आकड़ा दो हजार पार हो चुका है। छत्तीसगढ़ विधानसभा की वेबसाइट में दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 01 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान कुल 22 बैठकें होंगी। इन बैठकों के लिए विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा भी बढ़-चढ़कर प्रश्न लगाए जा रहे है। 18 फरवरी तक की स्थिति में 2002 प्रश्न सदस्यों द्वारा लगाए जा चुके है। इनमें 1101 तारांकित एवं 901 तारांकित प्रश्न है। चूंकि बजट सत्र सबसे अधिक दिनों के लिए बुलाया जाता है इसलिए इस सत्र में प्रश्नों की बौछार रहेगी।

राज्य कर्मचारी संघ के ओपी पाल अध्यक्ष, ध्रुव सचिव बने

रायपुर। राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा छत्तीसगढ़ का चुनाव 16 फरवरी को संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से ओपी पाल अध्यक्ष, संतोष कुमार ध्रुव सचिव, केके कुर्रे कोषाध्यक्ष निर्वाचित किये गये। चुनाव से पूर्व राज्य सूचना आयुक्त मोहन पवार ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर चुनाव कार्यक्रम शुरू होने की घोषणा की इस अवसरपर देवनारायण पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र नामदेव, उपाध्यक्ष पूरन सिंह पटेल प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक सहित जिले के सदस्य मौजूद थे।

दो चोरों से 8 दुपहिया वाहन बरामद

रायपुर। राजधानी में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 मोटरसाइकिल बरामद किया है। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव के रहने वाले लव साहू और कुबेर विश्वकर्मा को पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

धान खरीदी को लेकर मंत्री अमरजीत भगत ने कहा-

किसान हमारी प्राथमिकता में

मंत्रालय में अफसरों की ली बैठक, मंत्री ने कहा, अधिकांश किसान अपना धान बेच चुके

- धान बेचने से वंचित किसानों के लिए आज भी कट रहा टोकन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने आज मंत्रालय में अफसरों की बैठक लेकर धान खरीदी को लेकर आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया है। यही नहीं बारदाने की कमी बताए जाने पर मंत्री ने छोटी समितियों में जहां अधिक बारदाना गया है, उसे तत्काल बड़ी समितियों में लाने का निर्देश भी दिया है। इससे विभिन्न समितियों में धान खरीदी को लेकर आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण हो जाएगा।

खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने आज मंत्रालय में धान खरीदी को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर अफसरों की बैठक ली। बैठक में मंत्री श्री भगत ने सीधे अफसरों से पूछा कि धान खरीदी को लेकर आखिर समस्या क्या आ रही है? किन-किन जिलों में समस्या अधिक है तथा शिकायतें कहां अधिक मिल रही हैं। इस पर अफसरों ने बताया कि अब तक अन्य जिलों से बारदाना कमी की शिकायत आ रही थी, लेकिन आज रायपुर जिले से भी इस तरह की शिकायतें आ

रही हैं कि बारदाने की कमी है। जिन जिलों में ज्यादा शिकायतें मिली हैं, उनमें बलौदाबाजार, कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा जिला शामिल है। इसके अलावा आज रायपुर जिले से भी यही शिकायत आ रही है। इस पर मंत्री श्री भगत ने अफसरों को निर्देश दिया कि जिन छोटी समितियों में अधिक बारदाना गया है, उसे तत्काल वापस लाकर ऐसी समितियों में वितरित कराया जाए, जहां किसानों का पंजीयन अधिक हुआ है तथा बारदाने की कमी को इससे तत्काल दूर किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को भी धान खरीदी को लेकर आ रही समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया है।

ज्ञात हो कि किसानों की मांग पर राज्य सरकार ने धान खरीदी की तिथि में वृद्धि करते हुए इसे 20 फरवरी कर दिया है। पूर्व में धान खरीदी की अंतिम तिथि 15 फरवरी थी। इधर मैदानी क्षेत्रों में समस्या अधिक दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि ऐसे किसान जिन्होंने टोकन कटा लिया है, उनका धान भी बारदाने की कमी बताकर नहीं लिया जा रहा है। इसमें छोटे-मंझोले और बड़े किसान भी शामिल हैं। वहीं विभागीय मंत्री श्री भगत ने दावा किया कि प्रदेश में 90 प्रतिशत से अधिक पंजीकृत किसानों से धान खरीदा जा चुका है। इसमें छोटे किसान जिनकी दो से ढाई एकड़ जमीन है 91 प्रतिशत किसान अपना धान बेच चुके हैं। ढाई एकड़ से 5 एकड़ तक किसानी करने वाले किसान 93 प्रतिशत तथा पांच एकड़ से ज्यादा रकबा में किसानी करने वाले 93.55 प्रतिशत किसान अपना धान बेच चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने किसानों को अपनी प्राथमिकता में रखा है, जिस प्रकार से अंतिम तिथि को लेकर किसान हड़बड़ा रहे हैं, कुछ लोगों द्वारा किसानों को उकसाया जा रहा है। उन्हें गलत जानकारी देकर भड़काया जा रहा है। श्री भगत ने कहा कि राज्य में 19 लाख 55 हजार किसान पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 18 लाख 5 हजार किसान अपना धान बेच चुके हैं। आज की तिथि में किसानों को 14 हजार 469 करोड़ का भुगतान हो चुका है। आज भी टोकन कट रहा है, किसानों के मन में संशय है। मैं आश्वत करता हूं कि यह किसानों की सरकार है और किसानों के हित में काम करने वाली सरकार है। पिछले साल भी हमने धान खरीदा था। आज दिन भर समय है, टोकन कट रहा है। हमने अफसरों को बुलाया था, समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया है। मंत्री श्री भगत ने कहा कि इस लाइन के पुराने खिलाड़ी अपना खेल रहे हैं, जबकि हमारा प्रयास है कि राज्य के बाहर और बिचौलियों के धान न बिके। इस काम में हमें काफी सफलता मिली है।

केशकाल में किसानों पर लाठीचार्ज पर रमन सिंह ने भूपेश सरकार पर साधा निशाना-कहा

कहां है वादों की गठरी और कहां है हक का वो मुद्दा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के केशकाल में किसानों पर पुलिस लाठीचार्ज के मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने भूपेश सरकार पर निशाना साधा।

डा. सिंह ने ट्वीट कर कहा कि भूपेश सरकार से शायरी अंदाज में सवाल किया है कि खेतों का सीना चीर कर जो तुम्हें रोटी खिलाता था, ये वही किसान है जिसपे आज तुम लाठी चलाते हो। कहाँ है वादों की गठरी, कहां है हक का वो मुद्दा क्यों अब बंद महलों में मुखिया जी चेहरा छिपाते हो।

प्रदेश भाजपा के ट्वीट में यह भी कहा कि भूपेश सरकार का यही चरित्र है। गंगाजल उठाकर वोटों की ठगी कर लेना और जिनके पैसे से अमेरिका में मटरगश्ती हो रही है उन अन्नदाताओं पर लाठी बरसाना कृतघ्नता से बड़ा कोई पाप नहीं होता। जरा तो शर्म कर लेते दाऊ! ज्ञात हो कि केसकाल में हुई लाठीचार्ज की जांच के लिए भाजपा ने पांच सदस्यीय कमेटी बनाई है। यह कमेटी आज इस घटना के जांच के लिए केसकाल रवाना हो गई है।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू बोले नहीं लागू होगा प्रदेश में एनपीआर

गाय की हड्डियां बेचने और गौशाला की राशि गबन करने वाले हैं पूर्व सीएम : गृहमंत्री

- छग.रोड कॉर्पोरेशन नहीं किया जाएगा भंग

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में एनपीआर लागू नहीं होगा। हमारे मुख्यमंत्री ने बहुत स्पष्ट कहा है कि ऐसे कानूनों पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ में इस कानून को लेकर कोई संशय नहीं है। कांग्रेस पार्टी लगातार इसका विरोध कर रही है।

वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पूर्व रमन सरकार पर का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने रमन सिंह पर गाय की हड्डियां बेचने गाय मरवाने का आरोप लगाया है। साथ ही गौशाला की राशि गवन करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने शराब की राशि बढ़ाने पर कहा कि यह काम रमन सरकार के सयम से चल रहा है। एक्सप्रेस वे निर्माण में गड़बड़ी के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सीआरडीसी को भंग करने का एलान किया था। लेकिन अब उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन भंग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीआरडीसी भंग नहीं की जाएगी, क्योंकि चौड़ी और बड़ी सड़कों के निर्माण के लिए रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की जरूरत है। रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पास लोन लेने की अथॉरिटी होती है। ऐसे में उसे भंग नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

वायुसेना के विशेष विमान से राजधानी आएंगे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

- विमानतल से ही राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ जाएंगे बिलासपुर
- प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू

रायपुर। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो दिन के दौरे पर एक मार्च को एयरफोर्स के विशेष विमान से राजधानी रायपुर आएंगे। यहां से वे एयरफोर्स के चॉपर से बिलासपुर रवाना हो जाएंगे। हालांकि अभी उनका कार्यक्रम फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन से अभी राष्ट्रपति श्री कोविंद का शेड्यूल फाइनल नहीं हुआ है। श्री कोविंद का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम की सूचना नहीं पहुंची है। लेकिन प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार श्री कोविंद वायुसेना के विशेष विमान से 01 मार्च को दोपहर 2 बजे माना विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल पर ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका स्वागत करेंगे। बताया जाता है कि श्री कोविंद सीधे बिलासपुर रवाना होंगे, इसके लिए वायुसेना का चॉपर विमानतल पर पहले से ही मौजूद रहेगा। यहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ वे सीधे बिलासपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। राष्ट्रपति श्री कोविंद रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे।

कुणाल शुक्ला और गौरीशंकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

- कोर्ट ने कहा जमानत लाभ देना उचित प्रतीत नहीं होता

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। डीडी नगर थाना प्रभारी से कथित तौर पर गिरफ़्तार वारंटी को छुड़ाने के लिए अभद्र व्यवहार, शासकीय कार्य में बाधा डालने और धमकी-चमकी के आरोपी बनाए गए कबीर पीठ के अध्यक्ष कुणाल शुक्ला और भाजपा के प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास की अग्रिम ज़मानत याचिका ख़ारिज कर दी गई है।

थाना डीडी नगर की प्रभारी मंजूलता राठौड़ ने प्रार्थी के रुप में 8 फ़रवरी को एफआईआर क्रमांक 52/2020 दर्ज किया, जिसमें उल्लेख किया कि, आरोपी कुणाल शुक्ला एवं गौरीशंकर श्रीवास द्वारा वारंटी रितेश ठाकुर को छोड़ देने अन्यथा नौकरी से हटाकर नौकरी खा जाने व नुक़सान कर छवि ख़राब करने की धमकी दी गई है, और प्रार्थी पर हमला करने को आमादा हो गए। घटना 6 फ़रवरी की बताई गई जिसकी रिपोर्ट 8 फ़रवरी को दर्ज की गई है। प्रकरण में धारा 353,189 और 506 की धाराएँ लगाई गई हैं। इस प्रकरण में आरोपी कुणाल शुक्ला और सह आरोपी गौरीशंकर श्रीवास के द्वारा अग्रिम ज़मानत याचिका रायपुर कोर्ट में प्रस्तुत की गई। याचिका की सुनवाई एडीजे सुमित कपूर ने की।

प्रकरण में शासन की ओर से अग्रिम ज़मानत याचिका पर आपत्ति करते हुए राज्य सरकार ने कहा आरोपियों के विरुद्ध विवेचनाधीन अपराध गंभीर प्रकृति का अपराध है और विवेचना में आरोपियों की आवश्यकता है, इसलिए अग्रिम ज़मानत आवेदन पत्र ख़ारिज किया जाए। प्रकरण में दोनों ही आरोपियों की ओर से खुद को निर्दोष बताते हुए प्रकरण को झूठा बताया गया और अग्रिम ज़मानत याचिका स्वीकार करने का आग्रह किया गया। एडीजे सुमित कपूर ने अग्रिम ज़मानत आवेदन को ख़ारिज करते हुए आदेश में लिखा गंभीर प्रकृति का अपराध है, प्रकरण की विवेचना अपूर्ण है। प्रकरण की वर्तमान परिस्थितियों के अधीन आरोपी को अग्रिम ज़मानत का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है, इसलिए अग्रिम ज़मानत आवेदन पत्र निरस्त किया जाता है।

नारायणा गुरु पब्लिक स्कूल में पांचवा वार्षिकोत्सव का आयोजन

रायपुर। श्री नारायणा गुरु पब्लिक स्कूल,बोरियाकला में वार्षिकोत्सव ' समन्वया 2020' अपने निराले अंदाज में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्या अतिथिगण डाक्टर एम् सुधीश, श्रीमती माधवी वर्मा, श्रीमती संध्या हृषिकर द्वारा द्वीप प्रोजोलीत कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं श्री नारायणा गुरु द्वारा रचित सार्वजनिक प्रार्थना भगवानदसकंम का अलापन के साथ सम्पन्न हुआ। उत्सव सम्मलेन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन श्री सी के एस पणिकर जी ने की। वह अपना सम्बोधन में स्कूल द्वारा चलाई जारहे विविद कार्यक्रमों का सराहना किया और रक्षाकर्ता भी अपना बच्चों के साथ समय बिधकार उनका चौतरफा विकास केलिए प्रयास करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डाक्टर एम सुधीश जी, श्रीमती माधवी वर्मा जी, सरपंच बोरिआकलन, श्रीमती संध्या हृषिकर, नोडल अफसर, श्री टी सी शाजी, जनरल सेक्रेटरी, ने उपस्थित समूह को संबोधित किया।

21-22 फरवरी को कुछ गाड़ियों का परिचालन होगा प्रभावित

रायपुर। दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडों में आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते आगामी 21 फरवरी को कुछ गाड़ियां रद्द रहेंगी तो कुछ का परिचालन प्रभावित होगा।

रद्द होने वाली गाडियां: डोंगरगढ से छूटने वाली 68723 डोंगरगढ-गोंदिया मेमू रदद रहेगी। बिलासपुर से छूटने वाली 68727 बिलासपुर-रायपुर मेमू रदद रहेगी। रायपुर से छूटने वाली 68729 रायपुर-डोंगरगढ मेमू रदद रहेगी। इसी तरह 22 फरवरी को डोंगरगढ से छूटने वाली 68730 डोंगरगढ-रायपुर मेमू रदद रहेगी। दिनांक 21 फरवरी को रायपुर से छूटने वाली 68725 रायपुर-दुर्ग मेमू रदद रहेगी।

बीच में समाप्त होने वाली गाडियां : दिनांक 21 फरवरी को रायपुर से छूटने वाली 68721 रायपुर-डोंगरगढ मेमू दुर्ग में समाप्त होगी। दिनांक 22 फरवरी को गोंदिया से छूटने वाली 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू दुर्ग में समाप्त होगी।

बीच में नियत्रित होने वाली गाडियां

21 फरवरी को गेवरारोड से छूटने वाली 18239 गेवरारोड-बिलासपुर एक्सप्रेस को 01 घंटे 45 मिनट नियंत्रित की जायेगी। टाटानगर से छूटने वाली 58111 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस को 02 घंटे 25 मिनट नियत्रित की जायेगी।

देरी से छूटने वाली गाडियां:- 21 फरवरी को टाटानगर से छूटने वाली 58112 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस को 02 घंटे 15 मिनट देरी रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

भड़ास | साढ़े 7 टन करोड़ अनाज सरकारी गोदामों में सड़ रहा

देश की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही : वृंदा करात

रायपुर। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। केन्द्र सरकार का रवैया ऑल इज वेल का है। जबकि बुनियादी समस्याएं समाधान के लिए मुंहबाए खड़ी है। भारत मंदी की दौर से गुजर रहा है। देश की जनता की क्रय शक्ति लगातार घटते जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में ग्रोथ 8.8 प्रतिशत घटी है। जबकि शहरी क्षेत्रों में ग्रोथ में गिरावट ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले अधिक देखी जा रही है। जनता के पास पैसे नहीं है, हॉलत बद से बदत्तर हो रहे हैं। मनरेगा में विगत दो वर्ष में श्रमिकों का वेतन लंबित रहना और ग्रामीण क्षेत्र में मांग और पूर्ति में संतुलन स्थापित नहीं कर पाना मोदी सरकार की विफलता है। योजना आयोग का खात्मा देश की अर्थव्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है। उक्ताशय के विचार प्रेस क्लब रायपुर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सदस्य वृंदा करात ने छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन रूबरू कार्यक्रम में कही। वृंदा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि देश में साढ़े 7 हजार करोड़ टन अनाज सरकारी गोदामों में सड़ रहा है। सरकार ने 75 हजार

करोड़ की कटौती की है। बुनियादी सवालों जैसे बेरोजगारी, श्रमिकों के लिए नियोजित योजनाओं में कटौती के खिलाफ वामं दल देशभर में जनता को लामबंद कर रहा है। सीएए एवं एनसीआर के मुद्दे पर करात ने इसे संविधान से छेड़छाड़ किया जाना निरोपित किया। उन्होंने कहा कि कबीरधाम में एक नाबालिग बच्ची के साथ किया गया अनाचार दुःखत है। देशभर में 93 प्रतिशत नाबालिग/युवतियों/महिलाओं के साथ प्रति दिन बलात्कार हो रहा है। शासन व्यवस्था इसे रोकने में नाकाम है। मोदी सरकार टोटल फैल्योर है। उन्होंने आरएनएस प्रतिनिधि द्वारा निर्भया मामले में तीसरी बार आरोपियों के खिलाफ डेथ वारंट जारी होने के मुद्दे पर करात से सवाल किया तो उनका जबाब था कि संविधान में दिए गए प्रावधानों का पालन करना न्यायापालिका का कर्तव्य है। निर्भया के साथ जो कुछ हुआ वह पूर्णतः गलत है। प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। रूबरू कार्यक्रम के तहत प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू आबेडारे, जावेद खान, नारायण भोई, शगुफ्ता शिरीन, प्रदीप शर्मा ने वृंदा करात का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनकी राजनीतिक यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। वृंदा करात के रूबरू कार्यक्रम में प्रदेश माकपा के वरिष्ठ नेता धर्मराज महापात्र एवं संजय पराते उपस्थित थे।

ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का 78वां स्थापना दिवस, रक्तदान शिविर आयोजित

रायपुर। ओरिएन्टल बैंक ऑफकॉमर्स के 78वी स्थापना दिवस के अवसर पर मण्डल कार्यालय रायपुर में मण्डल अध्यक्ष श्री जितेन्द्र स्वाई के अगुवाई में रक्तदान शिविर एवं समारोह का आयोजन किया गया । इसमें बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं प्रतिष्ठित ग्राहक भी उपस्थित थे। मण्डल कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के कर्मचारियों ने रक्तदान में हिस्सा लिया ।

संपादकीय

कश्मीरी पंडितों की वापसी कब

पिछले तीन दशकों से अपने ही घर में बेगाने हो चुके लाखों कश्मीरी पंडितों की घर वापसी आखिर कब होगी। यह सवाल कश्मीरी पंडितों ने केन्द्र सरकार से पूछा है जिसका उन्हे कोई संतोषजनक जवाब तो नहीं मिला है लेकिन केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि इस मामले में केन्द्र सरकार जल्द ही कारगर पहल उठाएगी। कश्मीरी पंडितों को फिर से कश्मीर में बसाया जाएगा और उनकी संपत्ति उन्हे वापस दिलाई जाएगी यह सब कब होगा यह अभी तय नहीं है। गौरतलब है कि 90 के दशक में कश्मीरी पंडितों को वहां से निकाल दिया गय था। कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार किया गया था, महिलाओं से अनाचार किया गया था और कश्मीरी पंडितों की संपत्ति पर जबरिया कब्जा कर लिया गया था। उस समय से लाखों कश्मीरी पंडित अपनी घर वापसी की बांट जोह रहे है और शरणार्थी शिविरों में जैसे तैसे अपना जीवन यापन कर रहे है। पिछले 30 सालों के दौरान इन कश्मीरी पंडितों की व्यथा समझने की किसी ने कोशिश तक नहीं की। अब केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने 6 साल हो चुके है और इस बीच कश्मीर से धारा 34ए और अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है तब कश्मीरी पंडितों को यह उम्मीद बंधी है कि अब उनकी घर वापसी का मार्ग प्रशस्त होगा। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह उनकी उम्मीदों को पूरा करें और कश्मीरी पंडितों को जल्द से जल्द कश्मीर में बसाने के लिए उचित पहल करें। कश्मीर में अब तेजी से स्थिति सामान्य हो रही है और वहां से आतंकवादियों का सफाया भी किया जा रहा है, अलगाववादी ताकतों को भी सबक सिखाया जा रहा है, यह सही मौका है जब कश्मीरी पंडितों के साथ इंसाफ किया जाए अभी तक हजारों कश्मीरी पंडित अपनी घर वापसी का सपना देखते हुए दुनिया छोड़ चुके है लेकिन अब जो लोग बचे है उन्हे जल्द से जल्द कश्मीर में फिर से आबाद किया जाए। यह सही है कि अभी भी कश्मीर में ऐये तत्व सक्रीय है जो कश्मीरी पंडितों की वापसी का हर संभव विरोध जरूर करेंगे लेकिन ऐसे लोगों से सरकार को सख्ती पूर्वक निपटना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि कश्मीरी पंडितों का वनवास बहुत जल्द खत्म होगा और केन्द्र सरकार कश्मीरी पंडितों को जल्द से जल्द कश्मीर में बसाने के लिए युद्ध स्तर पर अपने प्रयास तेज करेगी।

विचार

शाहीन बाग: अदालत की पहल

शाहीन बाग प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्यस्थ नियुक्त किए हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी टिप्पणी भी की है सुप्रीम कोर्ट ने शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े, साधना रामचंद्रन और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्ला को मध्यस्थ नियुक्त किया है। कोर्ट ने उन्हें प्रदर्शनकारियों से बात करके प्रदर्शन स्थल बदलने के लिए मनाने को कहा है। इसके लिए उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया है। शाहीन बाग में सीएए और एनआरसी के विरोध में जारी आंदोलन के खिलाफयाचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'हम धरने पर कुछ नहीं कह रहे लेकिन सवाल ये है कि यह धरना कहां हो रहा है? हमारी चिंता यह है कि यह प्रदर्शन सड़क पर किया जा रहा है, इस केस या फिर किसी भी केस में सड़क को ब्लॉक नहीं किया जा सकता।'

अदालत ने कहा कि एक कानून के खिलाफप्रदर्शन करना लोगों का मौलिक अधिकार है लेकिन इसके लिए सड़क रोक कर रखना ठीक नहीं है। लोकतंत्र विचारों की अभिव्यक्ति से चलता है लेकिन इसकी भी कुछ सीमाएं हैं। कोर्ट ने सरकार पर भी सवाल उठाया कि अब तक उसने प्रदर्शन समाप्त कराने की कोशिश क्यों नहीं की? शाहीन बाग में करीब दो महीने से सीएए और एनआरसी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन चल रहा है, जिसकी वजह से दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली रोड 13 ए बंद है। इसके चलते दिल्ली और फरीदाबाद के कुछ खास इलाकों से नोएडा का सफर करने वालों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे छोटे कारोबारी और मेहनत-मजदूरी करने वाले भी प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलनकारियों की शिकायत है कि सरकार उनसे बात करने को ही तैयार नहीं है। कोई छोटा से छोटा सरकारी प्रतिनिधि भी अब तक बातचीत के लिए आगे नहीं आया है। उनसे संवाद करने को लेकर सरकार ने गोलमोल बयान ही दिए हैं। यही नहीं, सत्तारूढ़ दल के कई नेताओं ने तो इस आंदोलन से जुड़े लोगों को देशद्रोही और न जाने क्या-क्या कह डाला है। अगर सरकार ने शुरू में ही प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करने की कोशिश की होती तो नौबत यहां तक आती ही नहीं। सरकार इस पहलू को अनदेखा कर रही है कि मामला केवल शाहीन बाग का नहीं है। देश की एक बड़ी आबादी में सीएए और एनआरसी को लेकर कई तरह के संशय हैं जो तभी दूर होंगे, जब सरकार इनका विरोध कर रहे लोगों से सीधे बात करे। धरना-प्रदर्शन लोकतंत्र के लिए बड़ी स्वाभाविक चीज है। देश में जब भी इस तरह के विरोध प्रदर्शन हुए या किसी ने अनशन किया तो सरकार की ओर से उसके असंतोष को समझने की कोशिश होती है। जरूरी नहीं कि उनकी सभी मांगें मान ली जाती हों, लेकिन देश के अभिभा?वक के रूप में सरकार उन्हें अपनी सीमाओं से अवगत कराती है।

आखिरकार निर्भया को कब इंसाफ मिलेगा?

-डॉ. श्रीनाथ सहाय

> राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा 2016-17 के जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में अपराध की उच्चतम दर 160.4 फीसदी रही, जबकि इस दौरान अपराध की राष्ट्रीय औसत दर 55.2 फीसदी है. इस समीक्षाधीन अवधि में दिल्ली में दुष्कर्म (2,155 दुष्कर्म के मामले, 669 पीछा करने के मामले और 41 मामले घूरने) के लगभग 40 फीसदी मामले दर्ज हुए। चूंकि कानून ही ऐसा है कि गुनाहगार फांसी टालने में सफल हो रहे हैं। कानून में परिवर्तन समय की मांग है। सरकार को कानून में संशोधन करना चाहिए। बलात्कार से जुड़े कानून में निर्भया कांड के बाद कई परिवर्तन किये गए थे। कानून में संशोधन की जरूरत महसूस की जा रही है। जिस प्रकार से गुनाहगार कानूनी दांव पेच का प्रयोग कर दरिंदे लगातार कानून के फंदे से बचने की जुगत लगा रहे हैं उससे सभी मर्माहत हैं। देश में इंसाफको लेकर इस प्रकार निर्भया की मां संघर्ष कर रही हैं वह सोचने की बात है।

निर्भया की मौत को करीब 7 साल हो गए हैं। उसके दोषी भी सलाखों के पीछे हैं। 6 में से एक ने आत्महत्या कर ली, दूसरा जुवेनाइल था, जिसने जुवेनाइल कोर्ट से अपनी सजा पूरी कर ली है। बाकी बचे चार. इस चारों को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है, लेकिन सवाल ये है कि आखिर ये फांसी होगी कब। एक ओर निर्भया की मां इन दरिंदों को फांसी के तख्ते पर लटकता हुआ देखना चाहती हैं, वहीं दूसरी ओर पूरा देश भी यही चाहता है कि जल्द से जल्द इन चारों को फांसी दी जाए।

निर्भया के चारों गुनहगार कानूनी दांव-पेंच खेलकर अब तक अपनी फांसी टालने में कामयाब होते रहे हैं. घटना के 7 साल से ज्यादा बीत जाने के बाद भी दोषियों को अब तक सूली पर लटकाया नहीं जा सका है। निर्भया केस में पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को चारों दोषियों के लिए नया डेथ वॉरंट जारी किया। पिछले 41 दिनों में यह तीसरा डेथ वॉरंट है। इसमें चारों दोषियों को 3 मार्च की सुबह 6 बजे फांसी देने का आदेश है। हालांकि चार दोषियों में से एक के पास अभी दया याचिका और क्यूरेटिव पिटीशन का विकल्प है। ये दोनों विकल्प खारिज होने के बाद भी दोषी नए सिरे से राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेज सकते हैं। दोषियों के खिलाफ एक मामला दिल्ली हाईकोर्ट में भी चल रहा है, जिस पर फैसला आने तक फांसी नहीं हो सकती।

पहले फांसी की तारीख 22 जनवरी थी। जिसे दरिंदे आगे बढ़वाने में सफल रहे। फिर अदालत ने एक फरवरी फांसी की तारीख तय की। चारों गुनहगार पूरी होशियारी से अपनी-अपनी लाइफलाइन का इस्तेमाल कर रहे हैं, अब चारों में से एक गुनाहगार के पास याचिका लगाने का अधिकार शेष है। उसे देखते हुए अगर फांसी की तारीख आगे भी बदल जाए तो हैरान होने की जरूरत नहीं है। अब चूंकि 3 मार्च को फांसी की सजा का ऐलान हो चुका है, ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि क्या तीन मार्च को फांसी हो पाएगी? अब जरा इन चारों के लाइफलाइन इस्तेमाल करने के ट्रेंड पर नजर डालिए। इन चारों के वकील को बहुत अच्छे से पता है कि मौत की तारीख कैसे आगे सरकाई जा सकती है। और उसी हिसाब से इनके वकील लाइफ लाइन का इस्तेमाल कर रहे हैं। गुनाहगारों के वकील ने दावा किया है कि तीन मार्च को फांसी नहीं होगी। दरअसल जेल मैनुअल

कहता है कि अगर किसी एक जुर्म में एक से ज्यादा गुनहगार शामिल हैं और उस जुर्म के लिए सभी को फांसी की सजा हुई है तो फांसी एक साथ ही दी जाएगी। अलग-अलग नहीं. और बस जेल मैनुअल के इसी नियम का चारों भरपूर फायदा उठा रहे हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि चारों में से किसी एक के पास भी लाइफ लाइन बची है तो उनकी सांसें बची रहेंगी।

यही वजह है कि चारों बारी-बारी से एक-एक लाइफलाइन का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक की एक लाइफ लाइ जब खत्म हो जाती है तब दूसरा अपनी लाइन इस्तेमाल करता है। दूसरे के खत्म होने पर तीसरा और फिर चैथा करता है। जैसे क्यूरेटिव पेटिशन लेकर सबसे पहले अकेला मुकेश सुप्रीम कोर्ट जाता है। इसी तरह दया याचिका के लिए भी सब अलग-अलग जा रहे हैं। एक साथ नहीं। क्योंकि उनहें मालूम है कि एक साथ खारिज होते ही जिंदगी की मोहलत कम जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की 2014 की एक रूलिंग कहती है कि सारी याचिकाएं खारिज होने के बाद जब डेथ वॉरंट जारी हो जाए तब मरने वाले को 14 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए फांसी पर चढ़ाने के लिए। तीन दोषी- मुकेश, विनय और अक्षय की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज हो चुकी है। लेकिन पवन के पास अभी भी क्यूरेटिव पिटीशन का विकल्प है। पवन के पास दया याचिका का विकल्प भी है। इसके अलावा संविधान के तहत दोषियों के पास दोबारा दया याचिका लगाने का भी विकल्प है। राष्ट्रपति की तरफसे दया याचिका खारिज होने के बाद इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। दिल्ली का 2018 का प्रिजन मैनुअल कहता है- जब तक दोषी के पास एक भी कानूनी विकल्प बाकी है, उसे फांसी नहीं हो सकती। अगर उसकी दया याचिका खारिज भी हो जाती है तो भी उसे 14 दिन का समय दिया जाना चाहिए। तो फिर तीन मार्च की उस तारीख का क्या होगा जो फांसी के लिए मुकर्रर है?

चारों दोषियों में से मुकेश, विनय और अक्षय की दया याचिकाएं तक खारिज हो चुकी हैं। लेकिन फांसी को किसी न किसी कारण से टालने के लिए की जा रही पैंतरेबाजी का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अक्षय के वकील अब नए सिरे से दया याचिका दायर करना चाहते हैं। इसके लिए यह आधार बनाया जा रहा है कि उसके मां-बाप ने आधी-अधूरी दया याचिका लगाई थी और अब अगर कोर्ट इजाजत देता है तो कुछ अन्य दस्तावेज लगाकर फिर से दया याचिका लगाएंगे।

नया डेथ वॉरंट जारी होने से निर्भया की मां आशा देवी की उम्मीदें तो जगी हैं लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी उम्मीद उसी दिन पूरी होगी जब दोषियों को फांसी दी जाएगी। दूसरी तरफ निर्भया की मां की वकील सीमा कुशवाहा ने पूरे आत्मविश्वास से दावा किया है कि इस बार फांसी नहीं टलने वाली। 3 मार्च को दोषियों को फांसी होगी ही, यह निश्चित तौर पर अब भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि दोषियों के वकील का दावा है कि अभी उनके पास कई कानूनी विकल्प बचे हैं। पूरे मामले में गुनाहगारों की पैंतरेबाजी को देखते हुए यह आवाज उठने लगी है कि मौजूदा कानून में संशोधन किया जाए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पिछले दिनों कहा कि यह दुखद है कि 2012 के निर्भया मामले के दोषी कानूनी दांव पेंच का इस्तेमाल कर मौत की सजा से बच रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि बलात्कार के मामलों में छह महीने में फांसी सुनिश्चित करने के लिए कानून में तत्काल बदलाव करने की जरूरत है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार इस दिशा में सोच भी रही है। निर्भया मामले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। निर्भया ने मौत से 13 दिन तक जूझते हुए इलाज के दौरान सिंगापुर में दम तोड़ दिया था। इस भयानक हादसे के बाद राजधानी को श्दुष्कर्म की राजधानीश् की संज्ञा दी जाने लगी। क्या महिलाओं के लिए दिल्ली अब सुरक्षित है? आपराधिक आंकड़ों में तो इसकी पुष्टि होती नहीं दिखती। दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में रह रही और काम कर रहीं महिलाएं केंद्र और राज्य सरकारों के महिला सुरक्षा के दावों के विपरीत खुद को यहां सुरक्षित महसूस नहीं करतीं।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस का गुटीय संघर्ष जारी

एल एस हरदेनिया

> नेताओं ने जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति पर भी चर्चा की और महसूस किया कि पार्टी के लिए नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव जीतना मुश्किल होगा। बाबरिया ने कहा कि एमपीसीसी अध्यक्ष जल्द ही नियुक्त किया जाएगा और संगठन में बदलाव होंगे। समिति ने महसूस किया कि मंत्रियों को पार्टी कार्यकर्ताओं पर ध्यान देना चाहिए। यह भी चर्चा हुई कि क्या पंचायत चुनावों के पैटर्न पर नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं - बिना पार्टी सिंबल के। सिंधिया और बाबरिया दोनों ने राजनीतिक नियुक्तियों के मुद्दे पर नाथ पर दबाव बनाने की कोशिश की।

कमलनाथ के हाथों अपमानित महसूस कर रहे हैं सिंधिया

बीजेपी ने आखिरकार मध्यप्रदेश के लिए अपना अध्यक्ष चुन लिया है, लेकिन कांग्रेस अभी भी इस मुद्दे को सुलझा नही पा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच दरार लगातार बढती जा रही है और एक दूसरे के खिलाफ दोनों के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं।

भाजपा ने अंत में अपने प्रदेश अध्यक्ष का चयन कर लिया और पार्टी में कई लोग यह जानकर हैरान हैं कि एक ब्राह्मण को इस तथ्य के बावजूद जिम्मेदारी दी गई है कि पहले से ही एक ब्राह्मण पार्टी की विधायी शाखा का नेतृत्व कर रहा है। आम तौर पर बीजेपी अन्य समुदायों के बजाय ओबीसी पर ज्यादा निर्भर है। लेकिन इस बार आरएसएस की जिद के कारण एक ब्राह्मण को चुना गया है। यद्यपि भाजपा ने अपने संगठनात्मक प्रमुख को अंततः चुन लिया है, लेकिन कमलनाथ न केवल विधानसभा बल्कि संगठन में भी पार्टी प्रमुख हैं। राज्य पार्टी प्रमुख चुनने के सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। यह एक संयोग था कि जिस दिन भाजपा ने अपने पार्टी प्रमुख की घोषणा की, कांग्रेस पार्टी में गंभीर मतभेद खुले में आ गए। कांग्रेस की संगठनात्मक समन्वय समिति ने दिल्ली में अपनी बैठक की लेकिन किसी भी मुद्दे को हल करने में विफल रही। चूंकि बैठक में किसी मुद्दे पर नेताओं के बीच कोई समझौता नहीं हुआ था, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि एक और बैठक 23 फरवरी को होगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक दो घंटे तक जारी रही लेकिन किसी भी मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हुआ। नाथ के निवास पर हुई बैठक में ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा, दीपक बाबरिया, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी, मीनाक्षी नटराजन और अरुण यादव मौजूद थे। नेताओं ने जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति पर भी चर्चा की और महसूस किया कि पार्टी के लिए नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव जीतना मुश्किल होगा। बाबरिया ने कहा कि एमपीसीसी अध्यक्ष जल्द ही नियुक्त किया जाएगा और संगठन में बदलाव होंगे। समिति ने महसूस किया कि मंत्रियों को पार्टी कार्यकर्ताओं पर ध्यान देना चाहिए। यह भी चर्चा हुई कि क्या पंचायत चुनावों के पैटर्न पर नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं - बिना पार्टी सिंबल के। सिंधिया और बाबरिया दोनों ने राजनीतिक नियुक्तियों के मुद्दे पर नाथ पर दबाव बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नियुक्तियां विचार विमर्श के बाद की जानी चाहिए।

दिल्ली की बैठक से पहले, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने क्षेत्र में एक बड़ा प्रदर्शन किया। समर्थकों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले जारी किए गए 'वचन पत्र' (एक तरह का घोषणा पत्र) में दिए गए आश्वासनों को लागू करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी धमकी दी कि यदि वादों को लागू करने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो उन्हें सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया जाएगा। सिंधिया की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा 'वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं'। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की समन्वय बैठक में भाग लेने के बाद उपरोक्त वक्तव्य दिया। अतिथि विद्वानों के मुद्दे पर, सिंधिया ने कहा था कि यह कांग्रेस के वचन पत्र में था कि उनकी सेवाओं को नियमित किया जाएगा। नाथ के इस कथन से स्पष्ट है कि पार्टी में आंतरिक कलह किसी भी दिन सड़कों पर फैल सकती है।

सिंधिया ने कहा कि पार्टी ने किसानों को 2 रूपये लाख तक का कर्ज माफकरने का वादा किया था। लेकिन उन्हें केवल 50,000 रूपये में राहत मिली। सिंधिया ने कहा, 'अगर विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी अपने किए गए वादों को पूरा नहीं करती है तो वह लोगों के लिए आंदोलन शुरू करेंगे।' सिंधिया के समर्थकों ने मांग की है कि उन्हें एमपीसीसी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, लेकिन सीएम नाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इसके लिए सहमत नहीं हैं और एमपीसीसी प्रमुख की नियुक्ति अभी भी अधर में लटकी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि एमपीसीसी के अध्यक्ष बनने के अलावा सिंधिया की नजर राज्यसभा सांसद के लिए होने वाले चुनाव पर भी है। यह अप्रैल महीने के पहले हा जाएंगे। सिंधिया नाराज हैं क्योंकि उन्हें सरकार से पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है।

– (संवाद)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भाव निझर संग

भाव निझर संग बह गए शब्द बड़े अनमोल। किसपर क्या भारी पड़ा करी नाप ना तोल ।। बिखरे आखर देखते टुकटुक नयन निहार । किसपर कब आरी चले किस पे चले कटार ।। अंसुवन गीतावलि बही पन्ने कोरे छोड़ । शब्द शब्द भेंटे गले ये आया कैसा मोड़ ।।

– प्रियंवदा अवस्थी

ज़िन्दगी वो नही जो तुम जिए जा रहे हो

ज़िन्दगी वो नही जो तुम जिए जा रहे हो मुर्दा हो बस तुम सांस लिए जा रहे हो कर रहे हो पतन खुद के नैतिक मूल्यों का इल्जाम औरों पे लगाए जा रहे हो मुर्दा हो बस तुम सांस लिए जा रहे हो आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो।

– कमलकांत डोंगरे

खास पाती | जग से बैराग है अब प्रेम की

जग से बैराग है अब प्रेम की कोंपल फूट रही हैं, मन मीरा है मन राधा अब कृष्ण विरह से जूझ रही है, रंग से कोई भेद नहीं अब प्रेम की कोंपल फूट रही हैं, जो रंग सब घुल जाए श्याम रंग है, श्याम की चहक अब कूक रही है, लोक लाज ना परवाह अब प्रेम की कोंपल फूट रही हैं, मन में संगीत तन में नृत्य है, घुँघरू सी मन में गूँज रही है, गंतव्य की अब चाह किसे है प्रेम की कोंपल फूट रही हैं, जिस पथ पर पद चिन्ह हो प्रियतम् के चलने की उधर ही हूक रही है।

– शिल्पी अग्रवाल

मैं ये सोचकर शाहीन पर डटा था

मैं ये सोचकर शाहीन पर डटा था के वो रोक लेंगे मना लेंगे मुझको हवाओं में लहराती आती थी लाठी के लाठी दिखाकर उठा देंगे मुझको नज़र यूँ ख़बर पर ही अटकी थी मेरी के आदेश देकर हटा देंगे मुझको मगर उसने रोका न उसने हटाया न लाठी दिखाई न मुझको उठाया न आवाज़ ही दी न वापस भगाया मैं आहिस्ता आहिस्ता उकता गया हूँ उकता गया हूँ, उकता गया हूँ।

– अजय फलक

कुछ लोग जामिया यूनिवर्सिटी के उस वीडियो को

कुछ लोग जामिया यूनिवर्सिटी के उस वीडियो को शेयर करके कह रहे हैं कि स्टूडेंट्स के हाथों में पत्थर क्या कर रहे हैं? अरे अक्ल के दुश्मनों क्या यह नहीं हो सकता कि लाइब्रेरी में रखी हुई मेज कुर्सियों की कीलें उखडी पड़ी हो! वे बेचारे उन पत्थरों से उन कीलों को ठोकना चाह रहे हो। कुछ दिमाग भी लगा लिया करो।

– दिव्या राकेश शर्मा

निगाहों के तेवर बदलने लगे हैं

निगाहों के तेवर बदलने लगे हैं उन्हें देखिये हम ही खलने लगे हैं बताया नहीं जिनको घर का पता था वो ख़्वाबों में मेरे ही पलने लगे हैं छुड़ाना था पीछा हमें जिन से यारो वही रंग गालों पे मलने लगे हैं मुहब्बत हुई है तो लाज़िम है ये भी मेरे दोस्त मुझसे ही जलने लगे हैं बताया नहीं 'भवि' किसी को भी हमने कि उल्फ़त में उनकी मचलने लगे हैं।

-शुचि 'भवि'

देश मे शांति का माहौल कायम

देश मे शांति का माहौल कायम हो सकता हैं,यदि सभी अपने अपने धर्म को सच्चे दिल से माने.... कोई भी धर्म अशांति नही चाहता,कोई भी धर्म ग्रन्थ में नही लिखा कि आपस मे लड़िए,कोई भी धर्म गुरु(समझदार) नही कहता,सन्देश नही देता,आपस मे बैर करे?? ये धर्म आपका हैं ये देश आपका हैं मर्जी भी आपकी ही हैं??- **शत्रुंजय तिवारी**

जिनको भी देखो यहाँ लेखन में



जिनको भी देखो यहाँ लेखन में व्यस्त हैं कविताई व कथाएँ लिखने में अभ्यस्त हैं दिन दुगने,रात चौगुने,छपते रहो इस तरहा आप हर विधा में कुशल औ सिद्धहस्त हैं

-डिम्पल गौड़ 'अनन्या'

कश्ती नहीं थी पास सहारा भी कौन था

कश्ती नहीं थी पास सहारा भी कौन था। साहिल का दूर-दूर नजारा भी कौन था। तूफान नाखुदा सा मददगार क्यों बने, भगवान के सिवाय तो चारा भी कौन था।

– हरिवल्लभ शर्मा

QUIZ TIME

1) रोमन साम्राज्य के साथ भारत का व्यापार रोम पर किसके द्वारा आक्रमण के साथ समाप्त हो गया? (हूणोंद्वारा / तुर्कोंद्वारा)
2) अमीबा में कुल कितने शैल (कोशिका) होते है?
3) असमिया भाषा में मुद्रित प्रथम पुस्तक के लेखक कौन थे?
4) विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप 'माजुली' असम के किस जिले में स्थित है?
5) वाई.बी.चैहान किस राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे?
(क) महाराष्ट्र (ख) गुजरात (ग) उत्तरप्रदेश (घ) दिल्ली

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) हूणोंद्वारा (2) [illegible] (3) आत्मारामशर्मा (4) [illegible] (5) महाराष्ट्र

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1547 - हेनरी अष्टम की मृत्यु के बाद किंग एडवर्ड षष्टम ने इंग्लैंड की सत्ता संभाली। 1707 - मुगल शासक औरंगजेब का अहमदनगर में निधन। 1811 - ऑस्ट्रिया को दिवालिया घोषित किया गया। 1835 - कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला। 1846 - अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा किया। 1847- रॉयल कलकत्ता टर्फक्लब की स्थापना। 1868 - 'अमृत बाजार पत्रिका'का पहला सप्ताहिक अंक बांगाली में प्रकाशित। 1947 - ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लेमेंट अट्टली ने घोषणा की कि ब्रिटेन जून 1948 तक भारत को छोड़ देगा। 1950 - नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई और राष्ट्रवादी नेता शरत चंद्र बोस का निधन। 1965 - नासा द्वारा प्रेक्षेपित रेंजर आठ चांद पर उतरा, फोटो और जरूरी डेटा भेजे।

अवैध निर्माण पर चला निगम का बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

पुलिस बल की मौजूदगी मे हुई कार्यवाही

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम के वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण के विरूद्ध आज कार्यवाही की गई। जोन क्रमांक 02 क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग व अनाधिकृत रूप से बाउंड्रीवाल निर्माण, डीपीसी लेवल, प्लींथ व मुरूम से बनाए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाया गया। मौके से 07 ट्रिप मुरम जप्त किया गया। निगम द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व भी कुरूद क्षेत्र में इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्यवाही की गई थी। निगम द्वारा वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र में वृहद स्तर पर अवैध रूप से प्लाटिंग व निर्माण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने 3 जेसीबी, 4 हाइवा के साथ निगम की तोड़फोड़ व उड़नदस्ता दस्ता की टीम स्थल पर पहुंची, टीम ने बिजली ऑफिस के समीप लोहिया रोड के पास के क्षेत्र में बनाए जा रहे निर्माणाधीन मकानों के दस्तावेज जांच किए और बिना अनुमति के निर्माणाधीन कार्य को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की। निगमायुक्त ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं, आयुक्त के निर्देश के पालन में जोन आयुक्त जोन 2 सुनील अग्रहरि द्वारा आज लोहिया रोड कुरूद क्षेत्र में अवैध रूप से किए गए प्लाटिंग तथा बगैर परमिशन बनाए जा रहे बाउंड्रीवाल को तोड़ने की कार्यवाही की गई है। निगम के अधिकारी, कर्मचारी, उड़नदस्ता व तोड़फोड़ दस्ता की टीम के साथ मौके पर पहुंची टीम ने बिना अनुमति के बनाए गए 10 स्थान से बाउंड्रीवाल, 18 स्थानों से डीपीसी, 02 स्थानों से प्लींथ लेवल तक निर्माण तथा अनाधिकृत रूप से किए जा रहे प्लाटिंग के 02 स्थानों पर आवागमन के लिए मुरूम से बनाए गए मार्ग संरचना को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। सावित्री साहू द्वारा बिना अनुमति के मकान निर्माण किया जा रहा था जिसे नोटिस देने के निर्देश जोन आयुक्त द्वारा दिए गए एक निर्माणाधीन मकान के कॉलम को ढहा दिया गया। अवैध रूप से किए गए प्लाटिंग में बेदखली की कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त, जोन 2 सुनील अग्रहरि, उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा एवं निकहट सबरीन, दयालदास साहूए जोन 2 स्वा. प्रभारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ के प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, उड़नदस्ता के प्रभारी व्हीके सैमुएल, जुगनुराम, राजेश गुप्ता, दानीलाल, चन्द्रशेखर मिश्रा, अशोक कन्नौजिया सहित निगम भिलाई के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रही।

विधायक ने की 4 विभागों की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरूण वोरा ने शहर में विकास कार्यों की समीक्षा करने आज चार विभागों के अफसरों को तलब किया। पीडब्लूडीए स्वास्थ्य विभागए शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल और निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन भी मौजूद थे। वोरा ने पिछले 14 माह में पीडब्लूडी अफसरों की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी जताई। सभी अफसरों को शहर के पेंडिंग विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप पीडब्लूडी विभाग ने शहर में पर्याप्त विकास कार्य नहीं कराया। दुर्ग शहर के मुख्य मार्ग नेहरू नगर से मिनी माता चौक तक चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 84 करोड़ रूपए की परियोजना सहित कई मुख्य मार्गों के लिए उन्होंने राशि स्वीकृत कराई लेकिन पीडब्लूडी अफसर अपनी कछुआ चाल से विकास कार्य कराने में असफल रहे। वोरा ने पीडब्लूडी के ईई वीके कोर्राम पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऑडिटोरियम निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय और जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड का जीर्णोद्धार का काम काफी धीमी गति से हो रहा है। सड़कों के डामरीकरण और पैच रिपेयरिंग का काम करने में भी विभागीय अफसरों ने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई।

वोरा ने शिक्षा विभाग के अफसरों को शहर के सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूल व मॉडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करने कहा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शहर के स्लम वार्डों में दो नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और वार्ड क्लीनिक खोलने की जानकारी ली।

■ न्यूज गैलरी

चार वार्डो में बनेगा उच्च स्तरीय जलागार

दुर्ग। 20 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे पदमनाभपुर वार्ड 45 में पानी टंकी के पास शहर में 4 स्थानों पर उच्चस्तरीय जलागार (टंकी) निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर निगम दुर्ग के औद्योगिक नगर वार्ड 18, आपापुरा वार्ड 31, पदमनाभपुर वार्ड 45, रायपुर नाका वार्ड 47 में उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा।

काटा गया वेतन

दुर्ग। निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने बोरसी और पोटिया वार्ड के सफाई कार्य का निरीक्षण किए। वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्थित नहीं मिला, सफाई कार्य लापरवाही पूर्वक किया गया था। जिसके कारण उन्होनें सफाई दरोगा रामलाल भट्ट, सुपरवाईजर घनश्याम सोनी, कामगार संतोष तांडी का एक-एक दिन के वेतन काटने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 जारी है। आयुक्त के मार्गदर्शन में युद्ध स्तर पर वार्डो में साफ-सफाई कार्य द्वारा कराया जा रहा है।

शिवनाथ मुक्तिधाम संधारण कार्य की बदल सकती है एजेंसी

निगम ने अभी तक जारी नही किया वर्क आर्डर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्यसभा सदस्य सरोज पाण्डेय की सांसद निधि से एक करोड़ की लागत से शिवनाथ मुक्तिधाम के रिनोवेशन का काम शुरु होने से पहले ही अधर में लटकता नजर आ रहा है। नगर निगम ने इस कार्य की निविदा जारी कर दी है और एमआईसी की बैठक में इसे स्वीकृत भी कर दिया गया है। नगर निगम इस कार्य का वर्क आर्डर जारी करने की तैयारी कर रहा है लेकिन राज्यसभा सदस्य सरोज पाण्डेय ने एजेंसी बदलने की अनुशंसा कर दी है।

जानकारी के अनुसार राज्यसभा सदस्य पाण्डेय ने निगम चुनाव से पहले अपनी सांसद निधि से एक करोड़ रुपए शिवनाथ मुक्तिधाम के संधारण के लिए गोदाम, विद्युत शवदाह गृह, शेड रंग रोगन सहित अन्य कार्य किए जाने है। इसका बकायदा टेण्डर भी हो चुका है और रायपुर की टी.एस. कन्स्ट्रक्शन ने यह काम लिया है। निगम चुनाव के बाद नगर निगम की नई परिषद के सामने जब यह काम सामने आया तब एमआईसी की पहली बैठक में बिलो दर पर लिए जाने को लेकर रोक दिया गया। इस बीच यह बात प्रचारित हुई कि सत्ताईस लाख रु का काम हो गया है लेकिन निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह काम अभी शुरु ही नही हुआ है। पता चला है कि एमआईसी की दूसरी बैठक में इस कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और बिलो के अंतर की राशि लगभग साढ़े साल लाख रुपए ठेकेदार से जमा भी करा लिए गए है अब इस कार्य का वर्क आर्डर जारी होना है लेकिन राज्यसभा सदस्य पाण्डेय नगर निगम की बजाए किसी दूसरी एजेंसी से यह काम कराना चाहती है उन्होने एजेंसी बदलने के लिए जिला सांख्यिकी अधिकारी को पत्र लिखा है।

27 लाख का कार्य बना मुद्दा

निगम सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार शिवनाथ मुक्तिधाम के रिनोवेशन का काम 27 लाख रुपए के खर्च को लेकर चर्चा में रहा है। भाजपा के कतिपय पार्षद इस कार्य में 27 लाख रु खर्च हो जाने की बात कह रहे है और उनके द्वारा कहा जा रहा है कि 27 लाख का कार्य हो गया है। वही निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब कार्य शुरु ही नही हुआ तो 27 लाख खर्च कैसे हो सकते है। जब वर्क आर्डर जारी होगा तब काम शुरु होगा। फिलहाल इस कार्य की एजेंसी नगर निगम है लेकिन यदि यह दूसरी एजेंसी के पास गया तो इसकी प्रक्रिया फिर नए सिरे से की जाएगी।

वर्कआर्डर शीघ्र जारी होगा : समैय्या

निगम अभियंता जितेन्द्र समैय्या का कहना है कि शिवनाथ मुक्तिधाम के रिनोवेशन का कार्य एमआईसी में संकल्प के लिए गया है। फाइल मेरे पास आई नही है। फाइल आने के बाद वर्क आर्डर शीघ्र जारी किया जाएगा। उन्होने कहा कि शिवनाथ मुक्तिधाम के संधारण का कार्य अभी शुरु नही हुआ है।

सांसद ने की है अनुशंसा : वर्मा

जिला सांख्यिकी अधिकारी डीके वर्मा ने नवप्रदेश संवाददाता को बताया कि राज्यसभा सदस्य पाण्डेय ने शिवनाथ मुक्तिधाम के कार्य के लिए एजेंसी बदलने की अनुशंसा की है। उनका पत्र आया है। एजेंसी को बदलने की प्रक्रिया पर कार्य चल रहा है।

उपभोक्ता फोरम ने बिल्डर पर लगाया 2 लाख हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बिल्डर ने फ्लैट के एवज में पूरी रकम प्राप्त कर ली और फ्लैट की रजिस्ट्री भी ग्राहक के नाम पर कर दी परंतु ग्राहक को फ्लैट का कब्जा नहीं दिया। इसे उपभोक्ता के प्रति व्यावसायिक कदाचरण और सेवा में निम्नतापूर्ण आचरण मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने कुबेर ग्रीन के डायरेक्टर नागेंद्र प्रताप सिंह पर 2.01 लाख हर्जाना लगाया। आमदी नगर हुडको निवासी सुधाबाला वानखेड़े ने ग्राम पुरई स्थित कुबेर ग्रीन अपार्टमेंट में फ्लैट हेतु बिल्डर नागेंद्र प्रताप सिंह को 849000 रुपये भुगतान किया जिसके बाद संबंधित फ्लैट के बिक्रीनामा की रजिस्ट्री 24 नवंबर 2015 को कराई गई और बिल्डर ने जल्द ही भवन का कब्जा सौंपने का वचन दिया लेकिन 4 साल से बीतने के बाद भी परिवादिनी को उसके मकान का कब्जा नहीं दिया। परिवादिनी ने अपने जीवन भर की जमा पूंजी इकट्ठा कर उक्त फ्लैट लिया था।

मानने से ही संबंध बनते है : कृष्णानंद महाराज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सद्गुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में सदुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज ने सुन्दर कांड में कहा कि जिस भक्त पर गुरु और गोविन्द का आशीर्वाद होता है, वह निर्बल होते हुए भी मुश्किल कार्य को सफलता से संपन्न कर देता है। रामायण में सीता जी को भक्ति स्वरूपा बताया गया है, भगवान सूर्य को तेजवान, बाली को बलशाली एवं परशुराम जी को प्रतापवान दिखाया है। परंतु हनुमान जी में भक्ति, प्रताप, तेज, बल चारो गुण समाहित है इसी से वे श्रीराम जी एवं जानकी जी के अत्यंत प्रिय है। स्वामी ने बताया कि आशीर्वाद मांगने से नही मिलता। हनुमान जी महाराज की पूर्ण श्रद्धा एवं समर्पण के कारण उन्हें माँ जानकी से अष्ठसिद्धि नवनिधि का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जो व्यक्ति गुरु और गोविन्द के कार्य में अपना तन.मन.धन श्रद्धा और प्रेम से समर्पित करता है वह अनायास ही आशीर्वाद का पात्र बन जाता है। स्वामी जी ने आगे बताया कि मानने से ही संबंध बनते है। अपितु सीता जी हनुमान जी से उम्र में छोटी थी। हनुमान जी ने उन्हें माता मान कर अपने जीवन को कृतार्थ किया।माँ अदिश्री जी ने अपनी राम कथा में कुसंगत और कुबुद्धि पर प्रकाश डालते हुए भगवान राम के वनगमन का मार्मिक दृष्टान्त सुनाया।

निबंध प्रतियोगिता में बनाई राष्ट्रीय पहचान

भिलाई (नवप्रदेश)। सफलता के नित्य रचते सोपानों में एक और कड़ी जुडी शकुंतला विद्यालय के प्रज्ञा-प्रखर छात्र-छात्राओं ने अपनी लेखनी की धार से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में अद्वितीय सफ्लता अर्जित की। विगत माह में 'यून- भूटान' के संयुक्त तत्वाधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें कई राज्यों और राष्ट के लगभग 2.50 लाख विद्यार्थियों ने अपनी प्रविष्ठी दर्ज करवायी थी। निबंध लेखन-कौषल प्रतियोगिता अधोलिखित विषय बदलने की क्षमता हमारी प्रगति का प्रमाण है पर आधारित थी। यह दो भाषाओं में अर्थात् हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रस्तुत की जानी थी। विद्यालय के अध्ययनरत छात्र सौरभ साहू (12वीं) ने हिन्दी भाषा में प्रस्तुति देकर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रकांत वर्मा पिता कुमार सिंह वर्मा निवासी गयानगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 417/93 रकबा 0.023 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार रविकांत वर्मा पिता कुमार सिंह से दिनांक ... को क्रय कर हकत्याग निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 27.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं क्लिटस कुन्हीपालू मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू निवासी सड़क नं. 1 बी, मकान नं. बी/339 स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम क्लिटस मोयलन पिता श्री एम.ए. कुन्हीपालू से ही जाना पहचाना जावे।

तदानुसार सो सूचना जाने।

स्थान : दुर्ग

दिनांक : 19.02.2020

आवेदक
क्लिटस कुन्हीपालू
निवासी सड़क नं. 1 बी, मकान नं. बी/339 स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार साहू पिता श्यामसुंदर साहू साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 936/60 रकबा 2100 वर्ग. हे भूमि.. से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.04.2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./665/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर कुमार मकरिया पिता जंतुराम मकरिया निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 161/90 रकबा 0.013 हें. भूमि को विक्रेता सुरेश कोटिया पिता निर्मल सिंह कोटिया निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./650/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविशंकर खेवार पिता रंगीलाल खेवार निवासी ग्राम डौण्डी तहसील व जिला बालोद केद्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 213/23 रकबा 0.033 हें. मे से 2100 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती सुनीता लालवानी पति रमेश कुमार लालवानी निवासी ग्राम दीपक नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./582/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गेश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह पिता श्री कृष्णा सिंह निवासी ग्राम बांधा तालाब पार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/387 रकबा 0.010 हें. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 31.01.2020 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं BALJIT SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI निवासी PLOT-417, STREET-1B, SMRITI NAGAR, JUNWANI ROAD, BHILAI, DISTT.-DURG C.G. 490020 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम BALJEET SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI रख लिया है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BALJEET SINGH DHAMI S/O GYAN SINGH DHAMI से ही जाना पहचाना जावे।

BALJEET SINGH DHAMI
PLOT-417, STREET-1B, SMRITI NAGAR, JUNWANI ROAD, BHILAI, DISTT.-DURG C.G. 490020

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शालिनी साहू पति हेमंत कुमार साहू निवासी आर्य नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/373 रकबा 1500 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार हरदीप सिंह पिता जितेन्द्र सिंह से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमलाल साहू पिता विजय कुमार साहू निवासी मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 329/9 रकबा 0.007 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार कैलाश कुमार साहू पिता समारु राम साहू से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती चन्द्रमोहिनी (Chandramohini) पति श्री संदीप देवांगन (Sandeep Dewangan) निवासी 1587/25, छोटा चर्च के नजदीक कैलाश नगर वार्ड क्र. 14 कुरुद भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ की हूं। मेरी पुत्र तुष्यदीप देवांगन आ. श्री संदीप देवांगन (Sandeep Dewangan), माता श्रीमती चन्द्रमोहिनी (Chandramohini) वर्तमान में नाबालिक है जिसकी जन्मतिथि 11.04.2009 है। पूर्व में मेरे पुत्र तुष्यदीप आ. श्री संदीप देवांगन, माता श्रीमती शालू देवांगन के नाम से पहचानी एवं पुकारी जाती थी जिसका आगे भविष्य में पुत्र का संशोधित नाम तुष्यदीप देवांगन आ. श्री संदीप देवांगन (Sandeep Dewangan), माता श्रीमती चन्द्रमोहिनी (Chandramohini) रख ली हूं तथा लिख ली हूं अब मेरे पुत्र अपने परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारा जाता है।

अतः जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों एवं दस्तावेजों में मेरी पुत्र का नाम तुष्यदीप आ. श्री संदीप देवांगन माता श्रीमती शालू देवांगन है। जिसे आगे भविष्य में मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों एवं दस्तावेजों में परिवर्तित/ संशोधित नाम कुमारी तुष्यदीप देवांगन आ. श्री संदीप देवांगन (Sandeep Dewangan) माता श्रीमती चन्द्रमोहिनी (Chandramohini) लिखना चाहती हूं।

आवेदिका
श्रीमती चन्द्रमोहिनी (Chandramohini) पति श्री संदीप देवांगन (Sandeep Dewangan) निवासी 1587/25, छोटा चर्च के नजदीक कैलाश नगर वार्ड क्र. 14 कुरुद भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता दिनेश कुमार साहू पिता शोभाराम साहू, निवासी. मकान नंबर 181 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ का हूं। यह कि मेरा नाम पूर्व में मकशुदन साहू था। वर्तमान में मेरा आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में दिनेश कुमार साहू है। पूर्व में मेरा लायसेंस दुर्ग कार्यालय आर.टी.ओ. से मकशुदन साहू के नाम से जारी हुआ है जिसका लायसेंस नंबर सी.जी. 07, 20050025393 है। मैं अपना ड्रायविंग लायसेस नए नाम दिनेश कुमार साहू के नाम से रिनुअल एवं नाम में सुधार चाहता हूं जिसके लिए मैने आर.टी.ओ. की निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है।

यह कि यह शपथ पत्र मैं आर.टी.ओ. कार्यालय दुर्ग में प्रस्तुत कर रहा हूं ताकि मेरे लायसेंस में सुधार एवं रिनुअल हो सके।

शपथकर्ता
दिनेश कुमार साहू
निवासी :- मकान नंबर 181 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
726/अ-2 /2019-20	श्रीमती मनीषा अजय कलसकर	20200210400218

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मनीषा अजय कलसकर पति अजय मनोहर कलसकर निवासी फरिस्ता काम्पलेक्स दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह. व जिला दुर्ग	223/37	0.023 हें 2500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./695/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 20200210400177

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मोहम्मद अली आ. अकबर अली निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 07/09 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./690/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुमति मेहर पति श्री चन्द्रशेखर मेहर निवासी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/74, 274/71 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./689/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नीरा ठाकुर पति श्री दिलीप ठाकुर निवासी तितुरडीह वार्ड क्र. 19 दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/77, 274/74 रकबा 0.019 हें/ 2035 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओमप्रकाश साहू पिता टेटकूराम साहू निवासी ग्राम अमलेश्वरडीह तरसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम बठेना प.ह.न. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 551/1, 551/2 रकबा क्रमशः 0.12, 0.20 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.32 हे. कृषि भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में राजेन्द्र पिता समलियाराम साहू निवासी ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है को क्रय करने का पक्का सौदा कर चुके है। जिस संबंध में तथा सौदे के अनुरुप बतौर ब्याना दे चुका है जिसकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया शेष है।

अतः मेरे पक्षकारा द्वारा किए गए उक्त सौदे सुधा भूमि के संबंध में सौदे को लेकर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय को किसी भी प्रकार का हित, लेन-देन बकाया/ बंधक दर्ज हो तो वे ईश्तहार प्रकाशन की तिथि के एक सप्ताह के अंदर अपना पक्ष मय दस्तावेज सहित मेरे निवास पते/ कार्यालय पर उपस्थित होकर अपना पक्षक रख सकते है। मियाद पश्चात दर्ज आपत्ति मेरे पक्षकार बंधकनकारी नहीं होगा।

तदानुसार सो सूचना जाने।

अधिवक्ता
जी. एस. साहू/ श्रीमती मंजू साहू
मो. 7067081874

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिवानी दास पति श्री दिलीप कुमार दास निवासी ब्लाक बी डेहलिया भवन क्रमांक 358 तालपुरी रुआबांधा भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा ट्विनसिटी तालपुरी रुआबांधा दुर्ग-भिलाई में स्थित जूही फ्लैट क्रं. 136 (प्रथम तल) तालपुरी रुआबांधा जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्रीमती शिवानी दास की मृत्यु दिनांक 27.09.2019 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत उनके वारिस/ वारिसानों श्री दिलीप कुमार दास आ. श्री ए.के. दास ने आबंटित फ्लैट को अपने नाम पर नामांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त जूही फ्लैट क्रं. 136 (प्रथम तल) तालपुरी रुआबांधा जिला दुर्ग को श्री दिलीप कुमार दास के नाम इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती शिवानी दास के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिए मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री दिलीप कुमार दास के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 11.02.2020 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मदिरा विक्रय पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

महासमुंद। सोमवार को ग्राम आंवराडबरी निवासी प्रदीप ध्रुव के मकान से चार जरीकेन में कुल 20 लीटर हाथभट्ठी निर्मित महुआ मदिरा जब्त की गई। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक अल्ताफ खान एवं मधुकर श्याम हरित तथा आबकारी आरक्षक यज्ञशरण शुक्ला, इरफान अली तथा मुख्य आरक्षक शिवकुमार साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

किशोरी से अनाचार, युवक को 10 साल कैद

महासमुंद। शादी का प्रलोभन देकर किशोरी का दैहिक शोषण करने और अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में कोर्ट ने युवक को 10 साल की सश्रम कैद और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में दोषसिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत धारा 376 (2) (ढ) के तहत सांकरा थाना के ग्राम लोहरीन डोंगरी निवासी अनिल प्रधान(28) पुत्र मिनिकेतन प्रधान को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। इसी तरह धारा 506 भाग एक के तहत दो वर्ष व एक हजार रुपये के अर्थदंड तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत तीन वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर सजा पृथक-पृथक भुगतना होगा। एक अन्य आरोपी लोहरीन डोंगरी निवासी 22 वर्षीय सोहननंद पुत्र बीसीकेसन को वीडियो वायरल करने के मामले में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर एक माह का सजा पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार वर्ष 2012-13 से 18 दिसंबर 18 तक आरोपी अनिल प्रधान दैहिक शोषण किशोरी का करता रहा। इस बीच उसने किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर वाट्सएप में डालने की धमकी देकर संबंध बनाते रहा। 18 दिसंबर 18 को आरोपित के बुलाने पर किशोरी नहीं गई तो वह घर आकर गाली-गलौज करता रहा और अश्लील फोटो वाट्सएप में डालने की धमकी देते हुए सोहननंद के मोबाइल में डाल दिया। सोहन अन्य लोगों के मोबाइल में वाट्सएप किया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 376, 376 (2) (एन), 294 एवं धारा 04, धारा 06 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत फैसले के लिए कोर्ट में सौंपा था।

खुदकुशी की चेतावनी के बाद खरीदा धान

महासमुंद। रकबा कम होने से धान न बेच पाने से परेशान किसान की आत्महत्या की चेतावनी के बाद खरीदी गई। बागबाहरा ब्लॉक के खोपली सोसाइटी अंतर्गत ग्राम कल्याणुपर निवासी देवनारायण पिता परसादी का त्रुटिवश रकबा बदल गया जिससे उनका पंजीयन निरस्त हो गया। किसान ने बताया कि खरीदी केंद्र प्रबंधक ने नोडल अधिकारी को त्रुटि सुधार के लिए 7 दिसंबर 2019 को आवेदन भेजा। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। किसान ने सोमवार को बागबाहरा एसडीएम और थाने में इसकी सूचना देते हुए कहा कि 18 फरवरी तक धान बेचने की अनुमति न मिलने पर वह आत्महत्या के लिए विवश होंगें।

तेंदूआ के हमले से ग्रामीण घायल

महासमुंद। झलप ढेलका डोंगरी से लगे ग्राम बरभांठा में तेंदूआ के हमले से एक व्यक्ति घायल हो गया उन्हें झलप के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जाानकारी के अनुसार ग्राम बरभांठा खार निवासी पूर्व सरपंच कमल ध्रुव आज सुबह अपने खेत में दवाई का छिड़काव करने गया था। इसी दौरान अचानक तेंदूए ने उस पर हमला कर दिया उन्हें बाद में गांव वालों की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया।

दुर्घटना के बाद मारपीट, थाने में शिकायत

महासमुंद। दुर्घटना होने के बाद मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सुनील कुमार अग्रवाल ने सरायपाली पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को वह कार ओडी 17 टी 6611 में अपने पुत्र एवं नौकर असीत रंजन चौहान के साथ रायपुर जा रहा था कि ग्राम भोथलडीह के पास एक मोटर साइकिल सीजी 06 जीएफ1648 से टकरा गया, वहीं गाड़ी के सामने के बाएं ओर का टायर फट जाने से जायका शोरूम के अंदर घुस गई। तभी 11-11:30 बजे कुछ लोग दौड़ कर आए और शोरूम के अंदर घुसकर सुनील और उनके नौकर असीत रंजन चौहान से मारपीट की।

प्रदेश में महासमुन्द जिले का डिजीटल लेन-देन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया चयन

■ **कलेक्टर ने बैंकर्स को आवश्यकता अनुरूप ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा, पीओएस मशीन, भीम एप्प, क्यू.आर. कोड प्रदाय करने के दिए निर्देश**

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में कल जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से जिले के सभी बैंकर्स उपस्थित थे। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कहा कि डिजीटल लेन-देन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महासमुन्द जिले का चयन किया गया है। आगामी नवम्बर तक शत-प्रतिशत लेन-देन डिजीटल के माध्यम से किया जाए इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी बैंकर्स को आवश्यक कार्रवाई एवं कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न बैंकों के खाताधारकों के खाता आवश्यकतानुसार एवं उपयोग अनुरूप एटीएम शत-प्रतिशत प्रदाय किया जाए। इसके अलावा आवश्यकता के अनुरूप ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा, पीओएस मशीन, भीम एप्प, क्यू.आर. कोड इत्यादि प्रदाय किया जाए।

बैठक में श्री जैन ने कहा कि डिजीटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण देना जरूरी है। इसके लिए बैंकर्स जिले के सभी विकासखण्डों को अलग-अलग बैंकवार परिचालन एवं प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्व-सहायता समूहों, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, उद्योग संगठनों, व्यापारिक संघों, परिवहन संघों सहित अन्य संगठनों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतों में टेलीकॉम कंपनियों द्वारा ऑपटिकल फाइबर बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इससे डिजीटल लेन-देन सहित अन्य कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। नगद लेन-देन के स्थान पर डिजीटल लेन-देन आसान एवं उपयोगी है। इसको प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जाए।

दो बाईक की टक्कर एक की मौत, तीन गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

सांकरा। एनएच 53 ग्राम बल्दीडीही थाना पिथौरा के पास दो बाइक सवार भिड़ंत में तीन गंभीर रूप से घायल हुए और एक की मौत हो गई है घायलों को तत्काल अस्पताल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीनों को रायपुर रिफर किया गया मिली जानकारी के अनुसार मौके पर ही एक आदमी की मृत्यु हो गई बताये अनुसार मृतक ग्राम सपोस का निवासी हैं अन्य घायल में अंजोरसिंग निवासी राजादेवरी सुखरी,जिला बलौदाबाज़ार, प्रीतमलाल राजादेवरी सुखरी जिला बलौदाबाजार, लोचन लाल बरिहा ग्राम सपोस जिला महासमुंद,नंदलाल ग्राम सपोस जिला महासमुंद के हैं।

पांच और स्कूल बने टॉफी सेंटर के साथ मितानिनों ने भी उठाई मांग

■ **जिला तंबाकू नशा-मुक्ति केंद्र के साथ कदम मिलाकर मितानिनों ने खोला मोर्चा**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। तंबाकू नशा उन्मूलन की ओर अग्रसर, प्रदेश के अव्वल जिलों में से एक महासमुंद में अब जिला तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र के साथ अन्य संस्थाएं और कार्यक्रम भी तेजी से जुड़ते नजर आ रहे हैं। नशे की सामाजिक बुराई से संयुक्त रूप से लड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान में 17 फरवरी को जिले के महासमुंद, पटेवा और बिरकोनी क्षेत्र में तीन वृहदत्तर कार्यशालाएं आयोजित की गई। गैर संचारी रोग कार्यक्रम के नोडल अफसर डॉ अनिरूद्ध कसार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में इन कार्यशालाओं की जिम्मेवारी जिला सलाहकार अदीबा बट्ट को सौंपी गई है। जिनकी अगुआई में विकासखंड महासमुंद के डायरेक्शन इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं श्याम बालाजी विद्यालय सहित मां गायत्री विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं। वहीं जिला तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र दल का दूसरा अमला पटेवा एवं बिरकोनी क्षेत्र के लिए रवाना किया गया और क्रमशः सरस्वती शिशु मंदिर एवं श्रद्धा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत नशा उन्मूलन की जानकारी प्रदान करते हुये विद्यालयों को टॉफी सेंटर मतलब तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत आवेदन 22 तक

बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह के इच्छुक अभिभावकों से 22 फरवरी तक महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना कार्यालयों में आवेदन मंगाये गये हैं। सामूहिक विवाह का आयोजन जिले में 28 फरवरी को किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कन्या विवाह के लिए अनुदान राशि बढ़ाकर 25 हजार रूपये प्रति कन्या कर दिया गया है। इसके पहले यह राशि केवल 15 हजार रूपये थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री खाद्यान्ना योजना के अंतर्गत कार्डधारकों की अधिकतम दो कन्याओं का विवाह इस योजना के अंतर्गत किया जा सकता है। चयनित बालिका की आयु विवाह तिथि के दिन 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिये।

सभी विभागों में जल्द ही अलग से होगा शिकायत निवारण सेल का गठन : कलेक्टर गोयल

■ **आज से फिर से शुरू हुई जन-चैपाल, कलेक्टर ने किया समस्याओं का निराकरण**

बलौदाबाजार। लगातार आम नागरिकों की तय सीमा में समस्याओं का निराकरण नही होने के चलते कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। यह बात आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार विभागीय समय सीमा बैठक में में कहा। उन्होंने सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को कहा है कि वह अपने अपने विभागों में किसी एक सक्षम अधिकारियों को इसके लिये अलग से कार्य देवे। एवं साथ ही आने वाले आवेदनों के लिए अलग से रजिस्टर भी संधारण करनें के निर्देश दिया है। उन्होंने कहा जो भी शिकायत निवारण अधिकारी होगा उनका नाम और मोबाइल नंबर ऑफिस में डिस्प्ले होना चाहिए में तथा इसे प्रेस के माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर आम लोगों को बताया जायेगा। ताकि सभी व्यक्तियों के समस्यों के आवेदनों का जल्द ही निराकरण किया जा सकें।उन्होंने विभिन्न विभागों की बिंदुवार समीक्षा कर तय समय मे आवेदनों को निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पूरे जिला प्रशासन के अधिकारियों को महानदी मैराथन की सफल आयोजन के लिये बधाई देतें हुए आगें भी इसी तरह कार्य करतें रहने की शुभकामनाएं दिए। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक, डीएफओ,अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को धन्यवाद कहा। आज से लगभग ढाई महीने बाद फिर से जन चैपाल शुरू हो गया।आज बड़ी सँख्या में जिले से समस्यों को लेकर कलेक्टर के पास आये थे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को पढ़ कर उसके निराकरण के लिये सम्बंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। रिटायर्ड शिक्षक शत्रुहन प्रसाद साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेल्हा ग्राम बनाहील बिलाईगढ़ से आये कलेक्टर को अपना आवेदन दिया।

काव्य संग्रह कलम दवात का विमोचन और काव्य गोष्ठी का आयोजन

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ में लगातार शैक्षणिक, साहित्यिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्यरत संस्था मोहनयश फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा 21 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर देश के नामचीन साहित्यकारो की रचना से सुसज्जित साझा काव्य संग्रह कलम दवात का विमोचन और काव्य गोष्ठी एवं कलम दवात सम्मान समारोह का आयोजन सिविल लाइन्स रायपुर के वृन्दावन हॉल में दोपहर तीन बजे से रखा गया है। जिसमें आप सभी साहित्य प्रेमी सादर आमंत्रित हैं।

रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर को उक्त कार्यक्रम का आमंत्रण देते हुए फाउंडेशन की रिसोर्स पर्सन डॉ योगिता बाजपेई और अध्यक्ष मनीष बाजपेयी ने संस्था द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी सौंपी जिसकी मुक्त कंठ से सराहना करते हुए महापौर ने संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूलों में कोर्स अधूरे, दो-तीन मार्च से 10वीं-12वीं की परीक्षा

महासमुंद। दसवीं-बारहवीं बोर्ड की परीक्षा को अब दस दिन ही शेष हैं। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। कई स्कूलों में इस बार शत प्रतिशत कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। लेकिन, शिक्षा विभाग का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट में सुधार के लिए कई नवाचार किए गए हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई पर फोकस के लिए प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि बारहवीं का पहला पर्चा 2 मार्च और दसवीं का पहला पर्चा 3 मार्च से हैं। इस शिक्षासत्र में कक्षा दसवीं में कुल 15628 और बारहवीं में 10844 छात्र-छात्राएं शामिल होने जा रहे हैं। इस साल दो नए केंद्र बढ़ाने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल को शासकीय उमावि मोंहदी, बागबाहरा और पिथौरा के शासकीय हाईस्कूल मोहगांव का प्रस्ताव भेजा गया। जिनकी स्वीकृति मिल गई है। अब 113 केंद्रों में परीक्षाएं होंगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री और प्रश्न पत्रों का वितरण 22 फरवरी को होगा। जिला शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल को उडनदस्ता दल की जानकारी भेज दी है। जानकारी के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं के लिए 21 को सामग्री यहां पहुंचेगी। बाद विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए 22 का वितरण किया जाएगा।गोपनीय सामग्री संबंधित थाना में रखा जाएगा।

टिटलागढ़ से महासमुंद तक इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा

महासमुंद। रेल विकास निगम की ओर से टिटलागढ़ से महासमुंद तक दोनों तरफ इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो चुका है। साथ ही रेलवे सेफ्टी ऑडिट टीम ने भी इस रूट को सेफ्टी क्लीयरेंस दे दिया है। यही कारण है कि सभी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबलपुर डिवीजन की ओर से 8 फरवरी को पहली गुड्स ट्रेन का परिचालन इलेक्ट्रिक इंजन के जरिए किया गया था। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार औसत 58 किमी प्रति घंटा थीं। इस सफल ट्रायल के बाद से ही रेलवे के अफसर उत्साहित थे। अफसरों की मानें तो 8 फरवरी को सफल प्रयोग के बाद से ही यात्री ट्रेनों के परिचालन की तैयारी शुरू कर दी गई थी। इसके लिए सोमवार को बैठक आयोजित कर पहले ट्रायल के रूप में इंजन चलाने का फैसला लिया गया।

पॉलिटेक्निक के 21 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

महासमुंद। वेटनरी पॉलिटेक्निक बरोंडाबाजार में जिला अस्पताल के सहयोग से कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हीमोग्लोबिन की जांच, रक्तचाप, रक्त समूह परीक्षण किया गया।

गर्मी में पेयजल की समुचित आपूर्ति के लिए अभी से तैयारी करने की जरूरत

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को विभागीय काम-काज की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत आम चुनाव की आचार संहिता के चलते नवम्बर से अब तक लगभग साढ़े तीन महीने तक विभागीय काम-काज नहीं हो पाए। बचे हुए वर्किंग समय 15 जून तक विभागीय कार्यों में उपलब्धि हासिल करने के लिए अधिक गतिशीलता से काम करने की जरूरत है। श्री मौर्य ने जिला स्तरीय अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों के अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा के लिए नियमित दौरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने हल्दी में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

राजनांदगांव। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा शहर के ग्रामीण वार्ड हल्दी में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान वार्ड के पार्षद केवल साहू सहित पार्षद शरद पटेल व अमीन हुड्डा उपस्थित थे। महापौर श्रीमती देशमुख हल्दी के सभी गलियों व मोहल्लों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर और नागरिकों से सफाई व्यवस्था एवं वार्ड की समस्या के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव से कही कि वार्ड में नियमित रूप सें सफाई कराई जाये, ताकि ग्रामीण वार्ड में संक्रामक बीमारी न फैले। नालियों की सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करे। कचरा नहीं उठने से कचरा सड़कों में फैल जाता है, जिसके कारण परेशानी होती है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NITESH JAIN S/O HERALAL JAIN निवासी HNO.1237, WARD NO.06, BARETH PARA, KHAIRAGARH, RAJNANDGAON (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम NITESH KUMAR JAIN S/O HIRA LAL JAIN रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम NITESH KUMAR JAIN S/O HIRA LAL JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

NITESH KUMAR JAIN
HNO.1237, WARD NO.06,
BARETH PARA,
KHAIRAGARH,
RAJNANDGAON (C.G)

न्यायालय तहसीलदार साजा, जिला-बेमेतरा

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. अटल नगर रायपुर के आदेश क्र./या.प्र.-5/2019/6256 दिनांक 28.05.2019 अंतर्गत नरूवा, गुरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजना हेतु 30 लाख की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई है। परिषद की बैठक दिनांक 05.07.2019 के संकल्प क्रं. 06 द्वारा शासकीय भूमि ख.नं. 123 रकबा 1.60 हे. का चयन किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 27/02/2020 को 11.00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं बाद प्राप्त आपत्ति/ आवेदनों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
साजा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-07/77 प्रथम तल में श्री अजीत कुमार साहू पिता श्री उद्धव चंद्र साहू को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 23.02.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06.02.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/ भवन श्रीमती मंजू देवी पति श्री अनिल कुमार त्रिपाठी के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 493/2019-20
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-45 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 45/ए-6 प्लाश विहार जो कि निगम अभिलेख में श्री हरीलाल चैनानी पिता स्व. होलाराम चैनानी के नाम से दर्ज है, जिसको (1) श्री अशोक कुमार चैनानी (2) श्री जय कुमार चैनानी दोनों पिता स्व. प्रकाशलाल चैनानी रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 496/2019-20
वार्ड का नाम- डा. राजेन्द्र प्रसाद-46

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 46 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 46/एलआईजी-24 बरडिया विहार जो कि निगम अभिलेख में श्री श्रीराम यादव पिता श्री कल्पनाथ यादव के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रतन पोद्दार पिता स्व. श्री सतीशचंद्र पोद्दार ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बालोद (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-पुअ/बालोद/एस-1/03 /2020 बालोद, दिनांक 17/02/2020

:: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/छ.ग. गृह निर्माण मण्डल/ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/ सिंचाई विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बालोद में निविदा हेतु उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 24.02.2020 के 5.30 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 25.02.2020 के 5.30 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 26.02.2020 के 12.00 बजे से
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान-0055 पुलिस, 800 अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह
(6) ठेके की श्रेणी/निविदा आमंत्रण क्रमांक :- ''डी'' एवं अन्य श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी भवन एस.ओ.आर. में प्रचलित

स. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि
1	थाना मंगचुवा में 03 नग टॉवर मोर्चा निर्माण कार्य	6,60,000.00	13,200.00

नोट :-
01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद से सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक
जिला बालोद (छ.ग.)

जी-77054/3

न्यूज गैलरी

प्रदेश स्तरीय इंटर स्कूल ओपन डांस प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा। शा.प्राथमिक शाला व पुर्व माध्यमिक शाला संयुक्त स्कुल मे प्रदेश स्तर इंटर स्कुल व ओपन डांस कॉम्पिटीशन 2020 का आयोजन 18 फरवरी दिन मंगलवार को किया गया , जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रेमसाय सिंह टेकाम, शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे प्रदेश के स्कूलों से एवं ओपन डांस मे भाटापारा, हथबंद, भवानीपुर, पलारी, बिलासपुर, गरियाबंद, सिलयारी, रायपुर, रायगढ़, कोरबा जैसे प्रदेश के अनेक स्कुलो से इंटर स्कुल डांस एवं प्रदेश के अनेक क्षेत्रो से डांसर प्रतिभागी ओपन डांस मे भाग लिये ।

जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन 24 को

भाटापारा। जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 24 फरवरी को जिला पंचायत के सभागार में सुबह साढे 11 बजे आहूत किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशुतोस पाण्डेय ने सभी सदस्यों पदाधिकारियो को कार्यक्रम की सुचना भेज दी है। 24 तारीख को ही प्रथम सम्मेलन में शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को कार्यभार भी ग्रहण भी कराया जायेगा।

महाशिवरात्रि का आयोजन 21 को

भाटापारा। विविध आयोजनों के माध्यम से समाज मे समरसता एवं सार्थक संदेश के प्रसार मे तत्पर सरयूपारी ब्राह्मण समाज के आयोजन प्रकल्प सरयू साहित्य परिषद द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक नवधा रामायण मंडप स्थित नक्खी बाबा शिव मंदिर मे महा शिवरात्रि पूजन का आयोजन 21फरवरी को दोपहर दो बजे से किया गया है, जिसके तहत उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद लिया जायेगा, उक्ताशय की जानकारी देते हुए परिषद के वरिष्ठ सदस्य गौरीशंकर शर्मा द्वारा बताया गया।

नि :शुल्क मिरगी रोग शिविर संपन्न

भाटापारा। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2020 को आयोजित विशाल निःशुल्क मिर्गी रोग उपचार शिविर शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 935 रोगियों का पंजीयन किया गया था जिसमें 711 मरीज उपस्थित होकर दवा प्राप्त किए। फकीरी व आयुर्वेदिक पद्धति की दवा इन्हें खिलाई गई दवा नियमानुसार ब्रह्म मुहूर्त से सूर्योदय पूर्व तक ही खिलाई गई ।दवा बनारस से आए डॉ श्री तेज बहादुर सिंह द्वारा दी गई। मरीज व उनके साथ आए सहयोगियों ने भी अपनी शालीनता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर योगदान दिया ।

विदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

भाटापारा। स्थानीय ईतवारीराम यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विदयालय भाटापारा में दिनांक 20 फरवरी 2020 दिन गुरूवार को कक्षा 12 वी के छात्रो को कक्षा 11वीं के छात्रो व्दारा दोपहर एक बजे बिदाई दी जावेगी जिसके तहत बिदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ,उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथी प्रशांत गांधी अध्यक्ष स्स्छ्ष्ट होगें तथा अन्य अतिथीयों मे सुरेश वाधवानी,श्रीमती रानी वर्मा पार्षद, नवीन बक्स ,प्रदीप केशरवानी ,राजेन्द्र नायक ,जहीर बांठिया ,पूर्णिमा श्रीवास ,घासीन खूंटे स्स्छ्ष्ट सदस्य होगें । उपरोक्त कार्यक्रम में छात्राओं के व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

शोकाकुल गुप्ता परिवार से मिले बाफना

साजा। साजा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना सोमवार शाम को नगर के युवा पत्रकार स्व. प्रकाश गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उनके परिवार जनों से भेंट किए व वहां बैठकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही वे ग्राम राजा मोहगांव में पिंटू निर्मलकर के यहाँ शोक कार्यक्रम में शामिल होकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाये।

भूतेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण की सफाई

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देश के परिपालन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरसेना के जिला सेनानी के मार्गदर्शन में नगरसेना इकाई के महिला व पुरुष सैनिको द्वारा 19 फरवरी को भूतेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण एवं आस पास की साफसफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई पश्चात जिला सेनानी द्वारा अपने जवानों को हमेशा आस पास सफाई रखने संदेश दिया गया। सफाई के दौरान नगरसेना के जिला सेनानी दीपांकुर नाथ, लांस नायक सूरज सोनी, कुलेश्वर साहू, रामलाल साहू, गैंद साहु, जितेंद्र सेन एवं बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सैनिक उपस्थित थे।

श्रमजीवी पत्रकार संघ ने दी प्रकाश को श्रद्धांजलि

साजा। नगर के युवा पत्रकार प्रकाश गुप्ता (समवेत शिखर) के आकस्मिक निधन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक इकाई साजा ने विगत दिन शाम को स्थानीय विश्राम गृह में शोक सभा का आयोजन किया। जहां पर संघ के सभी सदस्यों द्वारा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर अपने परिवार के सदस्य प्रकाश गुप्ता को अश्रुपूर्ति श्रद्धांजली अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। उक्त शोक सभा में ब्लाक अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव प्रमोद गुप्ता, संरक्षक लक्ष्मी नारायण चांडक, कमलाकांत मिश्रा, संतोष शर्मा, कृष्णा राठी, प्रदेश प्रतिनिधि संजू जैन, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, डेनिस यादव, कोषाध्यक्ष टुमेश जायसवाल, सहसचिव नरेंद्र टावरी, राजु शर्मा, सोनु राम श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नेहरू युवा केन्द्र ने किया आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

पिपरिया। नेहरू युवा केन्द्र संगठन कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सयुंक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत पिपरिया में किया। जिसमे सैकड़ो की संख्या में युवा मंडल युवती मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुम्भकार, विशिष्ट अतिथि मुकेश सोम थाना प्रभारी नगर पंचायत पिपरिया,विशिष्ट अतिथि विक्की अग्रवाल पार्षद नगर पंचायत पिपरिया कार्यक्रम में रहे। युवा संसद कार्यक्रम चार विषयो पर सम्पन्न हुआ जिसमें योगा हरिराम साहू द्वारा, व्यक्तित्व विकास लोकनाथ देवांगन विद्याय कोचिंग कवर्धा, यातायात नियम मुकेश सोम थाना प्रभारी द्वारा एवं स्वास्थ्य विभाग से भी संबंधित जानकारी प्रदान किया गया।

राजिम माघी पुन्नी मेला मितव्ययता का उत्कृष्ट उदाहरण

गरियाबंद। राजिम माघी पुन्नी मेला वैसे तो अपनी मूल संस्कृति के पुर्नस्थापन के लिए याद किया जायेगा। लेकिन मेले के सफल आयोजन में फिजूलखर्ची पर रोक और कम बजट में सफल आयोजन के साथ ही मितव्ययता का उत्कृष्ट उदाहरण के लिए भी याद किया जाना चाहिए। प्रदेष के मुखिया भूपेष बघेल की मंषानुरूप मेले में राज्य की संस्कृति, भाषा, बोली, रहन-सहन, रीति-रिवाज को स्थापित करने का प्रयास किया गया है। माघी पुन्नी मेला में राज्य की संस्कृति की झलक साफदिखाई देती है।

शिकारियों ने किया सांभर का शिकार, वन विभाग ने तत्परता से की कार्रवाई

■ **6 आरोपियो को हुई सजा**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शिकारियों ने पहले से ही घायल सांभर को लाठी और पत्थरो से मारकर उसकी जान ले ली। शिकारियो ने पहले से जहां जाल बिछाकर सांभर को पकडा था वही सांभर जाल से अपने आप को बचाते हुए बस्ती की ओर आ पहुंचा था। लेकिन वह इस घटनाक्रम में चोटिल हो चुका था। ग्राम के कुछ लोगो ने घायल सांभर को देख इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग पंडरिया के टीम भंगीटोला पहुंची और सांभर का इलाज कराने पशु चिकित्सालय ले आए। और उसकी स्वस्थ स्थिति को देखकर उसे पुनः जंगल की ओर छोड दिया गया लेकिन शिकारी सांभर पर पहले ही घात लगाकर बैठे हुए थे। शिकारियो ने जख्मी सांभर को आखिरकार जान से ही मार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वनविभाग पंडरिया ने तुरंत ही टीम का गठन किया और मामले की जांच शुरू करते हुए 6 आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियो के पास से वन्यप्राणी सांभर के अवशेश भी बरामद किए गए। साथ ही सांभर को मारने के लिए जिस टंगिये का उपयोग किया गया था उसे भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियो के विरूद्व वन्य प्राणी सरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियो को गिरतार कर जेल भेजा गया है।

ये है आरोपी

मुख्य आरोपी संतराम पिता देवचंद, भकलु पिता भगवान, हरेसिंग पिता बलिराम, धानु पिता मिरु बैगा, कुँवर सिंग पिता बलिराम, पचू पिता पनका गोंड।

आयकर विभाग की कार्रवाई से कवर्धा में एक बार फिर मचा हडकंप

कवर्धा। आयकर विभाग ने कबीरधाम जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन निजी अस्पतालों में छापा मारा है। तीनों अस्पतालों से लगभग 7 करोड़ 52 लाख रुपए बुधवार को सरेंडर कराया। मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा में इनकम टैक्स विभाग की छापेमार कार्रवाई मंगलवार से चल रही थी। रातभर अधिकारी अस्पतालों से जुड़ी फाइलें खंगालते रहे। टैक्स चोरी का खुलासा होने पर करोड़ों रुपए सरेंडर कराए। इधर आईटी के छापे की खबर से जिलेभर में हड़कंप मच गया है।

इन अस्पतालों ने किए रुपए सरेंडर : आयकर विभाग की टीम ने कवर्धा के जिन तीन अस्पतालों में दबिश उनमें रूपजीवन प्रसूति गृह, परिहार हॉस्पिटल और स्नेहा क्लीनिक शामिल है।

सेवानिवृत्त वाहन चालको को दी गई विदाई

कवर्धा। शासकीय एंव अर्धशासकीय वाहनचालक संघ कबीरधाम द्वारा बैठक आयोजित कर सेवानिवृत्त वाहन चालको को विदाई दिया गया। जिसमें राजेन्द्र चैबे जिला कार्यालय, मो हनीफ खान जल संसाधन विभाग, मो इकबाल खान तहसील कवर्धा, पृथ्वी सोनी वन विभाग, रमेश जयसवाल .षि विभाग, रविशंकर मिश्रा स्वास्थ्य विभाग इन वाहनचालको को विदाई दिया गया। उक्त आयोजन में अध्यक्ष अशोक पाली ,सईद खान शिवप्रसाद कोराम ,निरंजन यादव, होरी धुर्वे, जय साहू, गजेंद्र यादव, शिकन्दर खान, सतीश मानिकपुरी, भोज कौशिक एवं सभी वाहन चालक उपस्थित रहे ।

परीक्षा केन्द्रो में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

कवर्धा। बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मंथन कक्ष में पूर्वाह्न 11रू30 बजे से जिला शिक्षा अधिकारी के. एल. महिलांगे, सहायक संचालक द्वय एम. के. गुप्ता, यू. आर. चन्द्राकर व एम. आई. एस., प्रशासक सतीश कुमार यदु की उपस्थिति में छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कुल प्रमाण पत्र परीक्षा व हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2020 के लिए नियुक्त जिले के समस्त 67 केन्द्राध्यक्षों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई । आयोजित बैठक मे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता मे रखते हुए अनुशासन व सतर्कता के साथ सफल परीक्षा संचालन के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन व दिशा निर्देश दिए गए ।

बारिश से चना फसल बर्बाद, किसानों ने की मुवावजे की मांग, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मंगलवार को सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम दारगांव के सैकड़ो किसानों ने बारिश से कई एकड़ में लगे चने की फसल बर्बाद होने की जानकारी लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग रखी है। लगातार हुई बेमौसम बारिश से कई एकड़ में लगे चना, लाखड़ी, तिवड़ा, अरहर, मसूर, कुल्थी, मटर, सरसो सहित अन्य रबी फसल बर्बाद हो चुकी है। सिर्फधान को नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं गेंहू और सब्जी में कीट प्रकोप छाया हुआ है। किसान पुरषोत्तम साहू ने बताया कि गांव आसपास किसानों ने सैंकड़ों एकड़ खेत में चना फसल की बुआई किए हैं। लगातार हो रही बारिश से चना फसल पूरी तरह खराब हो गई है। किसानों ने कहा कि इस साल खरीफ सीजन में अच्छी बारिश नहीं होने से धान भी नहीं हुआ है। किसान कर्ज लेकर चना की बुआई किए हैं, लेकिन कई दिनों से लगातार हुई बेमौसम बारिश से चना की फसल पूरी तरह खराब हो गई है। किसानों ने जल्द से जल्द मुआवजा देकर राहत देने की मांग की है।

आपातकालीन सेवा में कैसे दें काम को अंजाम दी गई जानकारी

कवर्धा। बुधवार को न्यू पुलिस लाइन कबीरधाम कवर्धा में सी,4 रायपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी डायल 112 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के मार्गदर्शन में डायल 112 में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों एवं वाहन चालकों का बैठक लिया गया बैठक में सभी कर्मचारियों को आपातकालीन सेवा में कैसे सतर्कता पूर्वक अपने काम को अंजाम देना है समझाया गया सी,4 से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया गया महिलाओं की सुरक्षा को .ष्टिगत रखते हुए सुरक्षित स्थान तक छोड़ने एवं गंभीर घटनाओं पर घटनास्थल एवं घायल व्यक्तियों का दो-तीन फोटो लेकर संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी के व्हाट्सएप नंबर पर भेजने बताया गया।

युवती का अपहरण कर किया दुष्कर्म, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

■ **शादी का दिया झासा, दबाव बनाकर बनाया शारीरिक संबंध**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। परिजनो ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक लडकी मेहमान नवाजी में अपने मामा के घर ग्राम धनोरा आई थी। जो दिनांक 08.02.2020 को दोपहर 1रू00 से 2रू00 के बीच घर में नही होने पर आसपास ढूंढने पर नहीं मिली। जिसके उपरांत पीड़िता के मामा कि रिपोर्ट पर थाना सिंघनपुरी मे अपराध क्रमांक 2¦20 धारा 363 भादवि. कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता को बरामद कर पुछताछ किया जो बताई कि आरोपी राहुल जांगड़े पिता शिव कुमार जांगड़े जाती सतनामी उम्र 19 वर्ष साकिन बिरनपुर खुर्द थाना गंडई ने मुझे बहला फुसला कर मुझसे शादी करूंगा कहकर अपने मोटर सायकल मे मुझे बिठा लिया गंडई में एक अन्य व्यक्ति भी मिला जिसको मैं नहीं पहचानती जिसके साथ मोटरसाइकिल से दुर्ग रेलवे स्टेशन गए जहां से टिकट कटा कर ट्रेन से शिरडी गए जहां संगम सिटी नामक स्थान में किराए का मकान लेकर रुके अज्ञात व्यक्ति जो गंडई में मिला था वह दुर्ग तक छोड़ने के बाद वापस चला गया राहुल जांगड़े मुझसे बोला मै तुमसे शादी करूंगा और संगम के किराया मकान में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। अपने कथन मे बताई मामले के आरोपी राहुल जांगड़े पिता शिव कुमार जांगड़े उम्र 19 वर्ष निवासी बिरनपुर खुर्द थाना गंडई जिला राजनांदगांव का .त्य अपराध धारा सदर कहो ना पाया जाने से गिरतार कर जेल भेजा गया ।

पुरगांव में मना वार्षिकोत्सव

भटगांव। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पुरगांव मे वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद सदस्य फिरंगी राम साहू व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल रहे। तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे हरिशंकर पटेल सरपंच कोरकोटी, रामकुमारी चौहान, पार्वती साहू, कमला भारद्वाज, शकुन्तला ध्रुव, भीषम कुमार जायसवाल रहे। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति शुकवारा सीताराम डड़सेना सरपंच पुरगांव ने की। तो वही सभी अतिथियो के द्वारा मां सरस्वाती की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। ततपश्चात मुख्य अतिथि के रूप मे रहे जनपद सदस्य फिरंगी लाल साहू ने कहा कि आज सभी बच्चे इस विद्यालय के मंदिर मे शिक्षा ग्रहण कर एक नई उचाई को छुएंगे। तो वही सरपंच शुकवारा सीताराम डड़सेना ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यही बच्चे कल के भविष्य है और आगे देश को नए दिशा पर ले जाने का काम करेंगे।

टंगिये से वारकर हत्या का प्रयास करने वाला अपचारी बालक गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

■ **बाल सम्प्रेक्षण गृह महासमुन्द दाखिल किया गया**

भाटापारा। प्रार्थी द्वारा मारपीट किये जाने से आहत एक बालक ने बदला लेने की नियत से पीड़ित के ऊपर टंगिया से वॉर कर जान लेवा हमला कर फरार हो गया थाद्धजिसे पुलिस ने पकड़कर न्यायलय के आदेश् पर बाल सम्प्रेशन गृह भेज कर शहर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की प्रार्थी अभिषेक शुक्ला पिता रमेश शुक्ला उम 25 वर्ष साकिन टिकुलिया थाना भाटापारा ग्रामीण हाल सुभाष वार्ड भाटापारा का दिनांक 17 फरवरी को रात में थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 22 : 30 बजे अपने दोस्तो के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मे कमल नारायण वर्मा के घर के पास खड़े से वही पर मोन्टा खान का मोहल्ले के लोग कछ विवाद कर रहे थे तो प्रार्थी लोगो के द्वारा मोन्टा खान को समझाये तो वह अपने घर चला गया । प्रार्थी भी अपने मोटरसायकल से जाने लगा कि आगे 15 - 20 मीटर दूरी पर अपचारी बालक के द्वारा टंगिया छुपाकर रखा खडा था जो प्रार्थी को जान से मरने की नियत से प्रार्थी के सिर मे प्राण घातक कर वहा से भाग गया ।

खैरागढ़ में होगा राजपूतों का महाकुम्भ

■ **22-23 दो दिवसीय महाधिवेशन में हजारों लोग जुटेंगे**

राजनांदगांव। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह (पंजीयन क्रमांक 1282) का दो दिवसीय 56 वां वार्षिक महा अधिवेशन आगामी 22 एवं 23 फरवरी को संगीत नगरी खैरागढ़ के फतेह मैदान में आयोजित किया गया है। राजपूतों के इस वार्षिक महाकुंभ में पूरे प्रदेश से लगभग 20 हजार से ज्यादा राजपूतों के शामिल होने का अनुमान है।

56 वां महाधिवेशन में संयोजक की जिम्मेदारी खैरागढ़ उपसमिति के ठा.बद्री विशाल सिंह को सौंपी गई है। सहसंयोजक खैरागढ़ के ठा. देवेश सिंह और राजनांदगांव के ठा.प्रदीप सिंह गुगेल को बनाया गया है। उप संयोजक के रूप में उप समिति खैरागढ़ के अध्यक्ष ठा. शेर सिंह गांधी, उप समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष ठा. भागवत सिंह बघेल, उप समिति डोंगरगांव के अध्यक्ष ठा.अमर सिंह, उप समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष ठा. संतोष सिंह बघेल, उपसमिति बालोद के अध्यक्ष ठा. दीपक सिंह भुवाल और उपसमिति गंडई के अध्यक्ष ठाकुर प्रमोद सिंह होंगे।

अधिवेशन के प्रथम दिवस 22 फरवरी को प्रातः 8.00 बजे से अधिवेशन स्थल में फतेह सिंह मैदान में पंजीयन एवं कूपन वितरण का काम शुरू होगा। पूर्वान्ह 11.00 बजे अधिवेशन स्थल में दुर्ग से आने वाली महाराणा प्रताप ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। पूर्वान्ह 11.30 बजे महासभा के अध्यक्ष ठा. होरी सिंह डौड द्वारा ध्वजारोहण के साथ अधिवेशन का शुभारंभ होगा। तत्पश्चात मध्यान्ह 12.00 बजे से अधिवेशन स्थल परिसर से विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए अधिवेशन स्थल में ही समाप्त होगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे आयोजन समिति राजनांदगांव जोन द्वारा महासभा के केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया जाएगा।

नपं के अधिकांश वार्ड की सड़कों का हाल-बेहाल, बह रहा गंदा पानी

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर पंचायत लवन में लोग नगरीय सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे है। रहते है नगर पंचायत में लेकिन सुविधाएं गांवों से भी बदत्तर है। जगह-जगह कूड़े के ढेर, सफाई का अभाव, चोक नाली यहां की अव्यवस्थाओं की पोल खोलते है। यहां के लोग मुलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है। नगर के अधिकांश वार्ड में सीसी रोड नहीं बन पाई है, तो वही पानी की समस्या से लोग जब से नगर पंचायत बनी है तब से लेकर आज तक जुझ रहे है, यहां के अधिकांश वार्ड के लोग टैंकर के पानी पर निर्भर रहते है। वही कुछ मोहल्ले में सफाईकर्मी नियमित नहीं पहुंचते है जिससे लोग घर के सामने ही कुड़ा करकट को छोड़ देते है। सफाईकर्मियों की निष्कृयता के चलते ही कुछ वार्डो में गंदगी का आलम बना हुआ है। नगर पंचायत लवन के वार्ड के. 01 की स्थिति हमारे इस प्रतिनिधि ने वार्ड परिक्रमा की जिसमें वार्ड की स्थिति ठीक नजर आई, लेकिन वार्डवासी पेयजल की समस्या अभी से जुझ रहे है। यहां के रहवासी टैंकर के भरोसे ही निर्भर है। नगर पंचायत लवन के वार्ड क्र. 02 में हमारे इस प्रतिनिधि ने वार्ड का भ्रमण कर वहां रह रहे रहवासियों की समस्या जानने का प्रयास किए जिसमें अधिकतर लोगों ने कहा कि नाली निर्माण नहीं होने, तथा वर्तमान में पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है।

सुविधा मरीजो के साथ रहने वाले परिजनो के लिए 50 बेड़ की शीघ्र होगी व्यवस्था

जिला अस्पताल में मरीजों के साथ अब परिजनों को मिलेगी बड़ी राहत

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला अस्पताल में चिकित्सों की भर्ती होने तक मरीजों का इलाज अच्छे से हो सके इसके लिए निजी चिकित्सों की व्यवस्था कराई जाएगी। मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों के लिए अस्पताल परिसर के अंदर संचालित धर्मशाला में 50 अतिरिक्त बेड लगाएं जाएंगे। प्रसूति और ऑपरेशन वार्डो में दो नए वार्ड आया की भर्ती की जाएगी। अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों और अन्य आंगतूकों को परिसर के अंदर ही सस्तें दर पर चाय-नास्ता और भोजना की व्यवस्था जल्द होगी। यह सभी फैसले कलेक्टर अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए। जीवन दीप समिति की बैठक में जिला अस्पताल में चिकित्सों की कमी को दूर करने,मरीजों और उनके परिजनों के लिए सुविधाओं की बढ़ोतरी करते हुए 17 अलग-अलग बिन्दों पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद सभी प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए मुहर लगाई गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के, सिविल सर्जन सुजॉय मुखर्जी, समिति के सदस्य राजेश माखिजानी, अंकित शर्मा, शासकीय विभागों के सदस्यगण सहित जिला चिकित्सालय के डाक्टरों ने भी आवश्यक चर्चा की। चर्चा में उनके सभी प्रस्तावों पर भी सहमति जताई गई।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार के केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयास से राज्य शासन ने कवर्धा जिला अस्पताल में डाक्टरों की सुविधा को बढ़ाते हुए एक रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ सहित सात अन्य डाक्टरों भर्ती की मंजरी दी है। चिकित्सों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। हालांकि जब तक चिकित्सों की भर्ती प्रक्रिया पूरी नही हो जाती तब तक जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और उपचार मिल सकें इसके लिए जीवन दीप समिति की बैठक में गहन चर्चा की गई। इस बैठक में जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञां के शनिवार की ओपीडी समय के बाद या अन्य परिस्थितियों में जैसे चिकित्सकों अवकाश अवधि में रहने के पर यहां उपचार में कोई बाधा ना हो इसके लिए कवर्धा शरण के निजी चिकित्सालय के विशेषज्ञों की व्यवस्था के प्रस्ताव पर सहमति दी गई। इसके लिए निजी चिकित्सों के लिए शुल्क भी निर्धारित की जाएगी। मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों को रात्रि ठहरने पर किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए उनके परिजनों के लिए 50 अतिरिक्त बेड परिसर के अंदर संचालित धर्मशाला में व्यवस्था कराई जाएगी।

धान खरीदी: सरकार से नाराज किसान, घेरा कलेक्टर कार्यालय

कलेक्टर कार्यालय के दोनों गेटो पर जमे बैठे रहे किसान, कुछ अधिकारी निकले पैदल, तो कुछ फंस कर हुए परेशान

- धान खरीदी का आज अंतिम दिन किसानो के माथे पर खींच गई चिंता की लकीरे
- सरकार जानबूझकर धान खरीदी नहीं कर रही और ये असहनीय है – विजय शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट व मजगांव मार्ग स्थित गेट पर भी किसान अपनी मांगो को लेकर जमकर बैठे रहे स्थिति ऐसी निर्मित हुई की अधिकारी को अपना वाहन सडक के किनारे पार्किंग कर कार्यालय में प्रवेश करना पडा तो कुछ अधिकारियो के वाहन परिसर में ही फसे रह गये। इस तरह देर शाम तक किसान अपनी मांगो को लेकर अडे रहे। मंगलवार को जहां .षकों के द्वारा बारदाने की बन रही समस्या को लेकर मंत्री मोहमद अकबर के समक्ष अपनी बातों को रखे थे वही बुधवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए कृषको ने धान खरीदी को लेकर हो रही समस्याओं को दूर करने की मांग रखते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए तपती धूप में भी .षक अपनी मांगों को लेकर बैठे हुए थें वहीं देर शाम तक किसान धरने पर बैठे रहे। समाचार के लिखे जाने तक कृशक अपनी मांगो को लेकर डटे रहे। .षको का कहना है कि अब धान खरीदी में महज 1 दिन का समय शेश बचा हुआ है। आखिर ऐसी स्थिति में .षको के धान उनके कोठी तक ही रह जाएंगे। उनकी मेहनत का उन्हें प्रतिफल नहीं मिल पाएगा। .षको ने कहा कि सरकार ने स्वतः घोशणा करते हुए कहा था कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदेंगे, लेकिन अब स्थिति दूसरी ही निर्मित होती नजर आ रही है। .षको के अनुसार अब तक महज 40 फीसदी धान ही खरीदा गया है। वही किसान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि 1 दिन में ना तो धान की खरीदी हो पाएगी और ना ही बारदाना की कमी दूर होगी। ऐसी स्थिति में .षक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

विजय शर्मा ने धरना के समय दावा किया की राज्य शासन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर राज्य के प्रशासनिक मुखिया मुख्य सचिव के माध्यम से बड़ा षड्यंत्र रच कर किसानो को छला जा रहा है। विजय शर्मा का कहना है की जिस धान खरीदी केंद्र में 30 हजार बोरे की आवश्यकता है वहाँ मात्र 3 हजार बोरा उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी तरह जहां 20 हजार की जरूरत है वहाँ 2 हजार बोरा दिया जा रहा है। जिले में 10 दिनो से वर्षा और छुट्टियों के कारण खरीदी बंद है अनेक दिनो का टोकन लेकर अपने धान के साथ किसान हतों से खरीदी केंद्रों के सामने खड़े हैं ऐसे में आवश्यकता का 10 प्रतिशत बारदाना उपलब्ध करवाना किसानो को आपस में लड़वाने की कवायद के सिवा और कुछ नहीं है। प्रत्येक गाँव में 15-30 किसानो का धान पहली बार भी नहीं बिक पाया है और लगभग 30ः किसानो का बकाया धान नहीं बिक पाया है। ऐसी स्थिति में खरीदी का समय समाप्त होने के लिये केवल एक दिन ही शेष है अतः खरीदी का समय हर हाल में बढ़ाया जाना चाहिये। धरना में मुख्यरूप से मैनपुरी, बम्हनि, जेवड़न, बोड़तरा, नेवारी, सबनापुर, चारभाँठा लालपुर, रौचन आदि दर्जनो खरीदी केंद्रों के किसान अनिश्चित काल के लिए कलेक्टर कार्यालय के सामने बैठ गये हैं। किसानो के धरने से कलेक्टर कार्यकाय के दोनो द्वार बाधित हो गया और अंतिम सूचना प्राप्त होने तक जिलाधीश भोजन हेतु घर नहीं जा सके थे। किसानो के अनुसार धरना आश्वासन पर नहीं बारदाना मिलने पर हाई समाप्त किया जाएगा।

भोरमदेव शक्कर कारखाना के नियमित कर्मचारी हुए हड़ताल से वापस

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा दो सूत्रीय मांग क्रमोन्नति, पदोन्नति एंव 56 प्रतिशत महंगाई भत्ते को लेकर विगत 12 दिवसों

से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, 12 वें दिन संघ के संरक्षक एंव नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा के पहल पर कर्मचारियों के मांगो के संबंध में कवर्धा विधायक एंव मंत्री मो.अकबर ने मांगो पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए कारखाना के प्रबंध संचालक को निर्देशित करते हुए कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले .षकों को हो रही परेशानियों एंव कर्मचारियों के मांगो को अविलंब पूर्ण करने अविलंब कार्यवाही करते हुए उक्त मांगो 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने जिम्मेदारी लेने के निर्देश दिए,साथ ही प्रबंधन की माने तो दिनांक 17 फरवरी 2020 को हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग में पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा उक्त मांगो के कार्यवाही एंव निराकरण के संबंध में 15 दिवस का समय मांगी गई जिस पर प्रबंध संचालक ने मांगो को पूर्ण कराने के लिए जिम्मेदारी ली। दिनभर चले प्रशासन, प्रबंधन एवम कर्मचारियों के बीच बातचीत के बाद देर रात 4 बिंदुओं पर समझौता किये जिसमे दिनांक 18 जनवरी 2018 द्वारा संचालक मंडल द्वारा स्वी.त 56 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 10 वर्ष सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के कर्मोंनती, पदोन्नति संबंधी प्रस्ताव, हड़ताल अवधि वेतन, किसी भी कर्मचारी पर किसी प्रकार की कोई वैधानिक कार्यवाई न करने, जैसे समझौते शामिल है समझौते पर भोरमदेव शक्कर कारखाना, कवर्धा एंव सरदार वल्लभ भाई पटेल,पंडरिया के प्रबंध संचालकों एंव कर्मचारी के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए मंगलवार की देर रात कर्मचारी अपने काम पर वापस हुए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अकास्मिक निरीक्षण

- बच्चों की गुणवत्ता एवं दक्षता की जांच किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

पंडरिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पण्डरिया जी.पी. बनर्जी द्वारा मंगलवार को वि.खं. पंडरिया अंतर्गत सोंढा, महली, दुल्लापुर, खम्हरिया, एवं कुण्डा स्कूलो का अकास्मिक निरीक्षण किया। हाईस्कूल महली में कक्षा दसवीं, बारहवीं परीक्षा के लिए बच्चों को अच्छे अंक पाने हेतु प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला दुल्लापुर में बच्चों की दक्षता एवं गुणवत्ता की जांच की गई मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, साफ सफाई एवं टायलेट की स्वच्छता हेतु प्रभारी प्रधान पाठक को हिदायत दी गई। हायर सेकण्डरी कुण्डा में स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया गया बच्चों को बैंकिग एवं हेल्थ केयर सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शासकीय प्राथमिक शाला सोंढा में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित मिले प्रभारी प्रधान पाठक महेश सिंह ठाकुर द्वारा स्कूल की गतिविधियॉ स्मार्ट क्लास संचालन, टी.एल.एम. का बेहतर प्रयोग, कक्ष सजावट, प्रार्थना सभा में राजगीत अरपा पैरी की धार का नियमित गायन, सामान्य ज्ञान के बारें में बताया। प्रधान पाठक द्वारा स्कूल की बाल पत्रिका उड़ान की प्रति भेंट किया गया बी.ई.ओ. ने शिक्षक के प्रयास की सराहना की। ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल चन्द्रवंशी द्वारा सीसी. कैमरा एवं जनपद सदस्य रामकुमार बंजारे द्वारा सभी बच्चों को जूता मोजा देने की घोशणा की। इस अवसर पर महेश सिंह ठाकुर, प्रभारी प्रधान पाठक, शिक्षक नंदकुमार चन्द्रवंशी, रेणुका परिहार, मंजूशा चन्द्रवंशी उपस्थित थे।

रोहिना में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। दिशा पब्लिक स्कूल रोहीना में वार्षिकोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्टार टॉडलर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के चलचित्र की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता भारती जिला पंचायत सदस्य एवं प्राचार्य सुदर्शन मानिकपुरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मैनेजमेंट हेड दुर्गेश साहू द्वारा किया गया जिसका नाम था स्टार टॉडलर। कार्यक्रम के मध्य विशिष्ट अतिथि

क्षेत्रीय विधायक मा. चंद्रदेव राय और नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, जनपद सदस्य श्रीमती कलावती सहदेव सिदार व अन्य अतिथिगण पहुंचे जिसका स्वागत स्कूल के स्टाफ द्वारा बेंच लगाकर किया गया तथा उनके हाथों खेलकूद, रंगोली एवं अन्य कार्यक्रमों के विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात बिलाई गढ़ विधायक चंद्रदेव राय और नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

नवीन उच्चतर माध्यमिक शाला में वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन

कवर्धा। मंगलवार को शासकीय नवीन उ. मा. शाला कवर्धा का वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती निर्मला बोथरा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष,कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषि शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका तथा विशिष्ट अतिथि जमील खान उपाध्यक्ष नगर पालिका एंव प्रमोद लूनिया अध्यक्ष शाला प्रबन्धन विकास समिति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य बी पी गुप्ता सहित स्कूल परिवार ने किया। सरस्वती वन्दना एवं पूजन के बाद राज्य गीत अरपा पैरी के धार नरेंद्र चन्द्रवंशी व्याख्याता के निर्देशन में दामिनी संतोषी तथा कुश कुमार ने प्रस्तुत किया। शास्त्रीय नृत्य के साथ प्रियंका बखला एवं दो छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने स्कूल प्रतिवेदन में साल भर की उपलब्धियों का उल्लेख किया जिसमें गत वर्ष का परीक्षा परिणाम खेल कूद स्काउट रेडक्रास एस पी सी की जानकारी दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना : छत्तीसगढ़....
जरूररत पड़ने पर एक दूसरे को फोन कर मास्क की उपलब्धता के बार में पूछ रहे हैं।

विदेशी निवेशकों...
छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधन पर्याप्त मात्रा में है। हमारे यहां कोर सेक्टर में बहुत से उद्योग हैं। यहां पहले साढे 4 हजार मेगावाट विद्युत का उत्पादन होता था जो बढ़कर 22 हजार मेगावाट हो चुका है। यहां से गोवा, तेलंगाना, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों को बिजली की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सीमेंट प्लांट बहुत हैं। कोरबा जहां कोल ब्लाक भी है। यह जिला अकेले दस हजार मेगावाट विद्युत का उत्पादन करता है। यहां एल्युमिनियम प्लांट भी है। बघेल ने राज्य की भौगोलिक, प्राकृतिक संसाधनों, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक विशेषताओं की विस्तार से जानकारी देते हुए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य पर बनी फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री के सचिव गौरव द्विवेदी द्वारा निवेश के दृटिकोण से एक प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर मख्यमंत्री से साथ गए मुख्य सचिव आर पी मंडल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, एम डी सीएसआईडीसी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

सांस्कृति विभाग...
व डिजाइन वाला गमछा भी अपनी अलग पहचान बनाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने...
सीपीआईएल की ओर से भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी मिशन योजना, 2020 पेश की गयी थी, जिसके अनुसार सरकार को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने थे। भूषण ने कहा कि योजना के अंतर्गत अधिकारियों को सब्सिडी मुहैया कराके बिजली चालित वाहनों की बिक्री को बढ़ावा देना होगा। उन्हें मॉल तथा पेट्रोल पंप समेत सार्वजनिक स्थलों पर बिजली से चलने वाले वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने होंगे। पीठ ने चार सप्ताह के लिए सुनवाई स्थगित कर दी और आदेश दिया कि इस दौरान बिजली चालित वाहनों से संबंधित सभी मुद्दों पर सरकार विचार करे।

खराब श्रेणी में दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्त
उधर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 रिकॉर्ड किया गया। यह जानकारी केंद्र संचालित सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्ट एंड रिसर्च (सफर) ने दी। क्षेत्र में प्रमुख प्रदूषक तत्व पीएम 10 और पीएम 2.5 की संख्यां क्रमशः 228 और 112 मापी गई। वायु प्रदूषण के लिहाज से यह स्थिति 'खराब' श्रेणी में है। हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की भविष्यवाणी के अनुसार बुधवार को गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान की संभावना है, ऐसे में वायु गुणवत्ता का स्तर गिर सकता है। सफर के अनुसार, 'पश्चिमी विक्षोभ, उत्तरी-पश्चिमी भारतीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिससे वायु गति में तेजी आ सकती है। एक्यूआई 20 फरवरी तक खराब श्रेणी के निचले स्तर पर जा सकता है। वहीं 21 फरवरी तक वायु गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।' सफर ने अस्थमा से पीड़ित लोगों को दवा अपने साथ रखने की सलाह दी है। आईएमडी के अनुसार, सफदरजंग क्षेत्र का तापमान सुबह 8.30 बजे 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

हुनर हॉट देखने..
से भी घूमकर बात की।

दुकानदारों से पीएम ने बात भी की
बता दें कि हुनर हाट का आयोजन अब तक दिल्ली के अलावा मुंबई, प्रयागराज, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुदूचेरी, इंदौर में हो चुका है। अगले हुनर हाट का आयोजन 29 फरवरी से 8 मार्च के बीच रांची, 13 से 22 मार्च के बीच चंडीगढ़ में किया जाएगा।

ट्रंप बोले- मोदी...
के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हम भारत के साथ व्यापार समझौता कर सकते हैं, मगर मैं बड़े समझौते को बाद के लिए बचा रहा हूं।' मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के साथ एक छोटे 'ट्रेड पैकेज' पर समझौता कर सकते हैं। बता दें कि ट्रंप 24-25 फरवरी को भारत दौरे पर होंगे, जिसके तहत वह नई दिल्ली और अहमदाबाद जाएंगे।

संस्कृति विभाग तैयार...
बन गया है। तिरंगा कांग्रेस का तो कमल निशान समेत पार्टी ध्वज के रंग का गमछा भी पहने देखा जा सकता है। अन्य राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों ने भी गमछा ट्रेंड अपना लिया है। सिर्फ सियासत ही नहीं कई प्रदेशों में भी इसे सम्मान का प्रतीक मानकर राज्य में अतिथियों का स्वागत करने की परंपरा है। असम, त्रिपुरा, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में गमछा परंपरा है। अब छत्तीसगढ़ की सांस्कितिक परंपरा व डिजाइन वाला गमछा भी अपनी अलग पहचान बनाएगा।

महंत नृत्य गोपाल...
स्वामी गोविंद देव गिरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा भवन निर्माण समिति भी बनाई गई। इसके अध्यक्ष वरिष्ठ नौकरशाह और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा बनाए गए हैं। बैठक में फैसला हुआ कि अयोध्या में स्टेट बैंक ऑफइंडिया में ट्रस्ट का खाता खोला जाएगा।

चोण्डरा धाम महाशिवरात्रि मेला 20, 21 और 22 को

गंडई पंडरिया। वनांचल क्षेत्र में स्थित प्रशिद्ध प्राकृतिक स्थल चोण्डरा धाम तीर्थ स्थल में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा शिव का पूजा अर्चना करके अपनी मनोकामना मांगते हैं तथा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 3 दिनों का भव्य मेला का आयोजन किया गया है, एवं प्रथम दिवस में रात्रि कार्यक्रम भगवान शिव और पार्वती का झांकी एवं द्वितीय दिवस 21 फरवरी को रात्रि 7 बजे से भव्य हास्य कवि सम्मेलन रखा गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिसें निर्गत की गई थीं। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकायेदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार / जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं।
अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों / जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की 13(4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	शाखा का नाम/ फोन नं.	उधारकर्ता / जमानतदार का नाम	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	रावाभाठा शाखा, रावाभाठा, रायपुर 9752410789	श्री सागर मनचंदा और श्री अमृत लाल मनचंदा	भूमि और भवन का बंधक खाता संख्या- 111/34 पर आधारित क्षेत्रफल - 1500 वर्गफीट, उरकुरा, मोती सागर, शीतला माता वार्ड नं. 15, पटवारी हल्का नंबर 108/38, आरआईसी, रायपुर -1, तहसील और जिला- रायपुर में स्थित है। सीमाएं: पूर्व में - रोड, पश्चिम में - अन्य की भूमि, उत्तर में- अन्य की भूमि, दक्षिण में- विक्रेता की अविशेष भूमि.	07.12.2019 रू. 11,39,964.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 14.02.2020 सांकेतिक कब्जा

अधोतर एतद द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।
दिनांक: 19.02.2020, स्थान: रायपुर, छ.ग. प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक-883/NIT-31/2019-2020/वलेलि दिनांक : 17/02/2020
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
31 T0317	लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग डीकेएस मंत्रालय रायपुर छ.ग. के अंतर्गत कॉलेज सेक्शन विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य प्रथम आमंत्रण	19.50
31 T0318	Providing E/f work for RS/MOW/Deposit/OW and Ordinary maintenance for Judges Colony Civil Line Section under PWD (E/M) Workshop Subdivision Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	18.50
31 T0319	Providing E/f work for SR/MOW/Deposit/OW and Ordinary maintenance at irrigation Colony Section under PWD (E/M) Workshop Subdicision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	18.50
31 T0320	Providing Ordinary maintenance for Cooler and fan Rawinding work at Honble CM House Section under PWD E/M DKS Mantralay Sub division, Raipur C.G. प्रथम आमंत्रण	3.00
31 T0321	Providing and installation of new air conditioners at Honble CM House Section under PWD E/M DKS Matralay Subdivision Raipur प्रथम आमंत्रण	15.00
31 T0322	जि. बलौदा बा.-भाटापारा वि.खं. पलारी के गितकेरा में हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण कार्य प्रथम आमंत्रण	6.67
31 T0323	जि. बलौदा बा.-भाटापारा वि.खं. कसडोल के गितकेरा में हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण कार्य प्रथम आमंत्रण	6.67
31 T0324	जि. बलौदा बा.-भाटापारा वि.खं. पलारी के गितकेरा में हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण कार्य प्रथम आमंत्रण	6.67

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 03/03/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें :- उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
कार्यपालन अभियंता
जी-77061/4 लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा
निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक-772/NIT-7/2019-2020/वलेलि दिनांक : 14/02/2020
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 28/02/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06/03/2020 अपरान्ह बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 07/03/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य की अवधि T0075 दो माह एवं शेष में 4 माह वर्षा ऋतु सहित
निविदाकारों की श्रेणी ''द'' श्रेणी से ''अ'' तक एवं निविदा प्रपत्र की कीमत रु. 750.00।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
7 T0075	ग्राम कुई में 100 सीटर प्री-मेट्रिक कन्या छात्रावास भवन पहुंच मार्ग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं प्लिंथ प्रोटेक्शन कार्य (16-17)	19.29 15000.00 289350.00
7 T0076	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा पिपरिया सेक्शन अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य (19-20)	6.50 5000.00 97500.00
7 T0077	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा उपखंड क्रमांक 2 में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य (19-20) द्वितीय आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
7 T0078	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा उपखंड क्रमांक 2 में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य (19-20)	20.00 15000.00 300000.00
7 T0079	उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य (19-20) द्वितीय आमंत्रण	10.00 750.00 150000.00
7 T0080	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत उपखंड स. लोहारा में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य (19-20)	20.00 15000.00 300000.00
7 T0081	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एवं एम.ओ.डब्ल्यू. विशेष मरम्मत कार्य	19.90 15000.00 300000.00
7 T0082	बोड़ला उपसंभाग के अंतर्गत पुल पुलियों का वार्षिक मरम्मत कार्य (19-20) प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 150000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता
जी-77026/4 लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

मिमी के लिए कृति ने बढ़ाया 15 किलो वजन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी आने वाली फिल्म मिमी के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया है। कृति अपनी आने वाली फिल्म मिमी के लिए खास तैयारी कर रही हैं। फिल्म में वह सरोगेट मां का किरदार निभाती दिखेंगी। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित मिमी के लिए कृति सेनन खास तैयारी कर रही हैं। फिल्म में अपने किरदार को विश्वसनीय बनाने के लिए कृति ने 15 किलो अपना वजन बढ़ाया है। फिल्म मिमी की कहानी एक ऐसी महिला की कहानी है जो एक दंपत्ति के लिए सरोगेट मां बनने से इंकार कर देती है लेकिन उस एक इंकार के चलते उस महिला की जिंदगी हमेशा के लिए बदल जाती है। फिल्म मिमी में पकंज त्रिपाठी, सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा की भी अहम भूमिका है। मिमी के अलावा कृति सैनन अक्षय कुमार के अपोजिट फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएंगी।

पवन कल्याण के साथ काम करेंगी जैकलीन !

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीस दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ काम करती नजर आ सकती है।

चर्चा है कि जैकलीन निर्देशक कृष जगारलामुदी की नई कॉस्ट्यूम ड्रामा में नजर आएंगी और इस फिल्म में वे तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार पवन कल्याण के अपोजिट दिखेंगी। पवन कल्याण चाहते हैं कि कृष की फिल्म में उनके साथ कोई बॉलीवुड एक्ट्रेस हों। बताया गया है कि जैकलीन ने कृष की फिल्म को लगभग साइन कर लिया है। जैकलीन इससे पहले तेलुगु फिल्म 'साहो' में प्रभास के साथ एक आइटम नंबर कर चुकी हैं। जैकलीन इन दिनों फिल्म 'अटैक' की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में जैकलीन के अलावा जॉन अब्राहम और रकुल प्रीत सिंह भी मुख्य किरदार में हैं। लक्ष्य राज आनंद द्वारा लिखित-निर्देशित यह फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होगी।

बार गर्ल का किरदार निभायेंगी शुभी शर्मा

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री शुभी शर्मा अपनी आने वाली फिल्म 'एक साजिश जाल' में बार गर्ल का किरदार निभाती नजर आयेंगी। खेसारीलाल यादव, शुभी शर्मा एवं पूजा गांगुली की जोड़ी वाली फिल्म 'एक साजिश जाल' 21 फरवरी को रिलीज होने वाली है। शुभी ने बताया कि फिल्म 'एक साजिश जाल' में मेरा किरदार बेहद अलग है। पहली बार मैं फिल्म में बार गर्ल का किरदार कर रही हूं, जो एक दम नया है। फिल्म में खेसारीलाल के साथ मेरी केमेस्ट्री शानदार रही है। फिल्म में मैंने टायटल ट्रैक के साथ तीन गाने किये हैं। फिल्म की दूसरी अभिनेत्री पूजा गांगुली हैं, जिनके साथ काम करके भी मजा आया। उम्मीद है मेरा किरदार दर्शकों को पसंद आयेगा और उनका आशीर्वाद हमें मिलेगा। शुभी ने कहा कि 'एक साजिश जाल' की कहानी बेहतरीन है। यही वजह है कि मैंने इस फिल्म में काम किया है। मैं कम और अच्छी फिल्मों में काम करने में ही विश्वास करती हूं। हमेशा मैंने कंटेंट प्रधान फिल्मों को ही प्राथमिकता दी है। फिल्मों के चयन को लेकर सर्तक रहती हूं, क्योंकि कई बार होता ये है कि कहानी कुछ और सुनाया जाता और सेट पर कोई और कहानी शूट हो रही होती है। मैं इन चीजों से बचती हूं। बड़े निर्माताओं के साथ ये स्थिति नहीं बनती है। यह फिल्म आम फिल्मों से हटकर है। इसमें एक्शन और इमोशन के साथ शानदार लव ट्राएंगल भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

मिर्ज़ापुर 2 के लिये उत्साहित है अनंगशा बिस्वास

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनंगशा बिस्वास आने वाली फिल्म मिर्जापुर 2 के लिये उत्साहित है। अनंगशा बिस्वास बहुचर्चित सीरीज 'मिर्ज़ापुर' के पहले सीजन में ज़रीना के किरदार में नज़र आई थी। उन्होंने फिल्म समीक्षकों से अपने किरदार के लिए काफी वाह-वाही बटोरी थी, साथ ही आलोचकों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया था। वह अब मिर्जापुर 2 में काम करने जा रही है। अनंगशा इस बार अपने किरदार को लेकर काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा, ÷मैंने निश्चित रूप से इस सफर में काफी कुछ सीखा है और उसे अपनाया भी है, और साथ ही मुश्किलों से भरा या एक सफर रहा है, लेकिन आप सभी के प्यार और प्रशंसा की में तहेदिल से आभारी हूं। आप सभी मुझे इसी तरह बरसों प्यार करते रहिये जिससे मैं और भी ज्यादा बेहतरीन किरदार आपके सामने पेश करके आपका मनोरंजन कराती रहूं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार साल का जीत का सूखा खत्म करने उतरेगा भारत

एफआईएच प्रो लीग में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय टीम 21-22 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में जब विश्व की दूसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफउतरेगी तो उसका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफपिछले चार वर्षों का जीत का सूखा समाप्त करना होगा।

भुवनेश्वर (वार्ता)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक कुल 30 मैच खेले गए हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 22 मैच जीते हैं और उसने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के बेंडिगो में खेले गए टेस्ट मैच में हार के बाद भारत के हाथों कोई मैच नहीं हारा है। भारत ने तब वह मुकाबला वी रघुनाथ के दो गोलों की बदौलत 3-2 से जीता था। भारत ने इन 30 मुकाबलों में कुल छह मैच जीते हैं लेकिन यह सभी जीत 2016 से पहले की थी। दो मैच ड्रा रहे हैं। भारत ने इस दौरान 47 और ऑस्ट्रेलिया ने 93 गोल किए हैं। प्रो लीग में पहली बार खेल रहे भारत ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है जिसकी बदौलत वह विश्व रैंकिंग में पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने अपने पहले मुकाबलों में विश्व की तीसरे नंबर की टीम हॉलैंड को पराजित किया।

भारत ने फिर विश्व की नंबर एक टीम और विश्व चैंपियन बेल्जियम को पहले मुकाबले में 2-1 से हराया लेकिन दूसरे मैच में उसे बेल्जियम से 2-3 से नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। भारत का अब सामना विश्व की दूसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

पूर्व ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ग्राहम रीड भारत के कोच हैं और उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम हाल के वर्षों का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया का कलिंगा स्टेडियम में शानदार रिकार्ड है जहां उसने 2014 में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जर्मनी के हाथों हार के बाद से नियमित समय में कोई मैच नहीं हारा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपराजित रहते हुए 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में सभी छह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश करने के साथ ही खिताब अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप 2018 में भी छह में से पांच मैच जीते थे। उसे हॉलैंड ने सेमीफाइनल में निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद शूट आउट में हराया था।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की मौजूदा रैंकिंग में भारत चौथे और ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर है। एफआईएच प्रो लीग 2019 में ऑस्ट्रेलिया पहले पायदान पर था जबकि भारत ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। मौजूदा एफआईएच हॉकी प्रो लीग की तालिका में भारत तीसरे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है।

फेडरर, नडाल ने सर्वश्रेष्ठ खेलने के लिए प्रेरित किया : जोकोविक

बेलग्रेड (वार्ता)। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक ने अपने हाल के प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ करार देते हुए कहा है कि रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे खिलाड़ियों ने उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है।

जोकोविक ने सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को कहा कि पिछले महीने सर्बिया की राष्ट्रीय टीम द्वारा जीते गए एटीपी कप ने उन्हें इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन में अपना 8वां खिताब जीतने के लिए प्रेरित किया। इस जीत के साथ ही नोवाक विश्व रैंकिंग में दोबारा नंबर एक स्थान पर आ गए थे।

जोकोविक ने कहा, सीजन की शुरुआत मेरे लिए शानदार तरीके से हुयी। मैं इस सीजन को अपने सर्वश्रेष्ठ सीजन में तब्दील करने के लिए बेहद प्रेरित और उत्साहित था। मैं जानता हूं की यह ओलम्पिक सीजन भी है जो कि मेरे और अन्य दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेहद थकान भरा होने वाला है। विम्बलडन के बाद आराम के लिए खिलाड़ियों के पास बेहद कम समय होगा।÷

स्टार टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि हमेशा की तरह उनका उद्देश्य ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने का होता है और ओलंपिक में भी उनकी यही कोशिश रहेगी। उन्होंने कहा,÷मेरे लिए गर्व की बात है कि बीजिंग ओलम्पिक में मैंने कांस्य पदक जीता था। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि मैं सर्वश्रेष्ठ तैयारी के साथ ओलंपिक और अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करूं।

विराट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे व्यस्त क्रिकेटरों में से एक

आने वाले दो-तीन वर्षों तक इसी क्षमता के साथ खेल सकता हूं : विराट कोहली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि व्यस्त कार्यक्रम के बीच नियमित रूप से आराम करने से उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों के अलावा आईपीएल खेलने में भी मदद मिली है और वह अगले दो-तीन वर्षों तक इसी क्षमता के साथ खेल सकते हैं।

वेलिंगटन (वार्ता)। विराट ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बुधवार को पत्रकारों से यह बात कही। भारतीय कप्तान ने कहा, ÷ मैं पिछले आठ या नौ वर्षों से लगातार एक साल में करीब 300 दिन क्रिकेट खेल रहा हूं, जिसमें यात्रा और अभ्यास सत्र भी शामिल है। हमेशा आपको पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करना होता है जिसका असर स्वाभाविक रूप से आप पर पड़ता है। यह उतना आसान नहीं होता।÷ विराट ने कहा कि कई खिलाड़ी इस बारे में सोचते हैं। व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद व्यक्तिगत तौर पर हम नियमित रूप से समय निकालकर आराम करते हैं। निकट भविष्य में मेरे अलावा कई अन्य खिलाड़ी जो क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेल रहे हैं वे भी ऐसा तरीका अपना सकते हैं। विराट ने कहा, ÷कप्तान के तौर पर आपको अभ्यास सत्र के दौरान पूरी क्षमता के साथ खेल के लिए रणनीति बनानी होती है जिसका असर आप पर पड़ता है। इसलिए व्यस्त कार्यक्रम के बीच नियमित रूप से आराम करने से मुझे बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। हर समय आपकी शारीरिक क्षमता एक जैसी नहीं रहती है। मैं जब 34 अथवा 35 वर्ष का हो जाऊंगा तो परिस्थितियां कुछ और होंगी, लेकिन अगले दो-तीन वर्षों तक मैं इसी क्षमता के साथ खेल सकता हूं, मुझे कोई परेशानी नहीं है। भारतीय कप्तान ने कहा, ÷मैं अगले दो-तीन वर्षों तक इसी लय के साथ खेल सकता हूं और टीम को मेरी काफी जरुरत भी है ताकि हम आसानी से आने वाले बदलाव के दौर से गुजर सकें। इसके मद्देनजर मैं अगले दो-तीन वर्षों के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। विराट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे व्यस्त क्रिकेटरों में से एक हैं और कई बार उन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों की व्यस्तता को कम करने पर जोर दिया है। गौरतलब है कि नवंबर 2019 में बंगलादेश के खिलाफ ट्वंटी-20 सीरीज में विराट को आराम दिया गया था।

विटोरी के करार में बदलाव कर सकता है बीसीबी

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड टीम के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार डेनियल विटोरी के करार में बदलाव कर सकता है। बीसीबी विटोरी को बंगलादेश के स्पिन गेंदबाजों के साथ काम करने के लिए और अधिक समय देना चाहता है। वर्तमान में विटोरी का अनुबंध ऑस्ट्रेलिया में इस वर्ष आयोजित होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनज़र 100 दिनों तक का है जिसके लिए बोर्ड उन्हें प्रतिदिन 2500 डॉलर फीस दे रहा है। बीसीबी के अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड विटोरी के 100 दिनों के अनुबंध में बदलाव करने पर विचार कर रहा है ताकि उन्हें स्पिन गेंदबाजों के साथ काम करने के लिए अधिक समय दिया जा सके। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज विटोरी वर्ष 2019 में भारत के सुनील जोशी की जगह बंगलादेश क्रिकेट टीम के स्पिन गेंदबाजी विभाग के सलाहकार नियुक्त किये गए थे।

हेनरी न्यूजीलैंड टीम में शामिल

वेलिंगटन (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफशुक्रवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। ट्वीट के मुताबिक हेनरी बुधवार शाम को वेलिंगटन पहुंचेंगे और शुक्रवार 21 फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए मेजबान टीम से जुड़ेंगे। हेनरी को तेज गेंदबाज नील वैगनर के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल करने का फैसला किया गया है।

वैगनर जल्द ही पिता बनने वाले हैं इसलिए पहले टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश में शामिल नहीं हो सकते। वैगनर पत्नी के साथ अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं और बच्चे के जन्म तक वह तौरंगा शहर में ही रहेंगे। वैगनर के विकल्प के तौर पर कीवी टीम में शामिल किए गए हेनरी ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और काइल जैमिसन के साथ मिलकर मेजबान टीम की गेंदबाजी को और अधिक धार देंगे।

हेनरी अब तक 12 टेस्ट खेल चुके हैं जिसमें उन्होंने 30 विकेट हासिल किए हैं। विश्व कप 2019 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफमिली जीत में हेनरी ने तीन विकेट लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ3-0 से क्लीनस्वीप किया था, जबकि ट्वंटी-20 सीरीज में उसे 5-0 से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

पहले टेस्ट के लिए संभावित मेजबान टीम इस प्रकार है:-

न्यूजीलैंड:- केन विलियमसन (कप्तान), टॉम ब्लंडल, ट्रेंट बोल्ट, कॉलिन डि ग्रैंडहोम, काइल जैमिसन, हेनरी निकोल्स, रॉस टेलर, टॉम लाथम (विकेटकीपर) , डेरेल मिशेल, एजाज पटेल, टिम साउदी, नील वैगनर, बी जे वाटलिंग और मैट हेनरी

न्यूज गैलरी

सुरडोंगर में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम संपन्न

डौंडी। शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम प्राचार्य बी.के. बहुरूपी के अध्यक्षता एवं कोमेश कोर्राम सरपंच सुरडोंगर के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ । सर्वप्रथम प्राचार्य एवं पधारे हुए मुख्यअतितियो एवं विशेष अतिथि यो के द्वारा मा सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। ततपश्चात प्राचार्य बी.के.बहुरूपी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रश्तुत किया।जिसमें शैक्षणिक सत्र को विशेष उपलब्धि भरा बताया गया साथ ही विशेष उपलब्धि के लिए शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के मेहनत एवं लगन को सराहा ।विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमो का रंगारंग प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला ,पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर के विद्यार्थियों ने एकल , युगल एवं सामुहिक गीत, प्रहसन,कविता जिसमे छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा बिखेरते हुए छत्तीसगढी लोक नृत्य जिसमें कर्मा,ददरिया, पन्थी, फागगीत,जसगीत सेवागीत एवं देशभक्ति नृत्य की छटा बिखेरी गई । सृजनात्मक कला का नायाब प्रस्तुतिकरण बैच एवं माला बनाने में किया गया।

वर्मी खाद निर्माण से महिला समूह की बढ़ी आमदनी

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम चरोटा के आदर्श गौठान में लक्ष्मी स्वसहायता समूह की महिलाएँ वर्मी खाद निर्माण कर आमदनी प्राप्त कर रही है। लक्ष्मी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती हुलसी बाई ने बताया कि समूह द्वारा अब तक 40 क्विंटल वर्मी खाद दस रूपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय कर लिया गया है। इससे चालीस हजार रूपए प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि लगभग दस क्विंटल वर्मी खाद विक्रय के लिए तैयार है। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्मी खाद निर्माण में लगभग डेढ़ माह का समय लगता है। वे प्रति सप्ताह तीन दिन गौठान में वर्मी खाद निर्माण से संबंधित कार्य करने आती है। शेष दिनों में अपने घर का कार्य और खेती किसानी का कार्य करती है।

समय सीमा के प्रकरणों का निराकरण करें - कलेक्टर

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कहा कि विभागीय अधिकारी समय सीमा के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण शतप्रतिशत निराकरण करें। श्रीमती साहू आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में समय सीमा के प्रकरणों का विभागवार निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचैपाल, मुख्यमंत्री निवास, राज्य सचिवालय, पीजीएन आदि से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिले में कोरोना वायरस से संभावित मरीज नहीं

बालोद। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. रात्रे ने बताया कि जिले में कोरोना वायरस से संभावित एक भी मरीज नहीं है। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं किसी भी सर्दी खासी जुकाम से कोरोनावायरस को ना जोड़ें। उन्होंने आमजनों से हैण्डवॉशिंग एवं निजी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में संसाधन के साथ प्रशिक्षित स्टाफ तैयार है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राज्य से बालोद जिले हेतु डॉ. सजीव ग्लेड को कोरोना नियंत्रण हेतु जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के लगभग 223 हेल्थ स्टाफ को कोरोनावायरस से बचाव व नियंत्रण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है।

खाद्य पदार्थों में सावधानी बरतने दी गई जानकारी

कुसुमकसा। किराना, होटल, पान दुकान का व्यापार करने वाले कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामो के व्यापारियों को ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा में आयोजित बैठक में खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत पंजीयन कराने व खाद्य वस्तुओं के बिक्री में बरते जानी वाली सावधानियों को लेकर श्रीमती मीनाक्षी चन्द्राकर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बालोद ने जानकारी दी , श्रीमती चन्द्राकर ने खाद्य कारोबार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियमो के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए खाद्य पदार्थो के खुले में बिक्री ना करने की सलाह देते हुए उनसे होने वाली नुकसानों की जानकारी दी ,कलर वाले मसालों को बिक्री ना करने की हिदायत दी।

प्रभारी मंत्री लखमा ने कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण टोकरी में मांगा दान

- **संबलपुर में आयोजित सुपोषण जागरूकता शिविर में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से मिले 13 हजार रूपए**

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज सुबह धमतरी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत संबलपुर में आयोजित सुपोषण जागरूकता शिविर में शिरकत की। शिविर में प्रभारी मंत्री श्री लखमा ने अपने हाथों में सुपोषण टोकरी लेकर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने यथासंभव सहयोग मांगा जिस पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों ने खुलकर दान दिया। सुपोषण टोकरी में दान स्वरूप कुल 13 हजार 30 रूपए की राशि एकत्र हुई। ग्राम पंचायत सम्बलपुर में आयोजित सुपोषण शिविर में केबिनेट

मंत्री ने मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी और नेहरू के सपनों के भारत को साकार करने का काम मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार कर रही है जिसके तहत बच्चों को कुपोषण के अभिशाप से मुक्त करने मुख्यमंत्री ने गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2019 को सुपोषण अभियान का आगाज किया। उन्होंने आगे कहा कि धमतरी एक समृद्ध और सम्पन्न जिला है जहां पर कुपोषित बच्चों को नया जीवन प्रदान करने में प्रत्येक व्यक्ति अपनी सहभागिता एवं सहयोग दे सकता है। इस दौरान मंत्री श्री लखमा ने सुपोषण टोकरी में उपस्थितजनों से यथासंभव सहयोग मांगा जिसमें लोगों ने मुक्त हस्त से दान दिया। टोकरी में कुल 13 हजार 30 रूपए की सहयोग राशि जमा हुई जिसे नौनिहालों को स्वस्थ व सुपोषित बनाने के लिए विभाग को भेंट की। साथ ही छह शिशुवती माताओं को विभिन्न पौष्टिक आहार वाले व्यंजनों से युक्त टोकरी को प्रभारी मंत्री ने भेंट किया। इसके पहलेए मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्य मार्ग से शिविर स्थल तक सायकल चलाकर सुपोषण एवं जनजागरूकता का संदेश दिया।

दो अलग-अलग अंधे कत्ल पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हत्या का हुआ खुलासा

- **देवर ने भाभी को मारा तो वही पत्नी अपनी बहेन के साथ मिलकर अपने पति को मारा**

धमतरी। जिले के नगरी थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरडुला में 5 फरवरी को एक आरक्षक की संदिग्ध हालात में मौत होने का मामला सामने आया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आरक्षक की मौत गला घोंटकर होना बताया गया जिसकी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले पत्नी और साली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे ने बताया कि सहायक आरक्षक मनोहर मरकाम ग्राम जबर्रा का रहने वाला है जो दुगली थाना में डीआरजी की टीम में था वही 5 फरवरी को मृतक अपने ससुराल डोंगरडुला गया था जहां पत्नी लक्ष्मी मरकाम और साली दामिनी नेताम दोनो ने मिलकर रस्सी से गला घोंटकर मनोहर मरकाम को मौत की नींद सुला दिया वही घटना के बाद पत्नी और साली ने मृतक को नगरी अस्पताल ले गया जंहा डॉक्टरों ने सहायक आरक्षक को मृत घोषित कर दिया बयान में मृतक की पत्नी और

साली ने बताया था कि मनोहर मरकाम ने बहुत ज्यादा शराब पी रखा था जो लड़खड़ा कर गिर गया जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया तब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ संदेह के आधार पर पुलिस ने पत्नी और साली को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसमें दोनों ने अपनी गुनाह कबूल किया एएसपी का कहना है कि मनोहर मरकाम बहुत ज्यादा शराब पीने का आदि था जिससे पत्नी काफी परेशान थी और इसी वजह से पत्नी कुछ दिनों से मायके में रह रही थी फिलहाल पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पत्नी और साली को जेल भेज दिया है।

वही दूसरा मामला गोपालपूरी अर्जुनी थाना के अंतर्गत की है- धमतरी.जिले के अर्जुनी थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुरी में 17 फरवरी को एक महिला की बड़ी बेरहमी के साथ हत्या करने का मामला सामने आया था पुलिस ने इस हत्या का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों में पहुँचा दिया है बता दे कि हत्यारा मृतिका की मामा ससुर का बेटा है जो रिश्ते में देवर लगता है अर्जुनी पुलिस ने बताया कि मृतिका खेमिन बाई पति देवेंद्र वर्मा और आरोपी हेमलाल चांद पिता बेनीराम के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था वही वारदात वाले दिन नवनिर्मित मकान में दोनो के बीच जमकर विवाद हुआ और आरोपी से सबसे पहले मृतिका के आंखों में मिर्च पाउडर डालकर बसूला नामक धारधार हथियार से महिला के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मामला दर्ज कर अर्जुनी पुलिस आरोपी की पतासाजी कर थी गौरतलब है कि आरोपी हेमलाल के ऊपर जमीन विवाद को लेकर मृतिका कुछ महीने पहले थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया था जंहा आरोपी जमानत पर रिहा हो गया था बता दे कि पुलिस को शुरू से ही इस हत्या में किसी करीबी का हाथ होने की शंका थी जिसके चलते पुलिस ने आरोपी हेमलाल को शक के आधार पर हिरासत में लेकर कड़ाई के साथ पूछताछ किया जिस पर आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया हैं यहां बताना उचित होंगा की आरोपी हेमलाल के पिता द्वारा अपने पिता को सब्बल से मारकर हत्या कर चुका है। तथा आरोपी द्वारा अपनी भाभी को बसले से मारकर हत्या किया।

मराठा समाज ने मनाया छत्रपति शिवाजी की 390वीं जयंती

- **छत्रपति शिवाजी चौक पर हुआ आयोजन**

महासमुंद। मराठा समाज की नींव रखने वाले छत्रपति शिवाजी की 390 वीं जयंती जिला मराठा समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय छत्रपति शिवाजी चौक में सुबह उनकी छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ ही जय शिवाजी, जय भवानी और हर-हर महादेव के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। समाजजनों ने आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण कर खुशी बांटी।

महिला सभा की अध्यक्ष स्वाति पवार ने संबोधित करते हुए कहा कि शिवाजी का जन्म भगवान शिव के नाम पर रखा गया, लेकिन ऐसा नहीं था, उनका नाम एक देवी शिवई के नाम पर रखा गया था। दरअसल शिवाजी की मां ने देवी शिवई की पुत्र प्राप्ति के लिए पूजा की और उन्हीं पर शिवाजी का नाम रखा गया। शिवाजी महिलाओं को भी सम्मान करते थे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ होने वाली कई हिंसाओ, शोषण और अपमान का विरोध किया। महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन करने पर उनके राज्य में सजा मिलती थी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए समाज के वरिष्ठ प्रलय थटे ने कहा कि छत्रपति शिवा जी महाराज केवल मराठा समाज के ही नहीं बल्कि संपूर्ण हिन्दू समाज के संस्थापक एवं धर्मरक्षक थे। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने इतिहास एवं महापुरूषों को हमेंशा याद रखना चाहिए और शिवा जी के उत्साह को धूमधाम से मनाने के लिए समाजजनों से अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव राजेंद्र घाड़गे ने वीर शिवाजी के जीवन के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी भारत के बहादुर शासकों में से एक थे।

धान खरीदी में धांधली किसान परेशानः रंजना

धमतरी। प्रदेश की भूपेश सरकार के द्वारा चुनाव में किसानों के धान को दाना दाना खरीदने का वादा करने वाले लोग सत्ता प्राप्त होते ही उनके साथ धोखाधड़ी पर उतर आए। बारदाना की कमी व पंजीकृत सम्पूर्ण धान खरीदी की मांग को लेकर शांति पूर्वक आंदोलन कर रहे किसानों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज की निंदा विधायक रँजना साहू ने की है। खरीदी समय खत्म होने के बाद स्थिति यह है कि खरीदी की लचर व्यवस्था के कारण सरकार धान खरीदी में पूरी तरह विफल रही। आज की स्थिति में अनेक किसानों के टोकन नहीं कटे हैं निरस्त टोकन के बदले टोकन नही काटा जा रहा है कम धान खरीदी की गई टोकन

के बदले भी दूसरा टोकन नही दे रहे है कई किसान अपनी उपज को लेकर मंडियों में पहुंचे हैं पर उन्हें टोकन ना काटने की बात कह कर वापस किया जा रहा है उक्त बातें क्षेत्र के विधायक रँजना साहू द्वारा कहीं गई है विधायक श्रीमती साहू ने कहा है कि हमारी राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार यदि कोई चीज है तो वह है कृषि और इसमें महत्वपूर्ण धान है किंतु भूपेश बघेल की सरकार के द्वारा धान खरीदी व्यवस्था मैं बदलाव कर किसानों को परेशान किया है। वही पूर्व की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने व्यवस्थित रूप से किसानों को सुगमता पूर्वक सुविधा मुहैया कराते हुए धान खरीदी को एक उपहार व उत्सव स्वरूप पूरे राज्य के किसानों को समर्पित किया था जिस पर प्रदेश सरकार ने पानी फेर दिया है। अपने आर्थिक तंगहाली को ढकने के लिए किसानों के ऊपर अवैध परिवहन गुणवता विहीन धान बताते हुए एवं टोकन कटाने में अनेक प्रकार की विसंगतियों को ठोकते हुए उन्हें परेशान कर धान ना बेचने के लिए मजबूर किया गया।

प्रशिक्षण से हुनर लेकर जीवन को बेहतर दिशा की ओर ले जाएं कलेक्टर

धमतरी। कलेक्टर रजत बंसल एवं एसपी बी.पी.राजभानू ने आज शाम जिला जेल धमतरी में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विचाराधीन कैदियों को प्रोत्साहित कर उनकी हौसला अफजाई की तथा बेहतर भविष्य निर्माण करने की सलाह दी। आरसेटी के माध्यम से जिला जेल में कैदियों को घरेलू अगरबत्ती निर्माण का दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था, जिसका आज समापन

किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य कैदियों को रोजगार के नए अवसर पैदा करना तथा उन्हें हुनरमंद बनाना है। इस हुनर से सीखकर अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकते हैं और सकारात्मक कार्यों से जरिए जीवनयापन भी कर सकते हैं।

विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 1 अप्रैल तक

- **कलेक्टर ने लगाई अवकाश के दिनों में कर्मचारियों की ड्यूटी**

धमतरी। विधासभा का बजट सत्र आगामी 24 फरवरी से एक अप्रैल तक आयोजित होगा। इसके लिए कलेक्टोरेट के सहायक अधीक्षक राजस्व के कक्ष में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया जिसका फोन नंबर 07722.232249 है। साथ ही अवकाश के दिनों में यहां अधिकारी.कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने इस दौरान मिलने वाले विधानसभा प्रश्न ध्यानाकर्षण शून्यकाल सूचना अशासकीय संकल्प इत्यादि की त्वरित निराकरण के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टोरेट से मिली जानकारी के मुताबिक एक मार्च को स्टेनो टायपिस्ट श्रीमती सरिता साहू सहायक ग्रेड 03 कुमारी वर्षा आवड़े और भृत्य श्रीमती ईश्वरी मंडावी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 08 मार्च को सहायक ग्रेड 02 श्री पीएल बंजारे सहायक ग्रेड 03 श्री विनायक राव शिंदे और भृत्य श्री टिकेश्वर यादव 10 मार्च को सहायक ग्रेड 03 श्रीमती आभा पाठक श्रीमती लीलि यादव भृत्य श्री चुनुराम गजेन्द्र तथा 14 एवं 15 मार्च को सहायक ग्रेड 03 श्रीमती सरोज साहू श्रीमती कविता बंजारे श्री घनश्याम साहू और भृत्य कुमारी देवकी की ड्यूटी लगाई गई है।

अगले वित्तीय वर्ष से जिले को डीएमएफ मद में दुगुनी राशि आठ करोड़ मिलेगा

- **शासी परिषद की बैठक में एक करोड़ 97 लाख के 23 कार्य को सर्वसम्मति से किया गया स्वीकृत**

धमतरी। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से वर्ष 2019.20 में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर एक करोड़ 97 लाख 94 हजार रूपए के 23 कार्य किए जाएंगे। आज दोपहर तीन बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रदेश

के वाणिज्य एवं उद्योग वाणिज्यिक कर ;आबकारी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा की अध्यक्षता में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी प्ररिषद की समीक्षा बैठक में सर्व.सम्मति से इन कार्यों को स्वीकृत किया गया। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने बैठक में बताया कि अब जिले को डीएमएफमद में अगले वित्तीय वर्ष से ;अप्रैल 2020 चार करोड़ की बजाय दुगुनी राशि यानी आठ करोड़ रूपए मिलेगी। इस पर केबिनेट मंत्री श्री लखमा ने यथोचित डीएमएफमद की राशि का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे नगरी क्षेत्र के जर्जर शाला भवनों का प्राक्कलन जल्द बना कर देंए जिससे कि यथासंभव उन भवनों का डीएमएफ मद से मरम्मत अथवा नवीन भवन के लिए प्रस्ताव स्वीकृत किया जा सके।

योजना — जिला स्तरीय औद्योगिक विकास संगोष्ठी में उद्योग मंत्री ने कहा उद्योगपतियों ने भी साझा किए विचार

जिले में लघु उद्योग प्रसंस्करण और वनोपज पर आधारित उद्योग की भरपूर संभावनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। औद्योगिक विकास पर आधारित जिला स्तरीय एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन आज स्थानीय अग्रसेन भवन में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में किया गया जिसमें प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य और आबकारी मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने शिरकत कर कहा कि धमतरी जिला धान की पैदावार के लिए प्रदेश के शीर्ष जिलों में शुमार है। यहां पर धान या चावल के अलावा लघु उद्योग प्रसंस्करण केन्द्र के साथ.साथ वनोपज पर आधारित उद्योगों की भी

भरपूर संभावनाएं हैं। उन्होंने विशेष तौर पर आदिवासी बाहुल्य नगरी एवं मगरलोड विकासखण्ड में वनोत्पाद एवं वन सम्पदा पर आधारित उद्योग स्थापित करने पर जोर दिया। स्थानीय सिहावा चैक पर स्थित अग्रसेन भवन के सभाकक्ष में आयोजित संगोष्ठी में उद्योग मंत्री ने आगे कहा कि इमली लाख महुआ जैसे अनेकानेक वनोत्पाद जिले में मौजूद हैंए इसके अलावा सब्जी एवं फलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की जिले में बहुत स्कोप हैं। रायपुर बिलासपुर दुर्ग जैसे व्यावसायिक नगरों की भांति धमतरी में भी तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश शासन कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद दे रहा है और युवा उद्यमियों को इसका लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। जिले के उद्यमी सिर्फ राइस मिल ही नहींए अन्य उद्योगों की स्थापना के बारे में भी विचार करें। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापित करने में आदिवासी वर्ग आज भी काफी पिछड़ा हुआ हैए जिसके लिए जनजागरूकता अभियान और व्यापक प्रचार.प्रसार की भी जरूरत है। केबिनेट मंत्री ने माना कि वन क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करना काफी चुनौतीपूर्ण होता हैए किन्तु प्रशासन के परस्पर अंतर्विभागीय समन्वय से ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर धमतरी विधायक श्रीमती साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि लघु एवं कुटीर उद्योग की स्थापना के लिए सबसे बड़ा फैक्टर कच्चे माल की सर्वसुलभता है। जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने के पहले क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध होने वाले उत्पादों पर जोर देने तथा इसके प्रति लोगों में सकारात्मक रूचि पैदा करने के लिए ऐसे समय.समय पर कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

न्यूज गैलरी

ड्रूम के संस्थापक पर लगे भेदिया कारोबार के सभी आरोप निरस्त

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ऑटोमोबाइल मार्केटप्लेस ड्रूम के संस्थापक एवं मुख्यकार्यकारी अधिकारी संदीप अग्रवाल को अमेरिका के न्याय विभाग ने 2013 के एक भेदिया कारोबार के मामले में लगे सभी आरोपों को निरस्त कर दिया है। अग्रवाल ने बुधवार को यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि यूएस सिक्योरिटीज एंड स्टॉक एक्सचेंज कमीशन ने भी इस मामले में उनके साथ एक समझौता किया है। उन पर जून 2009 में हुई एक घटना के लिए 2013 में यूएस सिक्योरिटीज एंड स्टॉक एक्सचेंज कमीशन ने मुकदमा दायर किया था और न्याय विभाग ने आरोप लगाये थे। 2011 में उद्यमी बनने से पहले 2009 में वह वॉल स्ट्रीट एनालिस्ट के तौर पर काम करते थे। अग्रवाल ने अप्रैल 2014 में ड्रूम की स्थापना की। आज ड्रूम देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन ऑटोमोबाइल प्लेटफॉर्म और चौथी सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी है।

आयात में वृद्धि से बढ़ा कागज उद्योग का संकट

नई दिल्ली (वार्ता)। कागज उद्योग के शीर्ष संगठन इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने देश में बढ़ते कागज आयात पर चिंता जताते हुये वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से आयात को नियंत्रण के उद्देश्य से सभी ग्रेड के पेपर तथा पेपरबोर्ड के लिए आयात निगरानी व्यवस्था (इंपोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम) लागू करने की मांग की है। आईपीएमए ने बुधवार को कहा कि पर्याप्त घरेलू उत्पादन क्षमता होने के बावजूद कम या शून्य आयात शुल्क के कारण लगातार बढ़ते आयात से देश में कागज उत्पादन प्रभावित हो रहा है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटेलीजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डी जी सी आई एंड एस) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल-दिसंबर, 2018 में कागज आयात 11 लाख टन था जो अप्रैल-दिसंबर, 2019 में 16 प्रतिशत बढ़कर 12.75 लाख टन हो गया।

यूरोप की मेडीकवर ग्लोबल की भारत में विस्तार योजना

नई दिल्ली (वार्ता)। यूरोप की एक प्रमुख हेल्थकेयर और डायग्नोस्टिक सेवा प्रदाता कंपनी मेडीकवर ग्लोबल ने भारत में अपने कारोबार को विस्तार करने की योजना बनायी है जिसके तहत अपनी मौजूदा क्षमता में 1000 नए बेड जोड़ेगी। राजधानी दिल्ली में 6 फर्टिलिटी क्लीनिक और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 4 अन्य क्लीनिक संचालित कर रही इस कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह समूह वर्तमान में भारत में 11 अस्पतालों का संचालन कर रहा है और देश में एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बनने के लिए कई इकाइयों को जोड़ने की प्रक्रिया में है।

चीन में फैले कोरोना वायरस के चलते एंटीबायोटिक व पैरासिटामोल दवा बनाने का रा मटेरियल नहीं आ पा रहा भारत

राज्य में भी जल्द महंगी होंगी बुखार समेत अन्य दवाइयां

चीन से ही होती है 50-55 फीसदी रॉ मटेरियल की सप्लाई

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। चीन में फैले कोरोना वायरस के कारण छत्तीसगढ़ में जल्द ही कुछ दवाओं के दाम बढ़ने जा रहे हैं। रायपुर के दवा व्यापारियों के मुताबिक दवा कंपनियों द्वारा नए रेट की कोटिंग की जा रही है। हालांकि अब तक तो प्रदेश में दाम नहीं बढ़े हैं। लेकिन नए स्टॉक की खरीदी करने पर कंपनियों से दवाइयां बढ़ी हुई कीमतों पर ही मिलेंगी। दवा व्यापारियों के मुताबिक एजीथ्रोमाइसिन, ओफ्लाक्सासिन जैसे एंटीबायोटिक व पैरासिटोमाल की दवा महंगी हो जाएंगी। इस संबंध में दवा कंपनियों की ओर से लगातार मेसेजेस आ रहे हैं। दवा व्यापारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उक्त एंटीबायोटिक व पैरासिटामोल बनाने में लगने वाला 50-55 फीसदी रा मटेरियल भारत में

चीन से ही सप्लाई होता है। लेकिन चीन में कोरोना वायरस के फैलने से इसकी डिमांड वहीं पर ज्यादा बढ़ गई है। इसलिए भारत में इसकी सप्लाई कम हो गई है।

कंपनियों ने बंद की स्कीम्स

एक दवा व्यापारी के मुताबिक कोराना के असर से रा मटेरियल की सप्लाई में आई कमी व इसके दामों में इजाफा होने से भारतीय दवा कंपनियों ने डिस्ट्रीब्यूटर, होलसेलर व रिटेलर के फायदे की कई बोनस स्कीम को बंद कर दिया है। कंपनियों द्वारा लगातार बताया जा रहा है कि दवाओं के दाम बढ़ने वाले हैं। इसका सर्वाधिक असर बुखार में चलने वाली दवाइयों पर होगा।

सैप कॉन्कर सोल्युशंस, एचडीएफसी बैंक एवं मास्टरकार्ड ने की साझेदारी

खर्चों को रोककर जाली दावों को रोकने पॉवर्ड कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड लांच

सफर, खर्च एवं इनवॉइस मैनेजमेंट समाधानों के लिए दुनिया के अग्रणी ब्रांड, सैप कॉन्कर; भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक और दुनिया की अग्रणी पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी, मास्टरकार्ड ने आज सामरिक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत हर स्तर के भारतीय कॉर्पोरेट कंपनी के खर्चों का भुगतान कर उनका प्रबंधन कर सकेंगे।

मुंबई। एचडीएफसी बैंक व्यवसायिक मुसाफिरों को एक कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड देगा, जो बिज़नेस ट्रिप्स के दौरान भुगतान एवं खर्च के प्रबंधन के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करेगा। कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड द्वारा बिज़नेस संबंधी समस्त खर्चों का सैप कॉन्कर प्रस्तुतियों में सुगम इंटीग्रेशन हो सकेगा, कर्मचारियों का अनुभव बढ़ेगा, विज़िबिलिटी बढ़ेगी, पैसे की बचत होगी तथा कॉर्पोरेट एफिशियंसी में सुधार होगा। यह कार्ड मास्टरकार्ड द्वारा सपोर्टेड है। एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड, पेमेंट्स बिज़नेस एवं मार्केटिंग, पराग राव ने कहा, ''भारत सर्वाधिक क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला देश है। हमारा प्रयास है कि हम हर भारतीय की जरूरत के अनुरूप कार्ड डिज़ाईन करें। आज हमें सैप कॉन्कर सोल्यूशंस के साथ साझेदारी करने की खुशी है, जिसके तहत हम कोर्पोरेट्स एवं व्यवसायिक मुसाफिरों के लिए मजबूत प्रपोज़िशन प्रस्तुत कर रहे हैं। इस कार्ड द्वारा कोर्पोरेट्स कॉन्कर खर्च के लिए मैनेजमेंट समाधानों के साथ इंटीग्रेट होने वाले कैशलेस पेमेंट्स का उपयोग कर सर्वश्रेष्ठ व्यवसायिक सफर का अनुभव प्रदान कर सकेंगे। कोर्पोरेट्स को ज्यादा जानकारी एवं नियंत्रण मिलेगा तथा इस समाधान द्वारा वो नियम एवं टैक्स अनुपालन कर सकेंगे। सैप कॉन्कर सोल्यूशंस के साथ हमारा उद्देश्य भारतीय कोर्पोरेट्स द्वारा व्यवसायिक यात्रा करने के अनुभव को परिवर्तित करना है।'' मनकिरन चैहान, मैनेजिंग डायरेक्टर, भारतीय उपमहाद्वीप, सैप कॉन्कर ने कहा, ''आज बिज़नेस में सफलता का मतलब है, लागत कम करते हुए ज्यादा प्रोडक्टिव बनने के रास्ते तलाशना। यद्यपि जैसे जैसे खर्च करना आसान होता है, वैसे वैसे नियंत्रण लाना एवं कर्मचारियों के अनुभव में सुधार करना मुश्किल होता जाता है।

शेयर बाजार में आई तूफानी तेजी

सेंसेक्स 428 और निफ्टी 138 अंक उछला

मुंबई (वार्ता)। कोरोना वायरस के प्रभावों से भारतीय अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए सरकार द्वारा उपाय किये जाने की उम्मीदों के साथ ही चीन में इस वायरस से पीड़ितों के नये मामलों में कमी आने के कारण वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी भारी लिवाली के बल पर शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट से उबरते हुये तूफनी तेजी के साथ बढ़ा जिससे बीएसई का सेंसेक्स 428 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 138 अंक उछल गया।

बीएसई का सेंसेक्स 428.62 अंक उछलकर 41323 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 137.85 अंक चमककर 12130.30 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली

कंपनियों में अधिक लिवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.34 प्रतिशत बढ़कर 15631.91 अंक पर और स्मॉलकैप 1.41 प्रतिशत बढ़कर 14671.58 अंक पर रहा। बीएसई में सभी समूह बढ़त में रहने जिसमें सबसे अधिक एनर्जी में 2.37 प्रतिशत की बढोतरी हुयी जबकि आईटी में सबसे कम 0.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 2707 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1518 बढ़त में और 1010 गिरावट में रहा जबकि 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट के 0.32 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अधिकांश प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.79 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स् 0.45 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.89 प्रतिशत, हांगकांग का हेंगसेंग 0.46 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

थाईलैंड और भारत से आपसी संपर्क मजबूत करने की अपील

नई दिल्ली (वार्ता)। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री अभिसित वेजाजिवा ने कहा है कि भारत और थाईलैंड को आपसी संबंध को अधिक मजबूत बनाना चाहिए। श्री वेजाजिवा ने एशिया वन एवं यूआरएस मीडिया द्वारा इंडिया थाई चैंबर ऑफकॉमर्स (आईटीसीसी) के सहयोग से बैंकॉक में 'इंडिया-थाईलैंडः टुडे, टुमॉरो, टूगैदर' पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुये यह बात कही है। इसके आयोजकों ने बुधवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। इसमें भारत और थाईलैंड के 350 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

होंडा की फोर्ज़ा 300 स्कूटर के पहले लॉट की डिलीवरी

नई दिल्ली (वार्ता)। होंडा बिग विंग के पोर्टफोलियो को विस्तारित करते हुए प्रीमियम मिड-साइज़ स्कूटर श्रेणी में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने प्रमुख स्कूटर -फोर्ज़ा 300 के पहले लॉट की डिलीवरी कर दी है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि फोर्ज़ा 300 के साथ स्कूटरीकरण को एक नए स्तर पर ले जाने की कोशिश की गयी है। इससे न केवल होंडा मिड-साइज़ स्कूटर श्रेणी में अपनी स्थिति को अग्रणी बनाएगी बल्कि ऐसे नए उपभोक्ताओं तक भी पहुंच सकेगी, जो लक्ज़री राइडिंग का आनंद लेना चाहते हैं।

उत्थान | **भारत के ग्रामीण परिवारों के लिये धन प्रबंधन समाधान है**

द्वारा केजीएफएस ने लॉन्च किया संपूर्ण संपथ प्लान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। द्वारा केजीएफएस (क्षेत्रीय ग्रामीण फइनेंशियल सर्विसेज), जिसे पूर्व में आईएफएमआर रूरल चैनल्स कहा जाता था, ने आज द्वारा संपूर्ण संपथ प्लान के लॉन्च होने की घोषणा की है। यह छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और रायपुर के ग्रामीण परिवारों के लिये ''धन प्रबंधन'' समाधान हैं। इस नये उत्पाद का लक्ष्य वित्तीय योजना प्रदान करना और निवेश में विविधता लाना है। संपूर्ण संपथ प्लान के अंतर्गत दो योजनाएं हैं द्वारा धन शक्ति और द्वारा राज निधि। ये विभिन्न परिवारों के वहन करने की योग्यता के अनुसार हैं। इन्हें ग्रामीण वंचित वर्ग के जरूरतों तथा आकांक्षाओं को सहयोग करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिये

डिजाइन किया गया है। इस उत्पाद को ग्रामीण निर्धन परिवारों को एक व्यापक वित्तीय योजना के रूप में क्रेडिट, बचत, बीमा और निवेश उत्पाद उपलब्ध् कराने के एक लक्ष्यण के साथ लॉन्चत किया गया है। द्वारा ट्रस्ट के कार्यकारी वाइस चेयरपर्सन एवं ग्रुप प्रेसिडेन्ट समीर शाह ने कहा, ''हमें खुशी है कि द्वारा केजीएफएस द्वारा संपूर्ण संपथ को लॉन्च कर रहा है, जो देश के ग्रामीण परिवारों के लिये समाधानों का धन प्रबंधन समूह है। द्वारा में हम मानते हैं कि कम आय वाले परिवारों के लिये सर्वांगीण ग्राहक-केन्द्रित वित्तीय सेवाओं का प्रावधान उनके वित्तीय स्वास्थ्य को ठीक रखने का एकमात्र तरीका है, अन्यथा वे बचत एवं/अथवा बीमा के विकल्प के तौर पर ऋण (औपचारिक और अनौपचारिक) का उपयोग करेंगे। यह लॉन्च अधिक महत्वपूर्ण इसलिये है, क्योंकि इसमें उच्च स्तर की ग्रामीण वित्तीय सेवाओं का मिश्रण है और ग्राहक वर्गीकरण तथा मशीन लर्निंग के उच्च तकनीक का उपयोग किया गया है। इसका उद्देश्ये एक ऐसा समाधान बनाना है, जो परिवार विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप हों।''

इस अवसर पर द्वारा केजीएफएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जोबी सी. ओ. ने कहा, ''भारत की ग्रामीण आबादी को सूक्ष्म वित्त और धन प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लगभग 11 वर्षों में हमारी सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि छोटी राशि की बचत के लिये कोई स्थान नहीं है। हमने इसी जरूरत को ध्यान में रखकर बड़ी सावधानी से धन प्रबंधन उत्पाद- द्वारा संपूर्ण संपथ प्लान को विकसित किया है। हमें विश्वास है कि यह उत्पाद लोगों का धन उनके भविष्य के लिये बचाने में लंबी अवधि तक मददगार साबित होंगे।'' हर घर के पास बहुत कम या शून्य बचत होती है, इसलिये नया लॉन्च किया गया धन प्रबंधन उत्पाद सुनिश्चित करेगा कि गरीबों की आय सुरक्षित रहे। संपूर्ण संपथ प्लान के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में शामिल हैं पर्सनल एक्सी डेंट, हॉस्पिकैश इंश्योंस, ग्रुप टाइम लाइफ इंश्योलरेंस और गोल्ड एसआईपी। उत्पाद संपूर्ण संपथ प्लान को चार अवस्थाओं में स्ट्रनक्क किया गया है- योजना, वृद्धि, सुरक्षा और विविधता, ताकि वित्तीय रूप से अक्षम लोगों को सहयोग मिले।

सोना 43 हजार के पार, चांदी 600 रुपये उछली

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में भारी उछाल के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 700 रुपये की बड़ी छलांग लगाकर पहली बार 43 हजार रुपये के पार 43170 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान चाँदी 600 रुपये की तेजी लेकर 48,600 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 8.9 डॉलर चमककर 1,609.45 डॉलर प्रति औंस के भाव बिका। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 7.70 डॉलर चढ़कर 1,607.70 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.19 डॉलर बढ़कर 18.33 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। विश्लेषकों का कहना है कि

कोरोना वायरस के संक्रमण में हो हरे विस्तार के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के लिए कीमती धातुओं का रूख किया है जिसके कारण इनमें भारी तेजी आयी है। कल कारोबार बंद होने पर ही सोना करीब 1600 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया था। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 700रुपये चमककर देश के इतिहास में पहली बार 43 हजार रुपये के पार 43170 रुपये प्रति दस ग्राम पर पंहुच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी लेकर 43,000 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका।

आज का भविष्यफल

मेष : परिवार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों का विस्तार होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन नदी या जलाशय में स्नान से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

वृष : मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे, परन्तु बातचीत में संयत रहें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। नौकरी में इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

मिथुन : मन अशान्त रहेगा। मन अशान्त रहेगा। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। स्वास्थ?य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क : आत्मविश्वास में कमी आएगी। पिता को स्वास्थ विकार हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। नौकरी में कठिनाइयां आ सकती

सिंह : पठन-पाठन में रुचि रहेगी। मन अशान्त रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगें। रहन-सहन कष्टदायी हो सकता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

कन्या : शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। खर्चों की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला : पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। माता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक : कला एवं संगीत के प्रति रुझान रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगें। किसी सम्पत्ति को लेकर भाइयों से विवाद की स्थिति बन सकती है। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सेहत के प्रति सतर्क रहें। कारोबार में वृद्धि होगी।

धनु : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परन्तु स्थान परिवर्तन के योब बन रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है।

मकरः परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। संचित धन में कमी आ सकती है। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा कष्टमय हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ : मन में निराशा के भाव रहेगें। परिवार में कलह रहेगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। अधिक खर्चों से चिन्तित रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

मीन : परिवार की समस्याएं परेशान करेंगी। मानसिक शान्ति तो रहेगी, लेकिन स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. क्रीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



बारदाना कमी को लेकर 8 गांव के किसानों ने खरीदी केंद्र में किया चक्काजाम

अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम हटाया, बड़ी संख्या में गांव के किसान ट्रेक्टर ट्राली में धान लादकर पहुंचे थे खरीदी केन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। धान खरीदी अब महज 2 दिन शेष रह गए है।और किसानों की धान अब तक नही बेच पाए है। कही बारदाने की कमी या फिर कही किसानों की धान को लैम्पस प्रभारी द्वारा सीधे लेने से इंकार किए जाने को लेकर बारदेवरी लैम्पस में ट्रेक्टर में धान लेकर पहुँचे किसानों का गुस्सा उस समय फुट गया जब लैम्पस के खरीदी प्रभारी द्वारा किसानों के धान लेने से साफइंकार किए जाने के बाद तकरीबन 8 गॉव क्रिस्टिकुर कन्हारपुरी मैनपुर बारदेवरी पोटगाव कोदागांव रोड़े किरगोली से पहुंचे किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरकार के खिलाफ ज़मकर नारेबाजी कर चक्काजाम कर धान खरीदने की गुहार लगाते रहे।बारदेवरी में मौजूद 8 गांव के किसानों में पंचुराम नायक धनीराम आरदे लखन राम धुर्वा दिनेश नेताम बिरेश कैमरों तुलुराम राणा सियाराम मंडावी रामदयाल कोर्राम रोहित धनेलिया रामचंद्र मंडावी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने कहा की सरकार के द्वारा जारी आदेश अनुसार धान खरीदी केन्द्र में महज 2 दिन शेष बचे हुए है।इस स्थिति में बारदाने नही होने से किसानों को धान बेचने में बड़ी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है।

बारदाने के अभाव में किसान अपने ट्रेक्टर में खुला धान लेकर बारदेवरी के खरीदी केंद्र पहुंचे तो खरीदी प्रभारी द्वारा धान नही लेने की बात कही गई ।इस विकट स्थिति में किसान बेहद परेशान होते नज़र आ रहे है।किसानों ने धान नही लेने बारदाने नही होने की बात सुनते ही अपना आपा खो बैठे और बारदेवरी के सडक पर बैठकर किसानों की समस्या का निराकरण करने की मांग किया गया।इधर किसानों के चक्केजाम की घटना को सुन नायाब तहसीलदार ज्योत्स्ना कलिहारी और पुलिस की टीम पहुँचकर गुस्साए ग्रामीणों को सड़क से हटाकर उनकी मांग पुर्ण करने का आश्वासन दिया गया ।तब जाकर ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया गया ।इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

> बारदेवरी व आसपास के किसानों को बारदाने नही मिलने पर उग्र प्रदर्शन कर रहे थे ।जिन्हें आश्वासन देकर बारदाना व धान खरीदी को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है ।किसानों को जल्द बारदाना की व्यवस्था कर दिया जाएगा।
>
> **ज्योत्स्ना कलिहारी,** नायब तहसीलदार

> बारदेवरी खरीदी केंद्र में बारदाना की कमी की शिकायत नोडल अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था ।अधिकारियो का आगामी आदेश अनुसार कार्य किया जाएगा देवरी लैम्पस में बारदाने की कमी को लेकर किसानों का उग्र प्रदर्शन चक्का जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे।
>
> **पूरन आरदे,** बारदेवरी, धान खरीदी प्रभारी

14 किसानों की तारबाड़ी स्वीकृत होने के बाद राजनैतिक दबाव के चलते अस्वीकृत

नवप्रदेश संवाददाता

अब कलेक्टर ने फाइल रुकवाई जांच के दिये आदेश

दन्तेवाड़ा। कुआकोंडा ब्लाक के 14 किसानों के खेतों में तार-बाड़ी प्रशासन की तरफ से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले स्वीकृत हुये थे जिन्हें अचानक स्वीकृत लिस्ट से प्रशासन पर दबाव बनाकर कटवा दिया गया. जबकि प्रशासन ने पहले उन किसानों को पात्र पाया था. अचानक नाम कटने से पीड़ित परेशान किसान दन्तेवाड़ा कलेक्ट्रेट में पहुँचकर दन्तेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अलोक सचिदानंद और उद्यानकी विभाग के अधिकारियों से मिले।

जिन किसानों के नाम लिस्ट से कटे है वे सभी मैलेवाड़ा के चिमनीपारा और पदरपारा के कृषक है. पीड़ित किसानों के साथ कुआकोंडा जिला पंचायत सदस्य मालती नंदलाल मुड़ामी अधिकारियों से मुलाकात करने पहुँची थी। पीड़ित किसानों में जयराम ने जानकारी दी कि जानबूझकर परेशान करने के लिए कांग्रेस के क्षेत्रीय नेता की शिकायत के बाद से हमारे नाम प्रशासन ने काटे है. त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले मैलेवाड़ा के सरपंच सावन नाग ने स्वयं हितग्राहियों की लिस्ट चयन कर दी थी। मगर पंचायत चुनाव के बाद नाम कटवा दिया गया। जबकि आज भी जिन किसानों के मैलेवाड़ा में तारबाड़ी सेंगशन है उनमें अपात्र किसान भी शामिल है। हम प्रशासन से जांच की मांग करते है।

दन्तेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने पीड़ित किसानों और साथ मे मौजूद जनप्रतिनिधियों की समस्या सुनते ही फ़ाइल रोककर पुनर्परीक्षण का आदेश देते हुए किसानों को पूर्ण मदद देने की बात कही। इधर जिला पंचायत सीईओ आलोक सचिदानंद ने भी पुनः जांच कर पात्र अपात्र किसानों के चयन की बात कही। किसानों की समस्याओं को लेकर नंदलाल मुड़ामी और सुमित भदौरिया जिला पंचायत सदस्य के साथ मौजूद थे।

इन पीड़ित किसानों के नाम कटे

जयराम, सीताराम, कौशल,मुन्ना, कमल सिंह, नरसिंह, चमरू, सुंदरदई, शिवशंकर, रामसिंग, विजो लोकेंद्र, भरत कुमार और सोनादईं है। अगर पात्र किसानों को राजीनीति कर हटाया जा रहा है तो गलत है. इधर मालती नंदलाल मुड़ामी ने कहा हम किसानों के साथ खड़े है। और उन्हें मदद दिलाने का हर प्रयास करेंगे।

फरार 5 आरोपी नक्सली एवं 2 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

- थाना बासागुडा, केरिपु 168 की संयुक्त कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सली गश्त सर्चिंग, नक्सल आरोपियों एवं वारंटियों की पता तलाश में रवाना हुई थी। जरिये मुखबीर की सूचना पर तर्रेम के जंगल से थाना बासागुड़ा मे पंजीबद्ध अपराध के फरार 05 आरोपी एवं 02 स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया। आरोपी उईका शंभू पिता उईका भीमा उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया साकिन तर्रेम थाना बासागुड़ा, पुनेम बुधु पिता बक्का उम्र 26 वर्ष साकिन तर्रेम थाना बासगुड़ा, पुनेम मोटू पिता लखमू उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया साकिन कोरसागुड़ा थाना बासागुडा, सेमला पोदिया पिता सेमला पाण्डू उम्र 29 वर्ष साकिन कोरसागुड़ा, उक्त आरोपी थाना बासागुड़ा के अपराध क्रमांक 15/2019 में शामिल थे जो पुलिस पार्टी पर सारकेगुड़ा एवं तर्रेम के मध्य विस्फोट करने की घटना में शामिल थे। आरोपी उईके शंभु द्वारा विस्फोटक सामग्री एवं उपकरण डम्प कर रखने बताये जाने पर मेमोरण्डम पर तर्रेम जंगल से विस्फोटक सामग्री एवं उपकरण बरामद किया गया। उईका सुकमा पिता उईका कन्ना उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया साकिन तर्रेम थाना बासागुड़ा के अपराध क्रमांक अपराध क्रमांक 14/2019 में शामिल थे जो ग्राम तर्रेम के ग्रामीण को पुलिस-मुखबीरी के शक में हत्या कर दिये थे। इसके अलावा 2 स्थाई वारंटी ओयाम सोमलु पिता बैरा उम्र 24 वर्ष के विरुद्ध 1 स्थाई वारंट और डोडी आयतु पिता पाण्डु उम्र 38 के विरुद्ध 3 स्थाई वारंट लंबित पाया गया। थाना भोपालपटनम के द्वारा की गई कार्यवाही मे 1 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण मे गिरफ्तार आरोपी व स्थाई वारंटियो को न्यायालय पेश किया गया।

नकुलनार में धान खरीदी की शिकायत के बाद किसानों ने दिया धरना की नारेबाजी

- कल होगा उग्र प्रदर्शन

दन्तेवाड़ा। छग में समर्थन मूल्य में खरीदे जा रहे धान में बीते महीने भर बारदाने की कमी से किसान धान नही बेच पाये, साथ ही 20 फरवरी को धान खरीदी की आख़री तिथी भी है जिसको लेकर क्षेत्र भर के किसान चिंतित है। इसी खरीदी के विरोध में नकुलनार धान खरीदी उपार्जन केंद्र में कुआकोंडा विकासखण्ड के सैकड़ो किसानों के साथ क्षेत्रभर के भाजपा के जनप्रतिनिधी जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य किसानों की आवाज बुलंद करने पहुँचे हुये थे। भूपेश सरकार होश में आओ, खरीदी की तारीख बढ़ानी होगी जैसे नारे जमकर लगाये गये। किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य मालती नन्द लाल मुडामी ,जिला पंचायत सदस्य पायके मरकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदलाल मुड़ामी, जनपद सदस्य लक्ष्मी लेकाम,भीमा कवासी जनपद सदस्य, बीरेंद्र तामो जनपद सदस्य,कटेकल्यान जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र सोरी और नकुलनार की सरपंच रंजना कश्यप ,पालनार सरपंच सुकालू मुडामी,सुनील कोरिरास सरपंच,सोमडु ,के साथ तमाम ब्लाक स्तरीय प्रमुख नेता थे। जिन्होंने जमकर सरकार की धान खरीदी को लेकर रीति नीति का प्रखर विरोध किया।

जानकारी के लिए बता दे कि दन्तेवाड़ा जिले के हर हिस्से से जमकर विरोध हो रहा है इतना ही नही राज्य के कई हिस्सों में उग्र प्रदर्शन किसान करते हुए सड़क में बैठ कर आवाज दे रहे है। नंदलाल मुड़ामी ने कहा कांग्रेस सरकार वैसे भी जनता के विरोध में कोई कसर नही छोड़ी है। किसानों के प्रदर्शन में हमारा पूरा साथ है। कल उग्र आंदोलन भी इसी कुआकोंडा ने होगा। अगर सरकार नही मानेगी।

जिले की सभी छह तहसीलों में खोले जाएंगे फूड पार्क स्थानीय को मिलेगा रोजगार: कवासी लखमा

- उद्योग मंत्री ने जिला स्तरीय संगोष्ठी में की घोषणा, सीमेन्ट कम्पनियों में स्थानीय और बाहरी
- कर्मचारियों की रिपोर्ट देने उद्योग मंत्री के निर्देश,
- स्वरोजगार के लिए 6 हितग्राहियों को साढ़े 25 लाख के चेक वितरित

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। राज्य सरकार के उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा है कि जिले के सभी 6 तहसीलों - बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल एवं बिलाईगढ़ में फूड पार्क खोले जाएंगे। स्थानीय स्तर पर उत्पादित खाद्य पदार्थों का प्रसंस्करण कर इनमें नये उत्पाद बनायें जाएंगे। इन उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिलेगा। श्री लखमा आज यहां जिला मुख्यालय में औद्योगिक विकास पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए इस आशय की घोषणा की है। उन्होंने जिले की बड़ी सीमेन्ट कम्पनियों को नौकरी देने के मामले में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा किये जाने पर गहरी नाराजगी प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन को हर सीमेन्ट कम्पनी में काम करने वाले लोगों की समीक्षा कर रिपोर्ट देने को कहा है। छोटे-बड़े हर स्तर पर स्थानीय लोगों की संख्या का आकलन के बाद कड़े निर्णय लिये जाएंगे। उद्योग मंत्री श्री लखमा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत चयनित 6 हितग्राहियों को साढ़े 25 लाख रूपये राशि के चेक वितरीत किये। संगोष्ठी में विधायक भाटापारा श्री शिवरतन शर्मा,विधायक बलौदाबाजार श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उद्योग संचालक श्री अनिल टुटेजा, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यवसायी, नवउद्यमी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री श्री लखमा ने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में छोटे-बड़े लगभग 6 सौ उद्योग हैं। इनमें केवल 10 उद्योग बड़े उद्योगों की श्रेणी में आती हैं। श्री लखमा ने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले उद्योग राज्य सरकार की प्राथमिकता में हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों की अपेक्षा छोटे उद्योगों से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक तहसील में फूड पार्क उद्योग खोले जाएंगे। इनमें उद्योग लगाने के इच्छुक सभी लोगों को बिजली, पानी,सड़क आदि बुनियादी सुविधायें मुहैया कराई जाएंगी। श्री लखमा ने बताया कि राज्य सरकार ने उद्योग लगाने के इच्छुक युवाओं को हर तरह के सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए लोगों को अनेक प्रकार की एनआसी की जरूरत होती है। विभाग ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि बिजली, पानी, पर्यावरण आदि तमाम एनओसी एक महीने के भीतर दिलाया जायेगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विश्वव्यापी मंदी का डटकर सामना किया है। हमने किसानों के धान 2500 रूपये में और तेन्दूपत्ता 4 हजार रूपये मानक बोरा में खरीदे हैं। इससे किसान एवं गरीब के हाथ में रकम गया। इसका असर यह हुआ कि उन्होंने खूब खरीददारी की और राज्य में मंदी का पता ही नहीं चला, बल्कि अन्य सालों की तुलना में मोटर-गाड़ी और गहने ज्यादा मात्रा में विक्रय हुये हैं।